गरिमामयी परम्परा के १०७ वर्ष

Facebook आज आगरा
E-Paper ऑन लाइन पढ़ने के लिए वेवसाइड पर क्लिक करें

भाजन

www.ajhindidaily.com

हिन्दी जगत में सर्वाधिक लोकप्रिय
मध्यप्रदेश-राजस्थान संस्करण

★
संस्करण पृष्ठ १२

मूल्य ₹ ६



आगरा, 22 अक्टूबर 2026, गुरुवार, वर्ष 40 अंक 279 सौर 26 आश्विन शुक्ल पक्ष एकादशी सं. 2083 वि.

वाराणसी, गोरखपुर, इलाहाबाद (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना, रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

यूपी:पुलिसकर्मियों को दिवाली गिफ्ट, सरकार ने बढ़ाया भत्ता

लखनऊ, २१ अक्टूबर। पुलिस स्मृति दिवस पर लखनऊ पुलिस लाइन पहुंचे सीएम योगी ने पुलिस कर्मियों को लेकर तीन बड़ी घोषणाएं की। सीएम योगी ने पीपीएस अफसरों की वर्दी, बाइक, मोबाइल सिम भत्ता बढ़ाने का ऐलान किया। सीएम योगी ने पीपीएस अफसरों की वर्दी भत्ता बढ़ाया है। पीपीएस अफसरों को अब 6400 की जगह 15 हजार रुपये वर्दी भत्ता दिया जाएगा। इसके अलावा सीएम योगी ने फील्ड में रहने वाले उपनिरीक्षक और निरीक्षक के लिए मोटरसाइकिल भत्ता भी बढ़ा दिया है। इन्हें अब 1000 मोटरसाइकिल का भत्ता दिया जाएगा।



सीएम योगी ने मुख्य आरक्षी और सिपाही को मोबाइल सिम का भत्ता दो हजार से बढ़ाकर ढाई हजार रुपये कर दिया गया है। सीएम योगी ने की इन तीन घोषणों से पुलिसकर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। पुलिस भर्ती को लेकर सीएम योगी ने कहा, पहले पुलिस के हजारों पद खाली पड़े थे। हमने पुलिस कर्मियों को बेहतर संसाधन दिए। हमने प्रशिक्षण क्षमता बढ़ाई। बिना भेदभाव के दो लाख से अधिक भर्तियां की हैं। अब यूपी पुलिस में 45 हजार महिला पुलिसकर्मी है, जो पहले 10 हजार थी।

सीएम योगी ने 2017 से पहले की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया। विपक्ष पर हमलावर हुए सीएम योगी ने कहा, नए उत्तर प्रदेश में कानून से ऊपर कोई नहीं है। 2017 से पहले यूपी में माफिया राज था। पुलिस को अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने की मिली स्वतंत्रता के कारण प्रदेश उपद्रव से उत्सव का प्रदेश बन पाया है। सीएम योगी ने कहा, आज अपराधियों को पता है कि यूपी में उसका आखिरी ठिकाना कहां है।

देश की एकता, मान-सम्मान और संस्कृति के दुश्मनों से मिलकर लड़ना होगा-मोदी



नयी दिल्ली, २१ अक्टूबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजयादशमी के अवसर पर देश की एकता, मान-सम्मान और संस्कृति को चुनौती देने वाली ताकतों के खिलाफ एकजुट होकर मुकाबला करने का आह्वान किया। दिल्ली के आईपी एक्सटेंशन स्थित डीडीए उत्सव ग्राउंड में रावण दहन के बाद अपने संबोधन में उन्होंने देश के सामने मौजूद तीन प्रमुख चुनौतियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश के मान-सम्मान को नुकसान पहुंचाने वाली ताकतों, समाज में फूट डालने वाले लोगों और भारतीय संस्कृति से नफरत करने वाली सोच का मिलकर सामना करना होगा। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विजयादशमी अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। यह पर्व भगवान राम के आदर्शों और उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने राम राज्य की अवधारणा का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका अर्थ ऐसा शासन है, जहां किसी के साथ भेदभाव न हो, सभी को न्याय मिले और हर व्यक्ति को आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त हों। उन्होंने गरीबों और वंचितों की सेवा को भी महत्वपूर्ण बताया। मोदी ने विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए देशवासियों से सामूहिक प्रयास करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश को अपनी क्षमता और संसाधनों पर भरोसा करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। लोगों की भागीदारी और मेहनत से बड़े लक्ष्यों को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विजयादशमी का संदेश बुराई के खिलाफ खड़े होने, सही रास्ते पर चलने और चुनौतियों का सामना साहस व एकजुटता के साथ करने की प्रेरणा देता है।



राहुल के वियतनाम जाने के दावे पर सियासत तेज, भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

नयी दिल्ली, २१ अक्टूबर। देशभर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी राजनीतिक विवाद के बीच भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वियतनाम जाने का दावा करते हुए उन पर निशाना साधा है। भाजपा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर विमान के अंदर का एक वीडियो साझा किया और तंज कसते हुए राहुल गांधी पर झूठ फैलाने के बाद छुट्टी मनाने जाने का आरोप लगाया। हालांकि, वीडियो में दिखाई दे रहे व्यक्ति की पहचान और विमान के वियतनाम जाने की स्वतंत्र पुष्टि नहीं



हुई है। भाजपा ने वीडियो के साथ लिखा, झूठ फैलाते-फैलाते थक गया। कुछ दिन वियतनाम घूम आता हूं, किसी को क्या ही पता चलेगा। पार्टी ने वीडियो में दिख रहे व्यक्ति को राहुल गांधी बताया। भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह ने दावा किया कि राहुल बिहार में यात्रा के बाद भी वियतनाम गए थे। वहीं, भाजपा नेता शाजिया इल्मी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी राजनीतिक काम का दबाव नहीं सह पाते और कुछ समय बाद छुट्टी पर चले जाते हैं।

भाजपा के आरोपों पर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने पलटवार करते हुए सवाल किया कि राहुल गांधी कहां जाते हैं और कब विदेश यात्रा करते हैं, इसे राजनीतिक मुद्दा क्यों बनाया जा रहा है? उन्होंने कहा कि राहुल विदेश में येल विश्वविद्यालय और लंदन में छात्रों तथा बुद्धिजीवियों से बातचीत करते हैं और मीडिया को साक्षात्कार भी देते हैं।

देवरिया : झोपड़ी में आग लगने से पिता-दो बच्चों की मौत

देवरिया, २१ अक्टूबर। उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद में भटनी थाना क्षेत्र के नोनापार गांव में मंगलवार की रात झोपड़ी में आग लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। मृतकों में 32 वर्षीय जितेंद्र, बालकिशन और तीन वर्षीय बच्ची शनि शामिल हैं। हादसे में जितेंद्र की पत्नी लीला गंभीर रूप से झुलस गईं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। घटना के बाद गांव में मातम छा गया। क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी मनोज कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात करीब डेढ़ बजे नोनापार गांव में एक झोपड़ी में आग लगने की सूचना मिली।

सीजेपी के सौरव-रांका को मिली जमानत

नयी दिल्ली, २१ अक्टूबर। दिल्ली एसईएम कोर्ट ने सीजेपी नेताओं सौरव दास और आशुतोष रांका की न्यायिक हिरासत पर अपना आदेश सुरक्षित रखा। जिसके बाद कोर्ट ने दोनों नेताओं को जमानत दे दी है। दिल्ली पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेताओं सौरव दास और आशुतोष रंका की न्यायिक हिरासत तीन दिन बढ़ाने की मांग की थी। दोनों को बुधवार को विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट (एसईएम) के समक्ष पेश किया गया था। दो दिन पहले सीजेपी के सह-संयोजक सौरव दास और आशुतोष रांका की न्यायिक हिरासत दो दिन और बढ़ा दी गई थी। दिल्ली हाई कोर्ट में दायर इस याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने रांका और दास के वकीलों को सुझाव दिया था कि वो बुधवार को स्पेशल एग्ज़ीक्यूटिव मजिस्ट्रेट के सामने होने वाली सुनवाई का इंतजार करें।

इंटरनेट का इस्तेमाल मौलिक अधिकार, बाल यौन शोषण सामग्री हटाने के लिए बनेगा राष्ट्रीय डेटाबेस



नयी दिल्ली, २१ अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनेट तक पहुंच और उसके इस्तेमाल को बच्चों समेत प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार बताते हुए केंद्र सरकार को बाल यौन शोषण एवं दुर्व्यवहार सामग्री (सी-सीम) की पहचान और उसे हटाने के लिए राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने का निर्देश दिया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने सोशल मीडिया खातों में बच्चों के लिए ह्यचाइल्ड मोडह्व शुरू करने का सुझाव भी दिया, जिसमें अभिभावकों की सहमति और निगरानी सुनिश्चित की जाए।

अदालत ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बच्चों की सुरक्षा के नाम पर उन्हें इंटरनेट से पूरी तरह वंचित नहीं किया जा सकता। राष्ट्रीय डेटाबेस में शामिल सामग्री की कम से कम तीन प्रशिक्षित विशेषज्ञों से स्वतंत्र जांच कराई जाएगी। डेटाबेस से मेल खाने वाली बाल यौन शोषण सामग्री को डिजिटल प्लेटफॉर्म को तत्काल हटाना होगा। केंद्र सरकार को इस संबंध में दिशा-निर्देश और मानक संचालन प्रक्रियाएं तैयार करने के साथ कानून में जरूरी संशोधन करने का भी निर्देश दिया गया है।

पीठ ने केंद्र और राज्य सरकारों तथा बाल अधिकार संरक्षण आयोगों को बच्चों को ऑनलाइन निजता की सुरक्षा, बहलाकर शोषण के जाल में फंसाने और यौन शोषण के लिए ब्लैकमेल करने जैसी गतिविधियों के प्रति जागरूक करने के कदम उठाने को कहा। अदालत ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा और उनकी स्वतंत्रता एक-दूसरे के विरोध में नहीं हैं।

पाक से यूएस के रिश्ते भारत की कीमत पर नहीं होंगे-मार्को रुबियो




नयी दिल्ली, २१ अक्टूबर। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के साथ अपने देश के संबंधों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान या दुनिया के किसी भी अन्य देश के साथ अमेरिका के रिश्ते भारत के साथ उसके संबंधों की कीमत पर नहीं होंगे। रुबियो ने यह बात वाशिंगटन और इस्लामाबाद के बीच बढ़ते संपर्कों को लेकर उठाए गए सवाल के जवाब में कही। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत के साथ अपने संबंधों को किसी दूसरे देश के साथ रिश्तों के मुकाबले के तौर पर नहीं देखता।

बुधवार को एक इंटरव्यू में रुबियो से पूछा गया कि क्या अमेरिका और पाकिस्तान के बीच बढ़ते संबंध 1970 के दशक की स्थिति की याद दिलाते हैं, जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हेनरी किसिंजर पर पाकिस्तान की ओर झुकाव रखने के आरोप लगे थे। इस पर रुबियो ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां उस दौर से काफी अलग हैं और आज की दुनिया को 1970 के दशक के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए।

रुबियो ने कहा कि पाकिस्तान उन देशों में शामिल है, जिनके साथ अमेरिका के संबंध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन संबंधों का इस्तेमाल संभावित संघर्षों को रोकने और तनाव कम करने के लिए किया जा सकता है। उनके मुताबिक, अलग-अलग देशों के साथ संबंधों में संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह अमेरिकी विदेश नीति का हिस्सा होना चाहिए। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर रुबियो ने कहा कि दोनों देश डील को अंतिम रूप देने के काफी करीब हैं। कुछ मुद्दों पर अभी काम बाकी है।









लापरवाही पर कार्रवाई: अमित ट्रेडर्स को स्ट्रीट लाइट न लगाना पड़ा भारी, हर रोज लगेगा 10 लाख का जुर्माना

नगर आयुक्त ने दी भुगतान रोकने की चेतावनी



अलीगढ़। नगर आयुक्त ने सीएम ग्रिड की फेज-1, फेज-2 की सड़कों के निरीक्षण में पायी लापरवाही, कमियों, निर्माण कार्यों में निम्न गुणवत्ता अनुचित वर्कमैनशिप निर्देशों की अवहेलना एवं कार्यों में विलंब के मामलों पर सख्त एक्शन लेते हुए 32 लाख से अधिक का जुर्माना भी लगाने की कार्रवाई की। संबंधित फर्मों को चेतावनी देते हुए सुधार के निर्देश भी दिए गए हैं।

17 अक्टूबर को सीएम ग्रिड फेज-2 (वित्तीय वर्ष 2024-25) के पैकेज 2 से सभी सड़कों पर स्ट्रीट लाइट लगाने का काम तत्काल शुरू न करने पर प्रत्येक मार्ग पर प्रत्येक दिवस 10 लाख रुपए का अर्थ दंड नगर आयुक्त द्वारा लगाया। 6 अक्टूबर को सीएम ग्रिड फेज-1 पैकेज 2 वित्तीय वर्ष 2023-24 के तहत वार्ड 10, 27, 60, 68, 87 में रेलवे रोड पर जीटी रोड स्थित महारा. जा पैलेस से अब्दुल करीम चौराहे, जामा मस्जिद होते हुए खटीकान चौराहे तक जा रहे निर्माण कार्य में निम्न गुणवत्ता विलंब एवं कार्य में लापरवाही बरतने पर 10 लाख का अर्थ दंड किया।

सीएम ग्रिड फेज-2 (वित्तीय वर्ष 2024-25) में रामघाट रोड स्थित एडीए ऑफिस से स्वर्ण जयंती नगर होते हुए क्वार्सी बाईपास तक सड़क के समेकित विकास एवं उन्नयन कार्य में निम्न गुणवत्ता के पेवर ब्लॉक्स के प्रयोग का मामला सामने आया। दिनांक 23 सितंबर को किए स्थलीय निरीक्षण में द्वितीय श्रेणी के गुणवत्ता वाले, टूटे किनारों के पेवर ब्लॉक्स मिले। पहले भी फर्म को निर्देश दिए थे। सुधार न होने पर फर्म पर 2 लाख का अर्थदंड लगाया और खराब पेवर ब्लॉक्स हटाकर दूसरे लगाने के निर्देश दिए। इसी फर्म को 6 अक्टूबर को जारी नोटिस में एडीए रोड से स्वर्ण जयंती नगर होते हुए क्वार्सी बाईपास तक सड़क निर्माण कार्य में निम्न गुणवत्ता, अनुचित वर्कमैनशिप के दृष्टिगत 5 लाख का जुर्माना लगाया।

सीएम ग्रिड फेज-2 (वित्तीय वर्ष 2024-25) के तहत वार्ड संख्या आठ, नौ में रघुवीरपुरी के मेन रोड से सत्यप्रकाश के आवास से फायर स्टेशन तक गेट के सामने सड़क के समेकित विकास, उन्नयन कार्य में गुणवत्ता संबंधी कमियां मिलने पर कार्रवाई की। 14 सितंबर को जारी पत्र के माध्यम से पेवर ब्लॉक फिक्सिंग कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद 5 अक्टूबर को निरीक्षण में इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य निर्धारित तकनीकी विशिष्टताओं के हिसाब से नहीं पाया। इस पर संबंधित फर्म पर 5 लाख का अर्थदंड लगाया और इंटरलॉकिंग कार्य की गुणवत्ता में संतोषजनक सुधार होने तक भुगतान न करने की चेतावनी दी।

कृषि फार्म चुंगी से केला नगर चौराहा होते हुए खंजाची गार्डन, दोदपुर तक सड़क के समेकित विकास एवं उन्नयन कार्य में निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं होने पर अनुबंध समाप्ति एवं ब्लैकलिस्टिंग की चेतावनी जारी की। सीएम ग्रिड परियोजना में आरसीसी ड्रेन, बिटुमिनस प्लांट, इलेक्ट्रिकल शिफ्टिंग, अंडरग्राउंडिंग कार्यों में धीमी प्रगति, सामग्री संबंधी कमियों पर सुधारने के निर्देश दिए।

पुलिस स्मृति दिवस पर याद किए शहीद, पुलिस लाइन में DIG, SSP ने दी सलामी



अलीगढ़। पुलिस स्मृति दिवस पर डीआइजी अलीगढ़ रेंज, एसएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में कर्तव्य परायणता के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों को सलामी देकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

भारत की उत्तरी सीमा लद्दाख का जनहीन क्षेत्र 15 हजार फिट से ऊँची बर्फ से ढ़के पर्वतों, दर्रों के बीच जहाँ कि सामान्य नागरिक सुविधाओं के उपलब्ध होने की कल्पना तक नहीं की जा सकती, वहाँ सदैव की भाँति उस दिन भी देश की सीमा के सजग प्रहरी "केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल" के जवान अपने नियमित गश्त पर निकले थे। गश्त के दौरान अचानक उन्हें लगा कि वे शत्रु से घिर चुके हैं। चीनी सैनिकों ने छल से हमारे क्षेत्र में आकर सिपाहियों को पकड़ने के लिये एंबुश लगाया था। चीनियों ने दावा किया कि वह क्षेत्र उनका है पर भारतीय पुलिस के जवान, जो कि अपने परिजनों को छोड़ सुख सुविधा से दूर उस निर्जन क्षेत्र में मातृभूमि की रक्षा का प्रण लेकर आये थे, अपनी मातृभूमि का एक इंच टुकड़ा भी शत्रु को कैसे सोंप देते। प्राण देकर भी मातृभूमि की रक्षा करने की भारतीय बहादुरों की परम्परा पर उन्होंने आंच नहीं आने दी तथा साधारण शस्त्रों के सहारे ही ये जवान स्वचालित रायफलों व मोर्टारों से लैस चीनियों से भिड़ गये इस प्रकार भारतीय पुलिस के 10 बहादुर जवानों ने मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दी।"

1 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक की अवधि में संपूर्ण भारत में कर्तव्य की वेदी पर 154 पुलिसजनों द्वारा प्राण न्यौछावर किये इनमें यूपी के छह पुलिस जिनमें एसआई मोहित कुमार, सत्यभान सिंह, सिपाही अशोक कुमार, प्रदीप कुमार, फायर सर्विस चालक तीरथपाल, फायरमैन सिपाही रोहित यादव हैं। कर्तव्य पालन में बलिदान करने वाले वीरों के पराक्रम से प्रदेश का पुलिस बल गौरवांवित है। पुलिस स्मृति दिवस पर डीआईजी, एसएसपी ने शहीद पुलिसकर्मियों के परि. जनों को सम्मानित किया।

इस दौरान एसपी सिटी आदित्य बंसल, एसपी देहात मनीष कुमार सिंह, एसपी ट्रैफिक प्रवीण कुमार, एसपी अपराध ममता कुरील, सहायक पुलिस अधीक्षक श्रष्टि जैन आदि मौजूद रहे।

कल होगा एमएलसी चुनाव को मतदान

आज पोलिंग पार्टियों की होगी रवानगी

अलीगढ़। जिले में आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक चुनाव क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन के लिए शुक्रवार को जिले में 36864 स्नातक मतदाता और 7047 शिक्षक मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पोलिंग पार्टियां 22 अक्टूबर को नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज से गंतव्य के लिए प्रस्थान करेंगी।

डीइओ अविनाश कुमार ने बताया कि मतदान के लिए जिले में 67 मतदेय स्थल बनाए। उन्होंने बताया कि जिले में स्नातक चुनाव को 37 मुख्य, 11 सहायक मतदेय स्थल सहित करीब 48, शिक्षक चुनाव को 19 मुख्य मतदेय स्थलों सहित दोनों चुनाव क्षेत्रों को 67 मतदेय स्थल निर्धारित हैं। मतदान 23 अक्टूबर को प्रातः 08 बजे से सांय 04 बजे तक होगा। संपूर्ण निर्चावन प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए रिजर्व कार्मिकों से 296 मतदान कार्मिक लगाए गए हैं।

शिक्षक मतदाताओं के मतदेय स्थल

क्षेत्र पंचायत कार्यालय अकराबाद, केएमबी. इंटर कालेज अतरौली, रघुनंदन इंटर कॉलेज छर्रा, पाली इंटर कालेज पाली मुकीमपुर बिजौली, खैर इंटर कालेज खैर, पटेल स्मारक इंटर कालेज जट्टारी, गांधी इंटर कालेज चंडौस, क्षेत्र पंचायत कार्यालय इगलास, क्षेत्र पंचायत कार्यालय गौंडा, क्षेत्र पंचायत कार्यालय लोधा, क्षेत्र पंचायत कार्यालय जवां, क्षेत्र पंचायत कार्यालय धनीपुर, अग्रसेन इंटर कॉलेज हरदुआगंज, लेफ्टिनेंट नाहर सिंह इंटर कॉलेज क्वासी, डीएस डिग्री कॉलेज, जाकिर हुसैन सिनियर सैकंड्री स्कूल दोदपुर, सिटी हाईस्कूल तहसील कोल, महेश्वरी कन्या इंटर कालेज मदार गेट आगरा रोड, रघुवीर सहाय इंटर कालेज आगरा रोड।

स्नातक मतदाताओं के मतदेय स्थल

क्षेत्र पंचायत कार्यालय अकराबाद, केएमबी इंटर कालेज अतरौली, उत्तम सिंह इंटर कॉलेज जिरौली धूमसिंह अतरौली, रघुनंदन इंटर कॉलेज कक्ष दो, 03 छर्रा, पाली इंटर कॉलेज पाली मुकीमपुर बिजौली, खैर इंटर कॉलेज खैर, कक्ष 02 व 03, पटेल स्मारक इंटर कॉलेज जट्टारी, गाँधी इंटर कॉलेज चंडौस कक्ष 02 व 03, क्षेत्र पंचायत कार्यालय इगलास, संकरानंद इंटर कॉलेज इगलास, क्षेत्र पंचायत कार्यालय गौंडा, क्षेत्र पंचायत कार्यालय लोधा, क्षेत्र पंचायत कार्यालय जवां सिकंदरपुर, क्षेत्र पंचायत कार्यालय धनीपुर कक्ष 02 व 03, अग्रसैन इंटर कालेज हरदुआगंज, लेफ्टीनेंट नाहर सिंह इंटर कॉलेज क्वार्सी, धर्म समाज डिग्री कॉलेज जी०टी रोड, गृहनिर्माण समिति कन्या इंटर कॉलेज बेला मार्ग विष्णुपुरी कक्ष संख्या 01, 02 व 03, डीएबी. इंटर कॉलेज एक-दो, टीआर कन्या इंटर कॉलेज, संत फिदैलिस पब्लिक स्कूल रामघाट रोड, जिला कृषि अधिकारी कार्यालय रामघाट रोड बेगपुर, एसएमवी. इंटर कॉलेज श्यामनगर, जाकिर हुसैन सीनियर सैकेंड्री स्कूल दोदपुर, नौरंगी लाल राजकीय इंटर कालेज, मिंटो सर्किल स्कूल जमालपुर माफी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई. रोड, सुभाष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैर रोड नगला मसानी, सिटी हाई स्कूल कक्ष 02, 03 व 04, उदय सिंह जैन कन्या इण्टर कॉलेज, निकंजय मांटेसरी स्कूल छतारी कम्पाउंड रसलगंज, लुतफिया इंटर कॉलेज ऊपर कोट, महेश्वरी कन्या इंटर कॉलेज मदारगेट-आगरा रोड, रघुवीर सहाय इंटर कालेज आगरा रोड कक्ष 02 व 03, राजकीय कन्या इंटर कालेज सराय मान सिंह, महेश्वरी इंटर कॉलेज कक्ष 01 व 02, बिहारी लाल इंटर कालेज।

आज कल बंद रहेगी धनीपुर मंडी

अलीगढ़। एमएलसी चुनाव की सुरक्षा के दृष्टिगत धनीपुर मंडी गुरूवार, शुक्रवार को बंद रहेगी। यह जानकारी सचिव मंडी मुकेश त्रिपाठी ने दी।

आजाद हिंद फौज ने विश्व को दिखाया कि देश की आवाम हथियारों से भी लड़कर ले सकती है आजादी: विवेक बंसल



अलीगढ़। आजाद हिंद सभा, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के तत्वाधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा 21 अक्टूबर 1943 को स्थापित आजाद हिंद सरकार का 83वां स्थापना दिवस नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर आयोजित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सलामी दी।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए आजाद हिंद सभा अध्यक्ष डॉ राकेश सक्सैना ने कहा कि आज ही के दिन 1943 में सिंगा. पुर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद सरकार की स्थापना की थी इस सरकार की अपनी फौज आजाद हिंद फौज थी। इस सरकार की अपनी मुद्रा, अपना बैंक और डाक टिकट भी जारी की गई। नेता. जी का यह मानना था कि द्वितीय विश्व युद्ध 1938 से 45 के परिणाम भारत की स्वतंत्रता की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेंगे। नेताजी द्वारा स्थापित इस सरकार को जापान, जर्मनी, इटली, फिलीपींस, कोरिया, चीन, आयरलैंड सहित 9 देशों ने मान्यता दे दी थी। 30 दिसंबर 1943 को नेताजी ने पोर्ट ब्लेयर में तिरंगा झंडा लहराकर देश में आजादी का परचम फहरा दिया और इन दीपों का नाम शहीद और स्वराज रखा।

मुख्य अतिथि कांग्रेस के पूर्व विधायक विवेक बंसल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस विलक्षण प्रतिभा के धनी थे उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी आजाद हिंद फौज की स्थापना कर विश्व को यह दिखाया कि हिंदुस्तान का आवाम आजादी के लिए केवल अहिंसा के रास्ते से ही नहीं वरन शस्त्रों से लड़कर भी आजादी प्राप्त करने में अग्रिम है।

अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय महासचिव एवं आजाद हिंद सभा महासा. चव ठा. गवेंद्र सिंह ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस अपने आप में एक विचार थे जो समा. जवादी विचारधारा से ओत प्रोत थे।

इस दौरान पूर्व मंत्री राम प्रसाद देशमुख के बेटे पूरन चंद देशमुख, जिला पंचायत सदस्य विजेंद्र सिंह यादव, पूर्व पार्षद विजय प्रताप प्रजापति, ट्रेड यूनियन नेता सुधीर सक्सेना, पत्रकार संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर आरिफ अली खान, रजनी रावत, शकील कुरेशी, मुजीब उर रहमान एडवोकेट, प्रदीप कुमार एडवोकेट, फिरोज अहमद, शिव कुमार, अनीश खान, तबस्सुम, तनवीर अहमद, तैयब अहमद, राकेश चौधरी, गया प्रसाद गिर्राज, संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

विधान परिषद चुनाव को लेकर की पुलिस लाइन में ब्रीफिंग



अलीगढ़। डीएम, एसएसपी ने यूपी विधान परिषद खंड स्नातक, खंड शिक्षक द्विवार्षिक निर्वाचन संपन्न कराने के लिए चुनाव ड्यूटी में तैनात प्रशास. निक, पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों की पुलिस लाइन में ब्रीफिंग की।

ब्रीफिंग में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्धारित ड्यूटी स्थल पर समय से पहुंचने, पूरी तरह से सतर्कता, जिम्मेदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने, चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण बनाए रखने को निर्देश दिए। चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए। पुलिसकर्मियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित ड्यूटी प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने, आपसी समन्वय बनाए रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बकाया रुपया मांगने पर दबंगों ने सरियों से पीटा, केस दर्ज

खैर। कोतवाली के गांव सभापुर में गेहूँ निकासी के रूपया मांगने पर नामजदों द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में तीन नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कराया गया है।

गांव सभापुर के प्रवेश कुमार के अनुसार 19 अक्टूबर को अपने पिता के कहने पर गेहूँ निकासी के रूपया लेने के लिए बिरौला निवासी सत्यकुमार पुत्र सौदान सिंह के घर गया था। तो सत्यकुमार ने भारत गैस एजेन्सी के सामने रहने वाले दो युवकों के पास रूपया लेने के लिए भेज दिया। वहां जाने पर पहले से मौजूद नामजदों ने घेर लिया तथा लाठी डंडा व लोहे की सरियों से पीटा।

चीख पुकार सुनकर अन्य लोग बचाने आए तो नामजदों ने उन्हें भी पीटना शुरू कर दिया। सिर से खून निकलता देख नामजदों ने पानी से जबरिया खून साफ कराया। इसी बीच अन्य लोग आ गए। जिन्हें आता देख नामजद अपनी थार कार नं0 डीएल 1 सीएडी 7000 में बैठकर भाग गए। पीडित की तहरीर पर पुष्पेन्द्र व हरेन्द्र पुत्रगण किरन सिंह व तीन अज्ञात के खिलाफ कोतवाली खैर में सुंसगत धाराओं में अभियोग दर्ज कराया गया है। एसएचओ राजीव चौधरी ने मामले की जांच एसआई संजीव कुमार को सोंपकर कार्रवाही के निर्देश दिए है।

मेला कमेटी से लोगों से मारपीट कर छीने 45 हजार

खैर। महर्षि भगवान बाल्मीकि मेले के पदाधिकारी व सहयोगियों से मारपीट कर 45000 हजार रूपया छीनने का मामला प्रकाश में आया है। पीडित की तहरीर पर दो नामजद एवं अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कराया गया है।

माता मोहल्ला निवासी लवली 19 अक्टूबर की शाम को मेला हेतु चंदा एकत्रित कर अपने साथी भरत चंदेल और अमित चौहान के साथ लौट रहे थे। तभी कन्या महाविद्यालय के निकट नामजद एक रिक्शा चालक को पीट रहे थे। सहानुभूति में रिक्शा चालक को बचाने का प्रयास किया तो इसी बीच आरोपित हमलावर हो गए तथा मारपीट करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें पीडित व भरत चंदेल को काफी चोटें आई। साथ ही नामजदों ने गाली गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया तथा चंदे के 45 हजार रूपया निकाल लिए। पीडित की तहरीर पर सौम्य कुशवाहा, मोहित कुशवाहा निवासी भोपा नगला व दो अज्ञात के खिलाफ कोतवाली खैर में अभियोग दर्ज कराया गया है।

सड़क दुर्घटना में घायल, रिपोर्ट

खैर। सोफा चौकी के गांव सुजानपुर निवासी व्यक्ति ने आठ अक्टूबर की दोपहर अनुष्का (7) के स्कूल से लौटते समय एक्सीडेंट में घायल हो जाने पर बुलेट चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी।

सुजानपुर निवासी सिद्धार्थ कुमार के अनुसार आठ अक्टूबर को सात वर्षीय पुत्री अनुष्का स्कूल से लौट रही थी। इसी बीच तेज रफ्तार बुलेट बाइक सवार ने बच्ची को टक्कर मारकर चोटिल कर दिया था। पिता की तहरीर पर बुलेट बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। मामले में प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी ने जांचकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

एमडीएम के रसोइयों किए जाएंगे प्रोत्साहित

अलीगढ़। सरकारी स्कूलों में मिड डे मील की थाली सिर्फ बच्चों के पेट भरने का जरिया नहीं, बल्कि उनके बेहतर स्वास्थ्य और पोषण की बुनियाद भी है। अब इस थाली को और स्वादिष्ट, पौष्टिक और शुद्ध बनाने के लिए रसोइयों को प्रोत्साहित किया जाएगा। पाक-कला प्रतियोगिता के जरिए उनके हाथों के स्वाद, भोजन की पौष्टिकता, पकाने के तरीके और साफ-सफाई की दक्षता को न केवल परखा जाएगा, बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन पर नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। आवेदन की प्रक्रिया 15 नवंबर तक पूरी की जाएगी। अपर मुख्य सचिव (बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा) पार्थ सारथी सेन शर्मा की ओर से निर्देश जारी किए। परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक से 8वीं तक के बच्चों को प्रतिदिन मेन्यू के अनुसार मिड डे मील परोसा जाता है। इस मिड डे मील को सेहत और स्वाद से भरपूर बनाने की एक और पहल 'पाक कला प्रतियोगिता' के माध्यम से होगी। प्रतियोगिता के लिए जिले से 30 रसोइयों का चयन होगा। बच्चों की अधिक उपस्थिति वाले विद्यालयों की रसोइयों को प्राथमिकता मिलेगी। वहीं, रसोइयां हिस्सा ले सकेंगी, जो कम से कम तीन वर्षों से इस कार्य में लगी हैं।

युवक पर हमले में हुई कार्रवाई

अलीगढ़। महुआखेड़ा की कुलदीप विहार कॉलोनी स्थित जिम में व्यायाम करने युवक में मारपीट, फायरिंग में पुलिस ने बाल अपचारी के खिलाफ कार्रवाई की। 17 अक्तूबर की घटना में नामजद आरोपियों में उसके शामिल होने की बात सामने आई। थाना पुलिस ने बताया कि कुलदीप विहार के ऋषभ शर्मा ने तहरीर में कहा कि 16 अक्तूबर शाम जिम जाते समय कुछ लोगों ने मारपीट की। हमलवरों ने जिम से बाहर ले जाकर भी पीटा। आरोप है कि इसी दौरान एक युवक ने तमंचे से फायरिंग की, जिसमें वह बच गया। सीओ धनंजय कुमार ने बताया कि महुआखेड़ा थाने में केस दर्ज किया था। पुलिस ने बुधवार को एक बाल अपचारी के विरुद्ध कार्रवाई की।

सीलिंग, ध्वस्तीकरण के मनमाने नोटिसों के विरोध में व्यापार मंडल का प्रदर्शन

व्यापारियों को हल्के में न लें अफसर: प्रदीप गंगा



अलीगढ़। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के आव्हान पर यूपी में सीलिंग एवं ध्वस्तिकरण के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा की अगुवाई में व्यापारी वाहन जूलुस के रूप में कलैक्ट्रेट पहुंचे जहां सीएम को संबोधित ज्ञापन मजिस्ट्रेट को दिया। ज्ञापन में सीएम से अनुरोध किया कि एडीए, आवास विकास परिषद द्वारा डेवलप की कॉलोनियों में बाजारों की व्यवस्था नहीं की। व्यापारियों ने अपने स्तर पर बजार डेवलप किया, कमर्शियल बिजली बिल, कॉमर्शियल हाउस टैक्स, जीएसटी इनकम टैक्स वह अन्य करों के माध्यम से देश की तरक्की में अपना योगदान दे रहे हैं। लेकिन व्यापारियों के योगदान को अनदेखा कर पुराने शहर के बिल्डअप एरिया, आवासीय कॉलोनी, नए विकसित कॉलोनी में आवासीय में कॉमर्शियल का इस्तेमाल, अवैध निर्माण बताकर नोटिस व ध्वस्तीरण करने की कार्रवाई हो रही है। उच्चतम न्यायालय में आवास विकास के अधिकारियों द्वारा सही तरीके से तथ्य को प्रस्तुत नहीं किया गया तथा उच्चतम न्यायालय के आद. श की आड़ में सीलिंग व ध्वस्तीकरण के नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों को आवास में दुकान खोलकर व्यापार करने की अनुमति देने का कानून बनाया जाए। विक. सित हो चुके बाजरों, कॉलोनियो को नियमित करने की कार्यवाही हो। जिन बाजरों, दुकानों का ध्वस्तीकरण किया है ऐसे सभी पीड़ितों के पुनर्वास की व्यवस्था का कानून बनाएं। कोई भी अवैध निर्माण अधिकारियों व कर्मचारियों की मिली भगत के बिना नहीं हो सकता है इसलिए अवैध निर्माण के लिए भवन स्वामी के स्थान पर अधिकारियों व कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर दंडित किया जाए।

इस दौरान महानगर अध्यक्ष आलोक प्रताप सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री हरिकिशन अग्रवाल, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष संगीता वार्ष्णेय, प्रदेश मंत्री अरुन गोयल, राकेश वार्ष्णेय जिलाध्यक्ष उद्योग मंच, मंडल महामंत्री यश कुमार, जिला वरिष्ठ महामंत्री एमए खान गांधी, राकेश, अनिल बंसल, मुकेश, युवा जिलाध्यक्ष संतोष वार्ष्णेय, युवा महानगर अध्यक्ष रोहित सिंह, ज्योति गुप्ता, उमेश गौड़, मुकेश वर्मा, सुनील सिंह, असलम, अमित शर्मा, वीरेंद्र चौधरी, युवा प्रदेश मंत्री योगेश, नईम अहमद पार्षद, आसिम, दीपक अग्रवाल, हेमंत पिंटू, केके गोयल, राजीव माहेश्वरी, लालाराम लोधी, कुलदीप सिंह टीटू, रवि सैनी, दिनेश गौड़, प्रशांत सिंह, राधेलाल, आशू, नईम, अदनान, मनोज जादौन, आलोक सिंह, रजी अहमद आदि मौजूद रहे।

रणवीर सिंह बनें मुख्य मंडल प्रभारी



अलीगढ़। बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष, यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री कुमारी मायावती के निर्देश पर अलीगढ़ मंडल के संगठन में फेरबदल करते हुए रणवीर सिंह कश्यप को अलीगढ़ मंडल का मुख्य मंडल प्रभारी नियुक्त किया। यह जानकारी जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह विक्रम ने दी। उन्होंने बधाई देते हुए उम्मीद की है कि रणवीर कश्यप द्वारा मंडल में पार्टी के संगठन और अधिक मजबूत मिलेगी।

भाई ने बहन को गोली मारी

सहेली को घर में रखने पर हुआ था विवाद, आरोपी फरार, पुलिस तलाश में जुटी

आगरा। थाना ट्रांसयमुना क्षेत्र के टेडीबगिया स्थित विकास नगर में बीती रात एक युवक ने अपनी ही बहन को गोली मार दी, जिससे बस्ती में सनसनी फैल गई। परिजनों ने 24 वर्षीय युवती को गंभीर हालत में हरीपर्वत स्थित निजी हॉस्पीटल में भर्ती कराया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौक पर पहुंची, पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है। बताया गया है कि 24 वर्षीय बेबी घर के किचिन में रात को खाना बना रही थी। आरोप है कि इसी दौरान घर में उसकी सहेली को रखने को लेकर भाई-बहन के बीच विवाद हो गया। गुस्से में राहुल अपने कमरे से तमंचा ले आया और बेबी की पीठ में गोली मार दी। गोली लगते ही बेबी धराशायी हो गई। घटना के बाद राहुल फरार हो गया, गोली की आवाज सुन पिता कृपाल सिंह और अन्य परिजन कमरे की ओर दौडे, जहां बेबी को खून से लथपथ देख उनकी चीख निकल गई। घर पर बस्ती के लोगों की भीड जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुची। पुलिस ने वहां जमा भीड से घटना की विस्त्रत जानकारी ली। कृपाल सिंह ने अपने बेटे के खिलाफ पुलिस को तहरीर देते हुए गम्भीर धाराओं में केस दर्ज गया। पुलिस ने बताया कि बेबी के परिवार में तीन बहनें हैं और दो भाई है। छोटी बहन तनु ने एक वर्ष पूर्व अपनी ही विरादरी के 23 वर्षीय सचिन से लव मैरिज की थी, इससे राहुल काफी नाराज था, इसी बात को लेकर घर में तनाव चला आ रहा था। बताया गया है कि दो दिन पूर्व बेबी के घर वालों ने तनु को उसकी दोस्त इरम के जन्म दिन पर बुलाया था। इरम उनके पिता के घर में किराय पर रहती है। पुलिस ने बताया कि तनु को घर बुलाने पर राहुल नाराज था। इसी मामले को लेकर उससे काफी तनातनी हई थी इसके बाद घर में गोली चलने की आवाज आई जिससे घर मे चीत्कार मच गया। पुलिस मामले की छानवीन में जुटी है, पुलिस का दावा है कि जल्द ही हमलावर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।



मतगणना के लिए कार्मियों की ट्रेनिंग संपन्न

आगरा। जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में विधान परिषद आगरा खण्ड स्नातकश्शिक्षक द्विवार्षिक निर्वाचन 2026 की मतगणना हेतु सूरसदन प्रेक्षागृह में 570 मतगणना कार्मिकों यथा मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, व मतगणना में लगाये गए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की प्रथम ट्रेनिंग संपन्न हुई।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतपेटियों को खोलने की प्रक्रिया, मतगणना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, मतपत्रों की संवीक्षा, नियमानुसार वैध व अवैध मत, प्रथम व द्वितीय वरीयता के मत की गणना, अंतरित किए जाने वाले मतों का मूल्य आदि विभिन्न बिंदुओं पर पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई ।

सेप्टिक टैंक की जहरीली गैस से दो सफाईकर्मी बेहोश हुए

गांव वालों ने भारी मशक्कत के बाद रस्सी के सहारे बाहर निकाला, हालत गंभीर, परिजनों ने हॉस्पीटल में भर्ती कराया

आगरा। किरावली क्षेत्र के जगन बिहार कॉलोनी में बुधवार की दोपहर एक बडा हादसा हो गया। सेप्टिक टैंक की सफाई करने उतरे दो युवक टैंक के अंदर जमा जहरीली गैस की चपेट में आ गए, जिससे इलाके में हडकंप मच गया। घटना के बाद कॉलोनी में भगदड मच गई, मौके पर गांव वालों की भीड जमा हो गई। लोगों की तत्परता से सफाईकर्मियों की जान बच गई, हांलाकि सफाईकर्मियों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि जगन बिहार कॉलोनी निवासी 34 वर्षीय राजकुमार पुत्र अशोक एवं 29 वर्षीय अजय पुत्र किशोर एक घर के सेप्टिक टैंक की सफाई करने पहुंचे थे। दोनों पास न तो मास्क था और न ही सेफ्टी बेल्ट या फिर ऑक्सीजन किट, जैसे ही वह टैंक में उतरे, अंदर कई दिनों से जमा मीथेन और हाइड्रोजन सल्फाइड जैसी जहरीली गैसों के कारण उनका दम घुटने लगा, बाहर मौजूद लोगों ने जब अंदर से कोई हलचल नहीं देखी तो उन्हें शंका हुई। कुछ ही देर में दोनों लोग बेहोश हो गए, बाहर मौजूद लोगों ने जब अंदर झांक कर देखा तो वह अचेत पडे थे। यहं मंजर देख कॉलोनी मे भगदड मच गई, मौके पर सैकडों की भीड जमा हो गई, सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई, इसी दौरान गांव के लोगों ने हिम्मत जुटाई, उन्होंने टैंक मे रस्सी डाली उसके सहार भारी मशक्कत के बाद मरणासन्न हालत में दोनों युवकों को बाहर निकाला, सांसे बेहद धीमी चल रही थी, घटना स्थल पर मौजूद परिजन तत्काल ई-रिक्शा से गंभीर हालत में हॉस्पीटल लेकर पहुंचे। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर राघवेन्द्र ने बताया कि दोनों को अचेतावस्था में लाया गया,। गैस इनहेलेशन के कारण उनका ऑक्सीजन लेवल काफी गिर गया था। मरीजों को तत्काल ऑक्सीजन सपोर्ट दिया और प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर एसएन अस्पताल रैफर कर दिया। इस हादसे ने एक बार फिर सेप्टिक टैंक और सीवर की सफाई के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी को उजागर किया है। बताया गया है कि मरीजों की हालत गम्भीर बनी हुई है।

सोनाक्षी सिन्हा : 16 साल में 31 फिल्में, मात्र 6 हिट



मुंबइ। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति अभिनेता जहीर इकबाल जल्द 'तू है मेरी किरण' फिल्म में साथ नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर भी सामने आ गया है। बीते दिनों में सोनाक्षी की कई फिल्में आई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा कमाल नहीं कर पायी हैं। एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा अबतक 31 फिल्में कर चुकी हैं, जिनमें से कुछ हिट रहीं, तो वहीं ज्यादा फिल्म फ्लॉप साबित हुई। सोनाक्षी ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म दबंग (10 सितंबर 2010) के साथ की थी। इसमें उनके साथ सलमान खान नजर आए थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी और इसने 138.88 करोड़ का कलेक्शन किया था। साल 2012 सोनाक्षी के लिए काफी खास रहा। इस साल अपनी झोली में चार सुपरहिट फिल्में डालकर वह भारत की लीड एक्ट्रेसेज में शामिल हो गईं। लेकिन करियर के शुरुआती वर्षों में मिली ये शोहरत ज्यादा समय तक नहीं रह सकी। 2012 में जहां सोनाक्षी की लगभग सभी फिल्में हिट रही, वहीं उनके करियर का ग्राफ 2013 के बाद से ऐसा गिरा की उठ ही नहीं पाया। 2013 के बाद सोनाक्षी ने करीब 20 फिल्में की, जिनमें से एक-दो को छोड़कर सभी फ्लॉप साबित हुईं। 2012 के बाद सोनाक्षी ने खुद सिंगल लीड के तौर पर भी कुछ फिल्में की, जैसे- अकीरा, निकिता रॉय, लेकिन वो भी नहीं चल पायी।

जिलाधिकारी ने मंडी समिति में तैयारियों का जायजा लिया



आगरा। जिलाधिकारी-जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद आगरा खंड स्नातक शिक्षक निर्वाचन-2026 के दृष्टिगत फिरोजाबाद रोड स्थित मंडी समिति परिसर का निरीक्षण कर पोलिंग पार्टियों की रवानगी, मतदान उपरांत मतपेटिकाओं को सुरक्षित रखने, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा तथा मतगणना संबंधी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि 22 अक्टूबर को निर्धारित समय पर पोलिंग पार्टियों को आवश्यक निर्वाचन सामग्री के साथ रवाना किया जाए। निर्वाचन सामग्री के वितरण, मिलान एवं सुरक्षित रखरखाव में विशेष सतर्कता बरती जाए तथा मतदान कार्मिकों के आवागमन और वाहनों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

डीएम ने कहा कि निर्वाचन सामग्री महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील है, इसलिए सामग्री प्राप्त करने से लेकर मतदान के बाद उसे निर्धारित स्थल पर जमा कराने तक प्रत्येक स्तर पर पूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन किया जाए। जिलाधिकारी ने मतदान संपन्न होने के उपरांत मतपेटिकाओं को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सुरक्षित स्ट्रांग रूम में जमा कराने की व्यवस्था का जायजा लिया।

होमगार्ड भर्ती मेडिकल परीक्षा में अब तक 864 अभ्यर्थी सफल

आगरा। जिला कमांडेंट होमगार्ड राहुल कुमार ने बताया कि उप्र होमगाईस स्वयंसेवकों के पदों पर एनरोलमेंट प्रक्रिया-2025 के अंतर्गत जनपद आगरा के कुल 1232 पुरुष, महिला चयनित अभ्यर्थियों की सूची उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के द्वारा प्राप्त करायी गयी है जिनका चिकित्सा परीक्षण 12 अक्तूबर से पुलिस लाईन्स आगरा में जनपदीय चिकित्सा बोर्ड द्वारा किया जा रहा है। 21 अक्तूबर तक कुल 900 अभ्यर्थियों को चिकित्सा परीक्षण हेतु बुलाया गया है। जिसमें कुल 886 अभ्यर्थी चिकित्सा परीक्षण हेतु उपस्थित एवं 14 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे है। मेडिकल परीक्षा में 21 अक्तूबर तक कुल 864 अभ्यर्थी सफल एवं 22 असफल पाये गये है। चिकित्सा परीक्षा का परिणाम उसी दिन घोषित कर दिया जाता है, जिसकी एक प्रति पुलिस लाईन्स के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा कर दी जाती है। चिकित्सा परीक्षण में असफल पाये गये अभ्यर्थी जनपदीय चिकित्सा बोर्ड द्वारा किये गये परीक्षण से सन्तुष्ट न होने के कारण मण्डलीय चिकित्सा बोर्ड से परीक्षण कराये जाने हेतु अपील की है, जिनके परीक्षण की तिथि 29 अक्तूबर को निर्धारित की गयी है। असफल पाये गये अभ्यर्थियों के मण्डलीय चिकित्सा बोर्ड के समक्ष चिकित्सा परीक्षण कराये जाने हेतु बुलावा पत्र पुलिस लाईन्स, आगरा पर वितरित किये जा रहे है। बुलावा पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 अक्तूबर है। यह भी उल्लेखनीय है कि 22 अक्तूबर तक पुरुष अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण किया जायेगा तथा 23 अक्तूबर से 25 अक्तूबर तक महिला अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण किया जायेगा। जो पुरुष अभ्यर्थी चिकित्सा परीक्षा में किसी कारण से अनुपस्थित हो गये है और उनका चिकित्सा परीक्षण अभी नहीं हुआ है। वे अभ्यर्थी 22 अक्तूबर को प्रातः 9. बजे बताये गये अभिलेखों की प्रमाणित प्रति एवं मूल अभिलेख के साथ पुलिस लाईन्स, आगरा में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

आगरा समेत प्रदेश के 75 जिलों में गूंजेगी राष्ट्रनायकों की शौर्य गाथा

आगरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा और उनकी विशेष घोषणा के अनुपालन में, उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग की प्रमुख संस्था भारतेंदु नाट्य अकादमी लखनऊ द्वारा प्रदेश के सभी 75 जनपदों में राष्ट्रनायक नाट्य यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस व्यापक सांस्कृतिक अभियान के तहत ऐतिहासिक महानायकों, स्वतंत्रता सेनानियों, राष्ट्रनायकों और अमर साहित्यिक कृतियों पर आधारित उच्च स्तरीय नाटकों का मंचन किया जाएगा। शासन से प्राप्त निदेर्शों के क्रम में यह महत्वाकांक्षी नाट्य यात्रा 24 सितम्बर से शुरू होकर 26 जनवरी 2027 (गणतंत्र दिवस) तक अनवरत रूप से संचालित रहेगी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक एकता और स्थानीय गौरव से रूबरू कराना तथा जन-जन में राष्ट्रीय भावना का संचार करना है। जिला प्रशासन द्वारा आगरा जनपद में इस कार्यक्रम को पूरी भव्यता और गरिमा के साथ आयोजित करने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिलाधिकारी के निर्देशन में कार्यक्रम के लिए नि:शुल्क और सर्वसुविधाजनक प्रेक्षागृह ऑडिटोरियम का चयन किया जा रहा है। इस विशेष आयोजन की एक मुख्य विशेषता यह होगी कि राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को मंच पर सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाएगां।

डीएम ने चुनाव को लेकर राजनैतिक दलों के संग की बैठक



आगरा। जिलाधिकारी - जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मतदेय स्थलों के सम्भाजन एवं आलेख्य सूची के संबंध में .जनप्रतिनिधियों तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में 1200 मतदाताओं के आधार पर मतदेय स्थलों के सम्भाजन, नए मतदेय स्थल बनाए जाने के प्रस्तावों तथा आलेख्य सूची पर सुझाव एवं आपत्तियों के संबंध में जानकारी दी गई। मतदेय स्थलों के सम्भाजन के अंतर्गत ध्वस्त एवं जर्जर भवनों में संचालित मतदेय स्थलों को उपयुक्त भवनों में स्थानांतरित किए जाने, कम मतदाताओं वाले मतदेय स्थलों के मतदाताओं को नियमानुसार अन्य निकटवर्ती मतदेय स्थलों पर समायोजित किए जाने तथा मतदाताओं की सुविधा एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप नवीन मतदेय स्थल बनाए जाने संबंधी प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची के संबंध में बताया आपत्ति एवं सुझाव 25 अक्टूबर तक जिला निर्वाचन कार्यालय यथा संबंधित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष प्रस्तुत किए जा सकते हैं। मतदेय स्थलों के स्थानांतरण, समायोजन, नवीन मतदेय स्थल बनाए जाने तथा प्रस्तावित सूची में किसी प्रकार के संशोधन के संबंध में संबंधित मा.जनप्रतिनिधि एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि अपना सुझाव एवं आपत्ति निर्धारित समयावधि में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं।

उद्योग व्यापार मण्डल ने समस्याओं को लेकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

आगरा। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल महानगर द्वारा व्यापारियों ने नगर निगम एवं आवास विकास प्राधिकरण द्वारा सीलिंग एवं ध्वस्तीकरण के नोटिस भेजने के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसीएम रजत वर्मा को सौंपा। महानगर अध्यक्ष नरेश पाण्डेय ने कहा कि नगर निगम एवं आवास विकास प्राधिकरण द्वारा डेवलप की गई कॉलोनियों में पर्याप्त बाजारों की व्यवस्था नहीं की गई थी। व्यापारियों ने अपने स्तर पर बाजार डेवलप कर समाज में अपना योगदान देकर कॉमर्शियल बिजली का बिल, कॉमर्शियल हाउस टैक्स, जीएसटी, इनकम टैक्स व अन्य करों के माध्यम से देश की तरक्की में अपना योगदान दिया है परंतु व्यापारियों के योगदान को अनदेखा कर पुराने शहर के बिल्ड अप एरिया व आवासीय कॉलोनी में व नए विकसित आवासीय कॉलोनी में कॉमर्शियल का इस्तेमाल को अवैध निर्माण बता कर नोटिस व ध्वस्तीकरण करने की कार्यवाही पूरे प्रदेश में की जा रही है। माननीय उच्चतम न्यायालय में आवास विकास के अधिकारियों द्वारा सही तरीके से तथ्य को प्रस्तुत नहीं किया गया तथा उच्चतम न्यायालय के आदेश की आड़ में सीलिंग व ध्वस्तीकरण के नोटिस जारी किए जा रहे हैं जिसके कारण व्यापारियों का शोषण चरम सीमा पर हो रहा है। व्यापारियों को अपने आवास में दुकान खोलकर व्यापार करने की अनुमति देने का कानून बनाया जाए! ज्ञापन देने वालों में महानगर अध्यक्ष नरेश पाण्डेय, महानगर कोषाध्यक्ष सुरेश लवानिया, संतोष गुप्ता महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजीव जैन, वीरेन्द्र सिंह पिप्पल, चंद्रमोहन जैन, पंकज अग्रवाल, रवि गोयल, कुतुब मलिक, सोनू अग्रवाल, नसीम खान, अबरार खान, बाबर खान, सगीर आदि मौजूद थे।

सुझाव और शिकायत के लिए फोन नं. जारी

आगरा। अपर जिलाधिकारी (प्रोटोकॉल) नोडल अधिकारी शिकायत निस्तारण नियंत्रण कक्ष अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के आगरा खण्ड स्नातक एवं आगरा खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों का द्विवार्षिक निर्वाचन-2026-निर्वाचन में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी के पारित आदेश पर निर्वाचन नियन्त्रण कक्ष नागरिक सुरक्षा कार्यालय कलेक्ट्रेट, में स्थापित किया जा चुका है, जिसके सहायक प्रभारी मुकेश जैन, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, आगरा मोनं-9997012900 एवं मुनेश कुमार गुप्ता, उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा, आगरा मोनं-7906300290 नामित किये गये हैं। नियंत्रण कक्ष का पीएनटी फोन नं-0562-2260550 है।

कंट्रोल रूम स्थापित

आगरा। आगरा खंड स्नातक शिक्षक निर्वाचन-2026 में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्वाचन नियंत्रण कक्ष, नागरिक सुरक्षा कार्यालय कलेक्ट्रेट, में स्थापित किया गया है। अपर जिलाधिकारी (प्रोटोकॉल) नोडल अधिकारी शिकायत निस्तारण नियंत्रण कक्ष अमरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया है कि कंट्रोल रूम नंबर 9997012900, 7906300290 एवं नियंत्रण कक्ष का पीएनटी नंबर 0562-2260550 जारी किया गया है। निर्वाचन से संबंधित कोई भी शिकायत एवं सुझाव हेतु इन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

छप्पन भोग के दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

आगरा। ताजनगरी के न्यू राजामण्डी स्थित प्राचीन ज्वाला देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र के समापन अवसर पर विशाल भंडार एवं 56 भोग का आयोजन किया गया। नवरात्र में मॉ शक्ति की पूजा-पाठ को मंदिर में अपार भीड उमडती रही। मंदिर के महंत नरेन्द्र सिंह ने बताया कि यह मंदिर दो सौ वर्ष पुराना है, जब यहां घना जंगल हुआ करता था, दूर-दूर तक बस्ती का नामोनिशान नहीं था किन्तु आज न्यू राजामण्डी शहर के बीचोबीच है, जहां मां ज्वाला देवी विराजमान हैं। यहां जो भी श्रद्धा पूर्वक मां के दर्शन, पूजा-पाठ को आता है, माता रानी उसकी मनोकामना अति शीघ्र पूरा करती है। भंडारे से पूर्व कन्या-लांगुर जीमे, उनके पैर पखारे, 56 भोग के दर्शन को देर शाम तक भीड उमडती रही। मां ज्वाला के दर्शन श्रद्धालुओं ने अपने जीवन को कृतार्थ किया। यहां समय-समय पर भंडारे, 56 भोग के आयोजन किये जाते हैं। मां के सम्मुख अखण्ड दीपक प्रज्जवलित है, जिसके दर्शन मात्र से रोगों से मुक्ति मिलती है। मंदिर के महंत प्रेमलता बाबाजी सुबह-शाम मां की महाआरती करते हैं, इसके बाद प्रसाद का वितरण किया जाता है।



फतेहाबाद सीएचसी में प्रसव के बाद नवजात की मौत, नर्स पर लापरवाही और रुपए ऐंठने का आरोप

खेत में मिट्टी पलटते-पलटते खुद मिट्टी में मिल गया पिता

पत्नी और तीन बेटियों के सिर से उठा साया

भोगांव (मैनपुरी)। बुधवार की सुबह 8 बजे तक सब ठीक था। ग्राम विनोदपुर निवासी 35 वर्षीय नीरज सक्सेना पुत्र रामनरेश रोज की तरह अपने खेत में घूरा पलटने गया था। किसे पता था कि मिट्टी को उपजाऊ बनाने निकला यह हाथ, कुछ ही देर में उसी मिट्टी में हमेशा के लिए सो जाएगा। खेत में ट्रैक्टर-ट्रॉली से घूरा उतारते समय अचानक प्रेशर पाइप फट गया। तेल की धार रोकने के लिए नीरज आगे बढ़ा, पैर फिसला और देखते ही देखते पूरी ट्रॉली उसके शरीर पर पलट गई। जब तक गांव वाले दौड़े, जब तक पुलिस आई, तब तक एक हंसता-खेलता परिवार उजड़ चुका था। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने जैसे ही मृत घोषित किया, विनोदपुर में चीखें गूंज उठीं। घर के आंगन में पत्नी बेसुध पड़ी थी और तीन बेटियां... दो ब्याही हुई बेटियां पिता की लाश से लिपट कर रो रही थीं और छोटी नाबालिग बेटी तो समझ भी नहीं पा रही थी कि उसके पापा अब कभी वापस नहीं आएंगे। नीरज ही परिवार का इकलौता सहारा था। मेहनत-मजदूरी कर उसने दो बेटियों के हाथ पीले किए थे, अब छोटी बेटी के सपने अधूरे रह गए। थाना भोगांव पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। गांव में हर आंख नम थी, हर जुबान पर एक ही बात थी कि नीरज बहुत ही मिलनसार और सबकी मदद के लिए तैयार रहता था।इतनी छोटी सी उम्र में इतना बड़ा हादसा।

शिक्षक और स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज

बेवर। बेवर ब्लॉक मुख्यालय स्थित मतदेय स्थल पर बूथों की व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ परिसर की साफ-सफाई और मतपेटियों की मरम्मत कराई जा रही है।बुधवार शाम लेखपाल कानूनगो आदि ने बनाए गए बूथ अमर शहीद इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर चुनाव से जुड़ी व्यवस्थाएं देखीं। राजस्व निरीक्षक रामप्रसाद सैनी और लेखपाल राजकपूर की देखरेख में परिसर की सफाई एवं बूथ पर लिखापढ़ी को दुरुस्त करने का काम कराया जा रहा है, ताकि मतदान के दिन किसी तरह की परेशानी न हो। आगामी 23 अक्तूबर को होने वाले चुनाव को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

एन.डी. डिग्री कॉलेज में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसम्पर्क

विधायक राम नरेश अग्निहोत्री ने की वोट की अपील



भोगांव (मैनपुरी)। स्थानीय क्षेत्र के एन.डी. डिग्री कॉलेज, सलेमपुर पडीना में बुधवार को विधान परिषद चुनाव को लेकर एक विशेष जनसम्पर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आगामी विधान परिषद चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की पुरजोर अपील की गई। कार्यक्रम में आगरा खंड शिक्षक विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी शशि किशोर तिवारी और स्नातक विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी मानवेंद्र प्रताप सिंह (गुरुजी) के समर्थन में जनसम्पर्क किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक राम नरेश अग्निहोत्री ने क्षेत्र के शिक्षकों और स्नातकों से भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार लगातार शिक्षा और शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। विधायक ने कहा कि विधान परिषद में मजबूत और योग्य नेतृत्व के लिए दोनों ही भाजपा प्रत्याशियों की जीत बेहद जरूरी है, जिससे क्षेत्र के विकास को और गति मिल सके। इस मौके पर महाविद्यालय परिवार, स्थानीय पदाधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया।

यूपी एमएलसी चुनाव की 11 सीटों पर थमा चुनाव प्रचार

23 अक्टूबर को मतदान, मैदान में 152 प्रत्याशी

लखनऊ,२१ अक्टूबर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की 11 सीटों पर होने वाले द्विवार्षिक चुनाव के लिए आज (बुधवार को) शाम चार बजे चुनाव प्रचार थम गया। इन सीटों के लिए 23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान कराया जाएगा। इन सभी सीटों पर चुनाव मैदान में 152 प्रत्याशी रह गए हैं। इनमें पांच स्नातक और छह शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुसार, चुनाव में कुल 14,81,310 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

महामाया एकेडमी में श्रद्धा व उत्साह के साथ मना 'विजयधम्म दिवस'



भोगांव (मैनपुरी)। नगर स्थित महामाया एकेडमी में 'विजयधम्म दिवस' का आयोजन अत्यंत धूमधाम, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों व समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. आलोक सिंह शाक्य ने विजयधम्म दिवस के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज ही के ऐतिहासिक दिन चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान ने कलिंग युद्ध के विभीषक परिणाम और नरसंहार को देखकर हिंसा का मार्ग सदा के लिए त्याग दिया था। सम्राट अशोक ने भगवान बुद्ध के बताए अहिंसा, शांति, करुणा और दया के पथ पर चलने का दृढ़ संकल्प लिया था। इसके उपरांत उन्होंने संपूर्ण विश्व में भगवान बुद्ध के मानवतावादी विचारों को प्रसारित करने के लिए अपने दूतों को विदेशों में भेजा और अहिंसा व धर्म का संदेश घर-घर तक पहुँचाया। गोष्ठी के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने भी सम्राट अशोक और भगवान बुद्ध के विचारों को आज के समय में प्रासंगिक बताते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. आलोक सिंह शाक्य, एडवोकेट श्याम सिंह शाक्य, एडवोकेट भुवनेश शाक्य, ज्ञानेंद्र शाक्य, टाटा शाक्य, ईश्वर दयाल बौद्ध, बॉबी शाक्य, महेश बौद्ध, लज्जाराम शाक्य, अभय शाक्य, ब्रजेश शाक्य सहित अनेक शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

क्रोधवंत तब रावन लीन्हिसि रथ बैठाई,चला गगनपथ आतुर भयँ रथ हाँकि न जाइ

बेवर में सीता हरण लीला का मंचन

बेवर। जयश्रीराम मेला कमेटी के तत्वाधान में चल रही रामलीला में खर दूषण वध की लीला के बाद बुधवार को रामलीला मैदान में सीताहरण लीला का मंचन हुआ। कस्बा बेवर में चल रही रामलीला में बुधवार शाम सीता-हरण लीला का मंचन हुआ।लीला में प्रभु राम को सीता की इच्छा पर सोने के हिरन का शिकार करने जाते हैं। कुछ देर बाद बाद राम की आवाज सुनकर लक्ष्मण लाइन खींचकर चले जाते हैं। उसी समय रावण ब्राह्मण के वेश में आकर भिक्षा मांगता है। वह सीता मैया को लक्ष्मण रेखा से बाहर आकर भिक्षा देने को कहता है। जैसे ही सीता मां रेखा पार करती है वह अपने असली वेश में आकर उनका हरण कर लेता है। लीला देखकर दर्शक भाव-विभोर हो उठे। इस मौके पर मुख्य रूप से कमेटी अध्यक्ष अनुपम दीक्षित सांवरिया,पण्डित उमेश दुबे,वीके दुबे,कुन्दनलाल, शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

दुर्गा पूजा के बाद विशाल शोभायात्रा के बाद भंडारे का आयोजन

बेवर। कस्बा बेवर के मोहल्ला मरकिचिया में पिछले 11अक्टूबर से चल रहे महोत्सव का बुधवार को मां दुर्गा शोभायात्रा एवं विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। बुधवार को कार्यक्रम स्थल से नगर में मां दुर्गा की विशाल शोभायात्रा बैंड बाजों और डीजे के साथ निकाली गई।नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई।सायंकालीन वेला में तीन बजे से देर रात तक विशाल भंडारे का अनवरत आयोजन चलता रहा जिसमें श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर वार्ड सभासद वीना दीक्षित पत्नी ललित दीक्षित, निशू दीक्षित, अभिलाष दीक्षित,अभिज्ञान दीक्षित, आचार्य अखिल दीक्षित,प्रीति दीक्षित,निशू,ममता मिश्रा पत्नी ओमकार मिश्रा,गायत्री,शिवांगी मिश्रा,मुन्नी देवी पत्नी रमाकांत दीक्षित,किट्टू,स्तुति दीक्षित,वैष्णवी दीक्षित,अंजली मिश्रा पत्नी अभ्युदय मिश्रा,रश्मि त्रिपाठी,ऊषा दीक्षित,कीर्ति सिंह, काशिश,आदि लोगों द्वारा सहयोग किया गया।

आवश्यक सूचना

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिचालनिक कारणों से निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के फेरों के निरस्तीकरण का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

गाड़ी संख्या	कहाँ से	कहाँ तक	निरस्तीकरण की तिथि
01941	आगरा कैंट	पलवल	22.10.2026 से 31.10.2026
01942	पलवल	आगरा कैंट	22.10.2026 से 31.10.2026
01943	आगरा कैंट	रूँधी	22.10.2026 से 31.10.2026
01944	रूँधी	आगरा कैंट	22.10.2026 से 31.10.2026

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile Aap या वेबसाईट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करे।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 2399/26(MG)

202 पेटी पंजाब अवैध शराब बरामद, एक गिरफ्तार

डीसीएम द्वारा पंजाब से बिहार ले जाई जा रही थी शराब





बेवर। पुलिस अधीक्षक मैनपुरी के निर्देशन में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बेवर पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 202 पेटी पंजाब राज्य की अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 21 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर थाना बेवर पुलिस व स्वाट टीम ने मझोला नहर इटावा रोड कट जीटी रोड पर डीसीएम में पंजाब राज्य की अवैध शराब लादकर ले जाने की सूचना पर घेराबंदी की। टीम ने डीसीएम को रोककर तलाशी ली तो उसमें रॉयल स्टैग ब्लू की 750 एमएल की 202 पेटी तथा मैकडॉवेल्स नंबर-1 की 375 एमएल की शराब बरामद हुई। बरामद शराब की कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शराब पंजाब से समस्तीपुर, बिहार ले जाई जा रही थी। शराब को बिहार में करीब 2,000 रुपये प्रति बोतल के हिसाब से बेचे जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने मौके से 510 रुपये नकद, एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन और डीसीएम भी बरामद किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान फलकराम पुत्र दीवानचंद, निवासी सोनाली रोड, चनीबाग, जिला पानीपत, हरियाणा (55 वर्ष) तथा भागे हुए अभियुक्त की पहचान ललित कुमार पुत्र लाल सिंह, निवासी ग्राम सलोरी, चकुरथा,जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त को एक्साइज एक्ट बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

गंगा एक्सप्रेसवे के लिए बैनामा के दो माह बाद भी नहीं मिला एक रुपया

मौजा मुडई के आधा दर्जन किसानों ने जिलाधिकारी और अपर जिलाधिकारी से लगाई गुहार

भोगांव (मैनपुरी)। तहसील भोगांव के मौजा मुडई में गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए जमीन का बैनामा कराने के दो माह बाद भी भुगतान न मिलने से किसानों में आक्रोश है। भुगतान की मांग को लेकर सोमवार को किसानों के दो अलग-अलग समूहों ने जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी मैनपुरी को प्रार्थना पत्र सौंपा। पहला प्रार्थना पत्र ग्राम अलीपुर, मौजा मुडई, परगना बेवर के रक्षपाल सिंह व मुल्तान सिंह पुत्रगण हुकुमलाल सिंह द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि उनकी गाटा संख्या 398 की जमीन का बैनामा लगभग दो माह पूर्व गंगा एक्सप्रेसवे के लिए किया गया था, लेकिन आज तक उसका एक भी रुपया उनके खाते में नहीं आया है। इसी तरह दूसरा प्रार्थना पत्र ग्राम कमलपुर, मौजा मुडई निवासी बालिस्टर सिंह, राजेन्द्र सिंह पुत्रगण शिवदयाल सिंह तथा पिंकी देवी पत्नी रूपेन्द्र सिंह व रेखा देवी पत्नी सुधीर कुमार ने अपर जिलाधिकारी को दिया। इनका कहना है कि उनकी गाटा संख्या 736अ व 736ब का बैनामा भी दो माह पूर्व हाईवे में हो चुका है, परंतु भुगतान अभी तक लंबित है। किसानों ने बताया कि वे अत्यंत गरीब परिवार से हैं। जमीन का ही एकमात्र सहारा था, जिसे हाईवे में दे दिया, लेकिन भुगतान न मिलने से वे अपनी रोजमर्रा की जरूरतें व पारिवारिक जिम्मेदारियां पूरी नहीं कर पा रहे हैं। दोनों पक्षों ने दिनांक 13 अक्टूबर को दिए प्रार्थना पत्रों में प्रकरण की जांच कराकर भुगतान शीघ्र कराने की मांग की है। इस संबंध में जिला प्रशासन ने दोनों प्रार्थना पत्रों पर संज्ञान लेते हुए जांच कर भुगतान कराने हेतु एसडीएम पीयूष जायसवाल को निर्देशित किया है। एस डी एम पियूष जायसवाल ने बताया कि मामले में क्षेत्रीय लेखपाल ओर कानूनगो को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई होगी।

सम्मन

न्यायालय श्रीमान विशेष न्यायाधीश Sc/St/ Act फिरोजाबाद

एम0ए0 02 सन् 2026

श्रीमती अरुणा आहूजा पत्नी स्व0 अजय आहूजा निवासी आहूजा कम्पाउण्ड, स्टेशन रोड, कस्वा व तहसील शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद.....अपीलार्थी/वादिया

बनाम

1. प्रमोद कुमार पुत्र श्री किशन लाल निवासी भूड़ा परगना व तहसील शिकोहाबाद, फिरोजाबाद 2. डॉ0 मनोज यादव पुत्र नामालुम 3. रामनरेश यादव पुत्र नामालुम निवासीगण नगला भूढ़ा, परगना व तहसील शिकोहाबाद, जिला फिरोजाबाद 4. अनुज शर्मा पुत्र महेश चन्द्र शर्मा 5. रामब्रेश यादव पुत्र उदय सिंह निवासीगण शम्भूनगर, स्टेशन रोड, शिकोहाबाद, जिला फिरोजाबाद

.....रैस्पोडैन्ट्स/प्रतिवादीगण

उक्त वादी ने आपके विरुद्ध प्रकीर्ण व्यवहार अपील विरुद्ध आदेश दिनांक 01.12.2025 न्यायालय सिविल जज सी0डि0 फिरोजाबाद वाद संख्या 419/2023 श्रीमती अरुणा आहूजा बनाम प्रमोद कुमार आदि ने वाद दायर किया है। आपको न्यायालय में दि0 02.11.2026 को सुबह 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप बताई गई तारीख को इस न्यायालय उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निवटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा यह आज दिनांक 17.10.2026 को जारी किया गया।

आज्ञा से-
मुंसरिम विशेष न्यायाधीश
एस.सी.एस.टी. एक्ट, फिरोजाबाद

उत्तर मध्य रेलवे

भारतीय रेल

सार्वजनिक अधिसूचना

उत्तर मध्य रेलवे के कोसी कलां तथा होडल रेलवे स्टेशन के मध्य स्थित नीचे दिए गए खंड में 2x25 के.वी. कोटवन/एसएसपी **दिनांक 22.10.2026** या उसके बाद ऊर्जीकृत कर दिया जायेगा। इस तारीख से 2x25 के.वी. कोटवन/एसएसपी को हर समय ऊर्जीकृत लाइन की तरह ट्रीट किया जाएगा और कोई भी अनाधिकृत आदमी इस लाइन तक पहुँचने की कोशिश नहीं करेगा और ना ही कार्य करने की कोशिश करेगा।

ऊर्जीकृत करने की तिथि : 22.10.2026

क्र. स.	खंड/कार्य का नाम	किलोमीटर/लोकेशन/चैनेज से	तक
1	उत्तर मध्य रेलवे के मौजूदा नई दिल्ली-मुंबई रूट पर पलवल-मथुरा के बीच एसपी/एसएसपी के साथ 132/2x25 केवी ट्रैक्शन सब-स्टेशन का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य, गति को 160 किमी प्रति घंटा 200 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाने के संबंध में नए 2x25 केवी कोटवन / एसएसपी का ऊर्जीकरण।	कोटवन कि.मी. 1444/9B (चैनेज 1444/284.09)	कोटवन कि.मी. 1444/15AT (चैनेज 1444/371.74)

2398/26(A)

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/परियोजना
उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

उ०प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड

मलावन – एटा –207001

जेम निविदा प्रकाशन सूचना (प्रदेश के अन्दर/बाहर)

1– जेम निविदा संख्याः– **GEM/2026/B/8160158**, कार्य– 2x660 मे०वा० जवाहरपुर तापीय परियोजना के CHP हेतु Toothed Ring Hammer for Crusher की आपूर्ति। अनुमानित लागत– Rs. 32,00,655.00 (GST सहित), धरोहर राशि रु0– 50,000.00, जेम निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि–दि0 04–11–2026 15:00 hrs.

2– जेम निविदा संख्याः– **GEM/2026/B/8092263**, कार्य– 2x660 मे०वा० जवाहरपुर तापीय परियोजना के CHP हेतु Oil Filtration Purification Machine की आपूर्ति । अनुमानित लागत– Rs. 14,60,250.00 (GST सहित), धरोहर राशिः रु0– 20,000.00, जेम निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि–दि0 07–11–2026 11:00 hrs.

3– जेम निविदा संख्याः– **GEM/2026/B/8167457**, कार्य– "Procurement of Activated Carbon at 2x660 MW, JTPP, Malawan Etah। अनुमानित लागत– Rs. 4,01,436.00 (GST सहित), धरोहर राशिः रु0– 4,000.00, जेम निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि–दि० 04–11–2026 17:00 hrs.

4– जेम निविदा संख्याः– **GEM/2026/B/8166714**, कार्य– "M&R of Misc Civil work for the Period of 02 Month for different offices, Pre-Fab hostel, transit hostel porta cabins and buildings, Housekeeping services in transit hostel & other offices, sweeping and cleaning of all types of road and cleaning of drain, discharge channel, maintenance of ash pond, oeration & maintenance of STP plant etc. of 2x660 मे०वा० जवाहरपुर तापीय परियोजना मलावन, एटा। अनुमानित लागत– Rs. 28,82,415.00 (Incl. GST), धरोहर राशिः रु०–58,000.00, जेम निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दि०– 26–10–2026 16:00 hrs.

5– जेम निविदा संख्याः– **GEM/2026/B/8176093**, कार्य– 2x660 मे०वा० जवाहरपुर तापीय परियोजना, मलावन, एटा के गेस्ट हाउस, सर्विस बिल्डिंग के मीटिंग हॉल एवं साइट ऑफिस हेतु कैटरिंग का कार्य। अनुमानित लागत– Rs. 24,06,748.00 (जी०एस०टी० अतिरिक्त), धरोहर राशिः रु०– 48,200.00, जेम निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि–दि०–02–11–2026 16:00 hrs.

निविदा के परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/निरस्तीकरण आदि की सूचना हेतु नियमित रुप से **https://gem.gov.in** देखें।

पत्रांक : 115/अधी०अभि०(मु०)/2x660 मेवा/ज०ता०प०/ दिनांक: 21.10.2026

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

कार्यालय अलीगढ़ विकास प्राधिकरण, अलीगढ़

पत्रांकः 4910/अभि.अनु./एडीए 2026-27 दिनांक : 21.10.2026

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

अलीगढ़ विकास प्राधिकरण की ओर से अलीगढ़ विकास प्राधिकरण में पात्र श्रेणी में पंजीकृत निविदाताओं से (परसेन्टेज रेट) निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों की डबल बिड पद्धति के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू. में)	धरोहर धनराशि (लाख रू. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) मय 18% जीएसटी	कार्य पूर्ण करने का समय	निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय	तकनीकी बिड/प्राईज बिड खोलने की तिथि व समय	ठेकेदारों की श्रेणी
1.	ग्राम धौरामाफी गली नं. 03 (ब्लेसिंग मेरिज हॉल के सामने) एवं उससे लिंक गलियों में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	101.63	2.04	18200/-	12 माह	दिनांक 28.10.2026 समय 12:00 PM	दिनांक 28.10.2026 समय 12:00 PM	श्रेणी 'ए' एवं 'बी'
2.	थाना-खैर के सामने तहसील की बाउण्ड्रीवॉल तक सी.सी. सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	63.03	1.27	11300/-	06 माह	दिनांक 28.10.2026 समय 12:00 PM	दिनांक 28.10.2026 समय 12:00 PM	श्रेणी 'बी' एवं 'सी'
3.	ग्राम पता कस्तली में राममूल शर्मा जी के घर के डाबर रोड तक सीसी एवं इण्टरलॉकिंग का निर्माण कार्य।	51.52	1.04	9200/-	03 माह	दिनांक 28.10.2026 समय 12:00 PM	दिनांक 28.10.2026 समय 12:00 PM	श्रेणी 'सी' एवं 'डी'

1. निविदा प्रपत्र के मूल्य की धनराशि डिमाण्ड ड्राफ्ट (बिना वापसी), जो उपाध्यक्ष, अलीगढ़ विकास प्राधिकरण, अलीगढ़ के पक्ष में देय हो, के द्वारा भुगतान करना होगा।
2. निविदा की धरोहर धनराशि (बिड सिक्योरिटी) की एन०एस०सी० अथवा एफ०डी०आर० राष्ट्रीयकृत बैंक की हो तथा उपाध्यक्ष, अलीगढ़ विकास प्राधिकरण अलीगढ़ के पक्ष में बन्धक हो, मान्य होंगी।
3. बिड डाक्यूमेन्ट ऑन-लाईन वेबसाइट **http://www.etender.up.nic.in** पर तालिका में अंकित तिथि व समय तक अपलोड/सबमिट की जा सकती हैं।
4. निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब साईट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है, जो निःशुल्क है। निविदायें ऑनलाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। आकांक्षी निविदादाता जिन्होंने यूजर आईडी० एवं पासवर्ड नहीं प्राप्त किया है, वे ई-टेण्डरिंग के माध्यम से भाग लेने हेतु वेबसाइट **http://www.etender.up.nic.in** पर आवेदन कर सकते हैं।
5. निविदादाता द्वारा निम्नांकित प्रपत्र उपरोक्त साईट पर स्केन कर अपलोड करने के पश्चात उसकी हार्ड कॉपी अधिशासी अभियन्ता, अलीगढ़ विकास प्राधिकरण, अलीगढ़ के कार्यालय में निविदा खोले जाने की तिथि व समय तक पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से उपलब्ध कराना अनिवार्य है। ऐसा न किये जाने की दशा में निविदा नान-रिस्पान्सिव घोषित कर दी जायेगी।

(अ) निविदा मूल्य सम्बन्धी मूल डिमाण्ड ड्राफ्ट।
(ब) बिड सिक्योरिटी (बिड डाक्यूमेण्ट के अनुसार अनुमन्य रूप में) मूल (ओरिजनल) रूप में।
(स) निविदादाता द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचनाओं की सत्यता के सम्बन्ध में शपथ पत्र मूल रूप में।

6. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से कम से कम 90 दिन वैध होगी।
7. बिना धरोहर धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
8. निविदा की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आगणन की धनराशि 02 प्रतिशत धनराशि **Earnest Money** के रूप में जमा करनी होगी। ऑफर लेटर प्राप्त होने के बाद अनुबंध के समय 08 प्रतिशत सिक्योरिटी धनराशि के रूप में एफडीआर जमा करनी होगी अन्यथा कि स्थिति में अनुबंध निरस्त करते हुए ब्लैकलिस्ट की कार्यवाही की जायेगी। यह **Security** कार्य पूर्ण होने के दो वर्ष के पश्चात कार्य के संतोषजनक पाये जाने के बाद ही वापस की जायेगी।
9. निविदा प्रपत्रों में वांछित सूचनाओं से सम्बन्धित विवरण, योग्यताओं, अर्हताओं, कार्य का प्लान, ड्राइंग, विशिष्टियों एवं कार्य की मात्रा, कार्य की श्रेणी तथा शर्तें, जिनको पूर्ण करना अनिवार्य है, को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से 05.00 बजे तक सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
10. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
11. किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार उपाध्यक्ष, अलीगढ़ विकास प्राधिकरण में निहित होगा। उपाध्यक्ष का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।
12. उक्त कार्यों हेतु कार्य की अनुमानित लागत का कम से कम 80 प्रतिशत का 01 कार्य अनुभव/अनुमानित लागत के 50 प्रतिशत के 02 कार्य अनुभव/अनुमानित लागत का 40 प्रतिशत के 03 कार्य अनुभव होना अनिवार्य है।

विस्तृत विवरण व शर्तों का अवलोकन **http://www.etender.up.nic.in** वेबसाइट पर उपलब्ध निविदा प्रपत्रों में देखे जा सकते है। किसी भी प्रकार के सिस्टम फेलियर के कारण हुई देरी जो कि नियोक्ता से सम्बन्धित नहीं हैं, के सम्बन्ध में नियोक्ता का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा। निविदादाता का यह दायित्व होगा कि वह बिड से सम्बन्धित अपलोड सिस्टम से स्वयं प्राप्त करें इस हेतु नियोक्ता का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

अधिशासी अभियंता
अलीगढ़ विकास प्राधिकरण,
अलीगढ़।

दो बाइक आमने-सामने से भिडी-दो युवकों की मौत

धुमरी-सिढ़पुरा मार्ग पर हुआ गम्भीर हादसा,

एटा। जैथरा थाना क्षेत्र के कस्बा धुमरी स्थित सिढ़पुरा रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। वहां चिकित्सकों ने मेडिकल परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया। पुलिस के अनुसार, हादसे में जान गंवाने वाले एक युवक की पहचान मनोज निवासी कस्बा धुमरी, थाना जैथरा के रूप में हुई है। वहीं, दूसरे मृतक की पहचान ज्ञान प्रकाश निवासी ग्राम धर्मपुर, थाना सिढ़पुरा के रूप में की गई है। दोनों युवक अलग-अलग बाइकों पर सवार थे। धुमरी-सिढ़पुरा मार्ग पर दोनों की बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त दोनों बाइकों को भी कब्जे में ले लिया है। पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026

निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के निर्देश



- **डी.एम. एवं एस.एस.पी. ने सेक्टर, जोनल एवं पुलिस अधिकारियों की ब्रीफिंग कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**
- **16 मतदान केंद्रों पर स्नातक निर्वाचन के 22 तथा शिक्षक निर्वाचन के 09 बूथों पर होगा मतदान**

एटा । विधान परिषद आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन.2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुद्धवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी एम0 अरुन्मोली एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 इलामारन जी की अध्यक्षता में संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की ब्रीफिंग आयोजित की गई।

मतदान की गोपनीयता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के संबंध में निर्देशित किया गया कि मतदाता मतदान कक्ष के भीतर किसी भी दशा में पेन, पेंसिल, कलम, पानी अथवा मोबाइल फोन लेकर प्रवेश न करें। निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित पहचान पत्र लेकर ही मतदाता मतदान केंद्र में प्रवेश करें।

सभी संबंधित अधिकारी मतदान केंद्रों पर इन निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं तथा निर्वाचन आयोग के दिशा.निदेर्शों के अनुरूप मतदान प्रक्रिया संपन्न कराएं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान के दौरान कानून.व्यवस्था बनाए रखने, मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध करने तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने के साथ प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर समन्वय बनाए रखें। निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न होने पाए, इसके लिए सभी अधिकारी सतर्क एवं मुस्तैद रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि मतदान प्रक्रिया सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजय नारायण सिंह, एसपी सिटी श्वेताभ पांडेय एसपी अपराध सच्चिदानंद सहित संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

23 अक्टूबर को होगे मतदान कुल 16 मतदान केंद्र बनाए गए

एटा। बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद में 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान के लिए कुल 16 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें स्नातक निर्वाचन के 22 बूथ तथा शिक्षक निर्वाचन के 09 बूथ शामिल हैं। मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं की निगरानी एवं निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए 16 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 06 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी रखने के लिए 31 माइक्रो ऑब्जर्वर भी लगाए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने.अपने सेक्टर के पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करें तथा मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखें। सभी अधिकारी अपने निर्धारित दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें और किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि सभी पोलिंग पार्टियां कल गुरुवार को प्रातः जिला पंचायत स्थित जनेश्वर मिश्र सभागार से अपने.अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगी। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी अपनी.अपनी बसों में पोलिंग पार्टियों के साथ मतदान केंद्रों तक जाएंगेए जिससे मतदान दलों की सुरक्षित एवं व्यवस्थित रवानगी तथा मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं की निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

पेट-26 परीक्षा के लिए 10 केंद्र निर्धारित, तीन दिनों में 21,312 परीक्षार्थी होंगे शामिल

सुरक्षा और सघन चेकिंग के साथ आयोग के निदेर्शों का पालन करने के निर्देश



एटा। जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रारंभिक अर्हता पारक्षा-पेट-2026 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक हुई। इसमें 25 व 30 अक्टूबर तथा 1 नवंबर को होने वाली प्रारंभिक अर्हता परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा से पूर्व केंद्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कराने को कहा। उन्होंने पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों सहित प्रतिबंधित सामग्री को केंद्रों में ले जाने से रोकने के निर्देश दिए। अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगाने और आयोग के दिशा-निदेर्शों का कड़ाई से पालन करने को कहा। जनपद में परीक्षा के लिए 10 केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक दिन दो पालियों में कुल 7104 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। तीनों दिनों में 21,312 परीक्षार्थियों के शामिल होने की व्यवस्था है। रिजर्व सहित 11-11 सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। बैठक में एडीएम प्रशासन अजय नारायण सिंह, एसडीएम श्वेता सिंह, एसपी सिटी श्वेताभ पांडेय, सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। आयोग के पर्यवेक्षक ऋषभ भारद्वाज ने अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया।

पुरानी जमीनी रंजिश में-बकरी खेत में घुसने पर लाठी-डंडों से हमला-7 गंभीर घायल,

एटा। जसरथपुर थाना क्षेत्र के मिलक गांव में खेत में बकरी घुसने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जमीन के पुराने विवाद के बीच शुरू हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई। आरोप है कि दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चले, जिसमें सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को अलीगंज सीएचसी ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चार लोगों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें एटा स्थित वीरांगना अवंतीबाई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक महिला कथित तौर पर पत्थर फेंकती दिखाई दे रही है। मिलक गांव निवासी अयाज खान के मुताबिक, कुछ लोग उनके खेत में बकरी चरा रहे थे। खेत में बकरी घुसने पर रफीक और सादिक अली ने विरोध किया। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। अयाज ने आरोप लगाया कि लोगों पर लाठी-डंडों से हमला किया गया। उन्होंने दावा किया कि घटना के दौरान मोबाइल से वीडियो बनाया और उन पर भी पत्थर फेंका गया। मारपीट में रफीक पुत्र बहार अली (70), सादिक अली (42), मुन्नी (65), मुल्तान अली (48), समीना बेगम (42), शाहनाज बेगम (45) और शादिरा बेगम (45) घायल हुए हैं। अयाज के मुताबिक, रफीक के पैर में गंभीर चोट आई है, जबकि सादिक के सिर में भी चोट लगी है। चार घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

दिल्ली पहुंचे एटा जिले से निषाद पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता

एससी आरक्षण मिलेगा तो शांति यदि नहीं मिलेगा तो होगी 2027 में वोट क्रांति



एटा। बुधवार को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में संवैधानिक सुरक्षा अधिकार महारैली में शामिल होने के लिए निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव रामपाल सिंह कश्यप एवं जिलाध्यक्ष राकेश कश्यप के नेतृत्व में एटा जनपद से निषाद पार्टी के सैकड़ो कार्यकताओं ने सहभागिता करते हुए भारत सरकार से कश्यप निषाद मल्लाह जातियों को पिछड़ी जाति की सूची से खारिज कर उत्तर प्रदेश के अंदर अनुसूचित जाति की संवैधानिक अनुसूची में 53 नंबर पर अधिसूचित मझवार एवं 66 नंबर पर अधिसूचित तुरैहा जाति के प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग की। निषाद पार्टी की संवैधानिक सुरक्षा अधिकार महारैली में निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय कुमार निषाद कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि यदि एस.सी. आरक्षण मिलेगा तो रहेगी शांति यदि नहीं मिला तो आगामी विधानसभा चुनाव 2027 होगी वोट क्रांति। इस अवसर पर आईटी सेल के जिला अध्यक्ष देवांश वर्धन कश्यप, गुलजारीलाल कश्यप, 106 जलेसर सुरक्षित विधानसभा के प्रभारी राजू कश्यप, शोभाराम कर्नल, अशोक शंखवार, गुड्डू सैफी, रवि कश्यप समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

जनगणना-2027 के प्रशिक्षण में 788 प्रगणक और पर्यवेक्षक शामिल

डीएम ने पारदर्शिता और सटीकता के साथ कार्य करने के दिए निर्देश

एटा। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी एम. अरुन्मोली ने बुधवार को श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कार्मिकों को गंभीरता और एकाग्रता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी सदर श्वेता सिंह ने बताया कि तहसील सदर क्षेत्र में तीन केंद्रों पर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में छह बैच में 294, अविनाशी सहाय इंटर कॉलेज में छह बैच में 294 और ज्ञान भारती विद्यालय में चार बैच में 200 कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस प्रकार कुल 16 बैचों में 788 प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। इसमें घर-घर जाकर सूचनाओं का संकलन पूरी पारदर्शिता और सटीकता के साथ किया जाना चाहिए। सभी कार्मिक शासन के निर्धारित दिशा-निदेर्शों का पालन करते हुए कार्य करें। प्रशिक्षण के दौरान किसी विषय में भ्रम या असमंजस होने पर तत्काल प्रशिक्षकों से जानकारी लेकर अपनी शंकाओं का समाधान करें, ताकि जनगणना का कार्य त्रुटिरहित ढंग से संपन्न हो सके। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा जिला जनगणना अधिकारी सीपी पाठक ने ज्ञान भारती विद्यालय में नगर पालिका की ओर से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर एसडीएम सदर श्वेता सिंह, तहसीलदार नीरज वार्ष्णेय, नायब तहसीलदार सतीश कुमार, ईओ नगर पालिका सहित संबंधित अधिकारी और फील्ड ट्रेनर मौजूद रहे।

शीतलपुर की बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

कबड्डी में करतला की टीमों ने मारी बाजी, दौड़ में बच्चों ने जीते पदक

एटा। विकास खंड शीतलपुर में ब्लॉक स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया। प्रतियोगिता में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बालक-बालिकाओं ने दौड़, चक्का फेंक, गोला फेंक और कबड्डी सहित विभिन्न स्पधाओं में प्रतिभाग किया। कबड्डी में न्याय पंचायत करतला की टीमों का शानदार प्रदर्शन रहा। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला क्रीड़ा अधिकारी अरविंद कुमार और खंड शिक्षा अधिकारी दीप्ति गुप्ता ने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। जिला व्यायाम शिक्षक रजनीश यादव और ब्लॉक व्यायाम शिक्षक धर्मेंद्र पाल सिंह ने प्रतियोगिता का संचालन किया। उच्च प्राथमिक बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में प्रिंस, 200 और 400 मीटर में मनीष तथा 600 मीटर में धर्मी प्रथम रहे। चक्का फेंक और गोला फेंक में सुरजीत ने पहला स्थान हासिल किया।



प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में रोशनी, 200 मीटर में रमा और 400 व 600 मीटर में रोशनी प्रथम रहीं। गोला फेंक में रजनी ने बाजी मारी। प्राथमिक बालक वर्ग की 50 और 100 मीटर दौड़ में निखिल, 200 मीटर में विजय तथा 400 मीटर में हिमांशु प्रथम रहे। बालिका वर्ग की 50, 100 और 200 मीटर दौड़ में नीतू ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि 400 मीटर में हर्षिता विजेता रहीं। कबड्डी के प्राथमिक बालक वर्ग में करतला की टीम विजेता और पवांस की टीम उपविजेता रही। बालिका वर्ग में करतला ने प्रथम और गाजीपुर पहोर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में निर्णायकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने सहयोग किया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, अनुशासन, आत्मविश्वास और शारीरिक विकास को बढ़ावा देना रहा।

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

एसएसपी सहित पुलिस अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर अर्पित किया पुष्पचक्र



पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को नमन करते हुए पुलिस अधिकारी।

एटा। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार को पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें एसएसपी डॉ. इलामारन सहित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र चढ़ाकर वीर जवानों के बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम में शहीद जवानों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और देश की सुरक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि देश और समाज की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले जवानों का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका साहस और समर्पण पुलिसकर्मियों को कर्तव्य के प्रति निष्ठावान रहने की प्रेरणा देता है। उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में चीनी सैनिकों के हमले का मुकाबला करते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 10 जवान शहीद हो गए थे। उन्हीं वीर जवानों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर एएसपी श्वेताभ पांडेय, एएसपी अपराध सच्चिदानंद, सीओ सिटी कीर्तिका सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

मिशन शक्ति अभियान के तहत

इंटर की छात्रा निशा रानी बनीं एक दिन की जलेसर एस.डी.एम.

जलेसर/एटा । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत एटा जनपद की तहसील जलेसर में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जलेसर की इंटरमीडिएट की छात्रा कुमारी निशा रानी को एक दिन के लिए उपजिलाधिकारी बनाया गया। जानकारी के अनुसार जलेसर के उपजिलाधिकारी पीयूष रावत ने स्वयं निशा रानी को अपनी कुर्सी पर बैठाकर एस.डी.एम. का कार्यभार सौंपा और प्रशासनिक कार्यो की जानकारी दी। इस दौरान निशा रानी ने तहसील के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया और आम जनता की समस्याओं को सुना। प्रशासनिक जिम्मेदारी निभाते हुए छात्रा ने आत्मविश्वास के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उपजिलाधिकारी जलेसर पीयूष रावत के अनुसार कि मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक कार्यप्रणालीह्न की समझ विकसित करना है ताकि बेटियां भविष्य में उच्च पदों पर पहुंचकर देश और समाज की सेवा कर सकें। इस अवसर पर तहसील के अधिकारी.कर्मचारी, विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं छात्राएं मौजूद रहीं। इस पहल की क्षेत्र में खूब सराहना हो रही है।



एक दिन की बनी एस.डी.एम. निशा रानी को पदभार सौपते एस.डी.एम. जलेसर पियूस रावत।

जलेसर में पुलिस चैकी की नाक के नीचे राशन की दुकान में चोरी

45 हजार रुपये पर हाथ साफ

जलेसर/एटा। जलेसर कोतवाली के अन्तर्गत चोरों के हौसले बुलंद हैं। चोरों ने बीती रात जलेसर कस्बे के आगरा चौराहे के पास पुलिस चोकी की नाक के नीचे एक राशन की दुकान को निशाना बनाया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित दुकानदार नैतिक भारद्वाज ने बताया कि अज्ञात चोरों ने उनकी राशन की दुकान का ताला तोड़ दिया और दुकान के गल्ले में रखे 45 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। सुबह जब दुकानदार दुकान पर पहुचे तो ताला टूटा हुआ मिला और सामान बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना तुरंत जलेसर कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुची पुलिस ने मौका मुआयना किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और चोरों की शिनाख्त में जुट गई है।



बताया जाता है कि पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

आशा कार्यकताओं का कलेक्ट्रेट पर धरना जारी

सरकारी कर्मचारी का दर्जा और 18 हजार रुपये मासिक वेतन की मांग

एटा। आशा और आशा संगिनी कार्यकताओं का आंदोलन लगातार सातवें दिन भी जारी रहा। कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर श्आपकी आवाज सामाजिक संगठनश के बैनर तले सैकड़ों आशा कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष पुष्पा देवी के नेतृत्व में कार्यकताओं नेसरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उनकी मुख्य मांगें न्यूनतम 18 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय और सरकारी कर्मचारी का दर्जा घोषित करना है। कार्यकताओं ने कहा कि मांगें पूरी होने तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। आशा कार्यकताओं का कहना है कि वे ग्रामीण और शहरी इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती हैं। टीकाकरण, स्वास्थ्य जागरूकता और सरकारी योजनाओं को सफल बनाने के लिए वे लगातार काम करती हैं।



इसके बावजूद उन्हें सरकारी कर्मचारियों जैसी सुविधाएं, वेतन और सामाजिक सुरक्षा नहीं मिल रही है। उन्होंने 15वें भारतीय श्रम सम्मेलन और सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों के मुताबिक न्यूनतम वेतन तय करने की भी मांग की। पुष्पा देवी ने बताया कि पहले भी कई बार ज्ञापन दिए गए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

पुलिस ने गिरफ्तार किया वारंटी



कासगंज। शहर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र से एक वारंटी गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश किया है। शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जगदीशचंद्र ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने वारंटी राहुल कुमार पुत्र श्रीकृष्ण निवासी नसरतपुर कासगंज को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध हाथरस एडीजे प्रथम के न्यायालय से वारंट जारी हुआ थ। पुलिस ने आरोपी को उसके मकान से गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश किया है।

सुभाषित *पिता, गुरु एवं ज्येष्ठ भ्राता, जो धर्म पालनका ज्ञान देते हैं, वे सभी पिता सामान होते हैं।* ❐ *वाल्मिकी रामायण*

रिश्तों का नया सन्तुलन

वर्तमान वैश्विक सन्दर्भमें अमेरिकाके विदेशमंत्री मार्को रुबियोकी भारत यात्रा और परराष्ट्रमंत्री एस. जयशंकरके साथ मंगलवारको मुम्बईमें हुई वार्ता काफी महत्वपूर्ण मानी जायगी। इसे केवल एक नियमित कूटनीतिक भेंटके रूपमें देखना उचित नहीं होगा। रुबियोकी यात्रा ऐसे समयमें हुई है जब भारत-अमेरिकी सम्बन्धोंमें एक ओर जहां रणनीतिक निकटता बढ़ रही है तो दूसरी ओर टैरिफ, रूसी तेल, व्यापार समझौते और ऊर्जा सुरक्षा जैसे मुद्दोंपर मतभेद भी बने हुए हैं। एक अच्छी बात यह है कि दोनों देशोंने व्यापार समझौतेको यथाशीघ्र पूरा करनेकी प्रतिबद्धता जतायी है। रुबियोने स्वीकार किया है कि हम बहुप्रतीक्षित समझौतेके काफी करीब पहुंच गये हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रीकी यात्रा ऐसे अन्तरराष्ट्रीय माहौलमें हुई है, जिसमें यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशियाका संकट, ऊर्जा बाजारमें अस्थिरता और अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा विश्व राजनीतिको काफी प्रभावित कर रहे हैं। इन परिस्थितियोंमें भारतकी सामरिक स्थिति अमेरिकाके लिए काफी महत्वपूर्ण हो गयी है। ऊर्जा संकटने दोनों देशोंके हितोंको एक-दूसरेके निकट ला दिया है। रुबियोने भारतकी ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलामें अमेरिकी ऊर्जाकी भूमिका बढ़ानेको महत्वपूर्ण बताया है। इसका दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष हिन्द-प्रशान्त और चीन है। अमेरिका भारतको, क्षेत्रीय शक्ति-सन्तुलनमें एक महत्वपूर्ण साझेदार मानता है। क्वाडके सन्दर्भमें भी भारतकी भूमिका अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलियाके लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए अमेरिका भारतके साथ मतभेदोंको इतना बढ़ाना नहीं चाहेगा जिससे कि व्यापारिक रणनीतिक साझेदारी प्रभावित हो। रुबियोकी यात्राको टैरिफ-आधारित टकरावसे बातचीत और समझौतेकी ओर लौटनेकी कोशिशके रूपमें भी देखा जा सकता है। भारत-अमेरिका सम्बन्धोंमें सबसे संवेदनशील मुद्दोंमें एक रूसी ऊर्जा खरीद है। अमेरिका चाहता है कि भारत रूसी ऊर्जापर निर्भरता कम करे। इसका समाधान किसी एक पक्षकी पूर्ण जीतके रूपमें नहीं, अपितु ऊर्जा स्रोतोंके विविधीकरणके रूपमें खोजनेका प्रयास दिखायी देता है। भारतके लिए चुनौती यह है कि वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाये रखते हुए अमेरिकाके साथ ऊर्जा सहयोग बढ़ाये। यह सन्तुलन आने वाले समयमें भी भारतीय विदेश नीतिकी प्रमुख कसौटी रहेगा। वार्तामें रक्षा, महत्वपूर्ण एवं उभरती तकनीक तथा नागरिक परमाणु सहयोग भी विशेष मुद्दे रहे। इसलिए दोनों देशोंका सम्बन्ध अब रक्षा सहयोगसे आगे बढ़कर तकनीकी तथा औद्योगिक साझेदारीकी दिशामें जा रहा है। दोनों देशोंके बीच सम्बन्धोंका भविष्य साझा हितों और असहमतियोंके प्रबन्धनपर निर्भर करेगा। रुबियोकी यात्राको व्यावहारिक कूटनीतिक मोड़के रूपमें देखा जाना चाहिए और यह आपसी सम्बन्धोंका नया सन्तुलन है।

मणिपुरके हालात चिन्तनीय

देशके पूर्वोत्तर राज्य मणिपुरमें लम्बे समयमें जारी हिंसक घटनाएं थमनेका नाम नहीं ले रही है। बार-बार हिंसाका भड़कना लोगोंकी जान-मालकी सुरक्षा और शान्ति व्यवस्थाके लिए केन्द्र और राज्य सरकारके लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। लोगोंमें भारी आक्रोश है और अब वे मुख्य मंत्री युमनाम खेमचन्द सिंहकी सरकारके खिलाफ सड़कोंपर उतर आये हैं जिससे स्थिति बदसे बदतर हो चुकी है। सोमवारको उग्रवादियोंकी गोलीबारीमें मैतेई समुदायके तीन लोगोंकी हत्याके विरोधमें मंगलवारको २४ घण्टेके बन्दके चलते घाटीके पांच जिलोंमें जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। इंफाल पूर्व और पश्चिम, विष्णुपुर, थौबल और काकचिंगमें बाजार, शिक्षण संस्थान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यहांतक कि सार्वजनिक परिवहन भी ठप रहा, जिससे लोगोंको आने-जानेमें भारी दिक्कतोंका सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि सोमवारको सुबह इंफाल पूर्वी और कागपोकपी जिलोंकी सीमापर सुनरोक क्षेत्रमें जलावनकी लकड़ी बीन रहे मैतेई समुदायके १६ लोगोंपर संदिग्ध उग्रवादियोंने घात लगाकर हमला कर दिया। इस गोलीबारीमें तीन लोगोंकी मौत हो गयी और तीन लोग घायल हो गये, जबकि तीन लोग लापता हैं। इस कायरतापूर्ण और बर्बर हत्याके विरोधमें नेटिव पीपुल्स कमेटी मणिपुरने मंगलवार और बुधवारको बन्दका आह्वान किया था। प्रदर्शनकारियोंने मंगलवारको मुख्य मंत्री युमनाम खेमचन्द सिंह, उपमुख्य मंत्री नेमचा किपजेन, गृहमंत्री गोविन्द कोंथौजमका इस्तीफा मांगा और उनके पुतले फूंके। इस दौरान पुलिस और सुरक्षाबलोंके संयुक्त तलाशी अभियानमें तीन संदिग्धोंको गिरफ्तार किया गया है, जिसमें दोने हमला करनेकी बात स्वीकार की है। इनकी निशानदेहीपर पहाड़ी इलाकोंसे हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। यह गम्भीर चिन्ताका विषय है कि तीन मई २०२३ से जारी मैतेई और कुकी समुदायके बीच भड़की हिंसा अबतक जारी है। केन्द्र और राज्य सरकारको जातीय समूहोंके बीच पनप रहे विद्वेषको समझना होगा और एक सर्वमान्य हल निकालना होगा, तभी शान्तिका माहौल बनाया जा सकता है।

लोक संवाद

चाय और कॉफीसे हानि

महोदय,-कई लोगोंके लिए दिनकी शुरुआत बिना चाय या काफीके होती ही नहीं है। परन्तु वह इस बातसे अनजान होते हैं कि इसकी ज्यादा लत किडनीको नुकसान पहुंचा सकती है। स्वस्थ लोगोंके लिए इनका सीमित मात्रामें सेवन आम तौरपर सुरक्षित होता है, लेकिन इनकी मात्रा इन्हें बनानेके तरीके और पहलेसे मौजूद स्वास्थ्य संबंधी स्थितियां यह तय कर सकती हैं कि ये पेय पदार्थ किडनीकी सेहतपर कैसा असर डालते हैं। कैफीन, हाइड्रेशन और किडनीके काम करनेकी प्रक्रियाको समझते हैं विस्तारसे। गुर्दा रोग विशेषज्ञने बताया कि कैफीनका हल्का डाययुरेटिक असर होता है। इसका मतलब है कि यह कुछ समयके लिए पेशाब बननेकी मात्राको बढ़ा सकता हैए खासकर उन लोगोंमें जो इसके सेवनके आदी नहीं हैं। हालांकि चाय और काफीका सीमित मात्रामें सेवन करनेसे शरीरमें तरल पदार्थकी मात्रा बढ़ती है और इससे अपने आप डिहाइड्रेशन नहीं होता। ज्यादातर स्वस्थ वयस्कोंके लिए सीमित मात्रामें इन पेय पदार्थोंका सेवन करनेसे किडनीको नुकसान पहुंचनेकी संभावना नहीं होती है। चिन्ताका विषय अक्सर कैफीनका अत्यधिक सेवन और व्यक्तिकी अपनी शारीरिक संवेदनशीलता होती है। कैफीनकी अधिक मात्रा अस्थायी रूपसे ब्लड प्रेशर बढ़ा सकती है, जबकि लम्बे समयतक अनियंत्रित हाई ब्लड प्रेशर क्रोनिक किडनी डिसीज (गुर्दे की दीर्घकालिक बीमारी) के लिए एक बड़ा जोखिम कारक है। डाक्टरने सलाह दी, 'जिन लोगोंको पहलेसे ही हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) या किडनीसे जुड़ी समस्याएं हैं, उन्हें अपने कैफीन सेवनके बारेमें अपने डाक्टरसे बात करनी चाहिए।' एक और चिन्ताका विषय किडनी स्टोन (पथरी) का बनना है। दरसअल चायमें ऑक्सालेट होते हैं। ये प्राकृतिक रूपसे पाये जाने वाले यौगिक हैं। यदि कोई व्यक्ति इनका अधिक मात्रामें सेवन करता है तो उनमें कैल्शियम ऑक्सालेट स्टोन बननेका खतरा हो सकता है। यह जोखिम व्यक्तिके खान-पान, तरल पदार्थोंके सेवन और पहले कभी पथरी होनेके इतिहासपर निर्भर करता है। चाय और कॉफीमें बहुत अधिक चीनी, फ्लेवर्ड सिरप या मीठी क्रीम मिलानेसे वजन बढ़ सकता है और टाइप २ डायबिटीजका खतरा भी बढ़ सकता है। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर, दोनों ही क्रॉनिक किडनी डिसीज (लम्बे समयतक चलने वाली किडनीकी बीमारी) के प्रमुख कारण हैं। किडनीकी बीमारीसे जूझ रहे लोगोंको, उनकी पोषण संबंधी जरूरतों और लैब टेस्टके नतीजोंके आधारपर, दूध और अन्य चीजोंके सेवनको लेकर अलग-अलग डाइट सलाह की जरूरत पड़ सकती है। एस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशनके अनुसार ज्यादातर वयस्कोंके लिए रोजाना ४०० मिलीग्राम कैफीनका सेवन करनेसे आम तौरपर कोई बुरा असर नहीं पड़ता, हालांकि हर व्यक्तिकी सहनशक्ति अलग-अलग हो सकती है। इसके साथ ही शरीरमें पानीकी पर्याप्त मात्रा बनाये रखना, चीनीका सेवन कम रखना और ब्लड प्रेशर तथा ब्लड ग्लूकोजको नियंत्रित रखना भी उतना ही जरूरी है। -वसुधा त्रिवेदी, वाया ईमेल।

वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियां

विश्व अर्थव्यवस्था ऐसे दौरसे गुजर रही है, जहां विकासकी संभावनाओंके साथ अनिश्चितताओंका दायरा भी लगातार बढ़ रहा है। एक ओर तकनीकी प्रगति और व्यापारिक गतिविधियां आर्थिक वृद्धिको गति दे रही हैं तो वहीं, युद्ध, ऊर्जा संकट और वित्तीय बाजारोंमें अस्थिरता वैश्विक आर्थिक व्यवस्थाकी परीक्षा ले रहे हैं।

❐ महेन्द्र तिवारी

बैंकांकमें १३ से १७ अक्तूबर २०२६ के दौरान आयोजित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंककी वार्षिक बैठकोंमें वैश्विक चुनौतियोंपर गम्भीर विचार-विमर्श हुआ। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकी अक्तूबर २०२६ की विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्टके अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी वृद्धि दर २०२६ में ३.१ प्रतिशत रहनेका अनुमान है, जबकि २०२७ में इसके बढ़कर ३.४ प्रतिशत होनेकी सम्भावना व्यक्त की गयी है। इसके बावजूद संस्थाने चेतावनी दी है कि मौजूदा आर्थिक मजबूतीको स्थायी मान लेना उचित नहीं होगा। युद्ध, महंगी, ऋण और तकनीकी निवेशसे जुड़े जोखिम इस वृद्धिको प्रभावित कर सकते हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी पहली बड़ी चुनौती युद्ध और उससे उत्पन्न ऊर्जा संकट है। पश्चिम एशियामें जारी संघर्षने कच्चे तेलकी आपूर्ति, समुद्री परिवहन और अंतरराष्ट्रीय व्यापारके सामने नयी कठिनाइयां पैदा की हैं। विशेष रूपसे होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गमें किसी भी प्रकारका व्यवधान दुनियाके अनेक देशोंकी अर्थव्यवस्थाको प्रभावित कर सकता है। इस मार्गसे होने वाला ऊर्जा व्यापार बाधित होनेपर तेल और गैसकी कीमतें बढ़ सकती हैं। इसका प्रभाव केवल पेट्रोल और डीजलतक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवहन, बिजली उत्पादन, कृषि, उर्वरक निर्माण और औद्योगिक उत्पादनकी लागतपर भी पड़ता है। ऊर्जाकी कीमतोंमें वृद्धिका सबसे अधिक बोझ उन देशोंपर पड़ता है, जो अपनी आवश्यकताओंके लिए दूसरे देशोंसे तेल और गैस आयात करते हैं। भारत भी इस श्रेणीमें आता है। यदि अंतरराष्ट्रीय बाजारमें कच्चा तेल महंगा होता है तो देशका आयात व्यय बढ़ सकता है। इससे व्यापार संतुलन, रुपयेकी विनिमय दर और घरेलू महंगीपर दबाव पड़नेकी आशंका रहती है। वस्तुओंके परिवहनकी लागत बढ़नेसे खाद्य पदार्थों और दैनिक उपयोगकी वस्तुओंके दाम भी प्रभावित हो सकते हैं। इस प्रकार युद्धका प्रभाव युद्धक्षेत्रसे हजारों किलोमीटर दूर रहने वाले सामान्य नागरिकोंकी रसोईतक पहुंच जाता है।



वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी वर्तमान स्थिति कहती है कि आर्थिक वृद्धि अपने आपमें पर्याप्त नहीं है। विकास तभी टिकाऊ माना जा सकता है, जब वह महंगीको नियंत्रित करने, रोजगार बढ़ाने, सार्वजनिक ऋणको सम्भालने और सामाजिक असमानता घटानेमें भी सहायक हो। युद्ध और व्यापारिक तनावोंको कम करनेके लिए कूटनीतिक प्रयास, सार्वजनिक वित्तमें अनुशासन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ताके जिम्मेदार उपयोगके लिए प्रभावी नियम समयकी आवश्यकता हैं। विश्वके देशोंको यह समझना होगा कि आजकी परस्पर जुड़ी अर्थव्यवस्थामें किसी एक क्षेत्रका संकट शीघ्र ही दूसरे क्षेत्रोंतक पहुंच सकता है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषने अक्तूबरकी अपनी रिपोर्टमें २०२६ के लिए वैश्विक महगी दर ४.७ प्रतिशत रहनेका अनुमान लगाया है। इसके बाद २०२७ में इसके घटकर ४.१ प्रतिशत होनेकी संभावना व्यक्त की गयी है। हालांकि ये अनुमान उपलब्ध आंकड़ों और मौजूदा परिस्थितियोंपर आधारित हैं। यदि संघर्ष बढ़ता है, ऊर्जा आपूर्तिमें लम्बे समयतक बाधा आती है या व्यापारिक तनाव गहराता है तो महंगीपर दबाव अनुमानसे अधिक हो सकता है। इसलिए सरकारोंके सामने चुनौती केवल आर्थिक वृद्धि बनाये रखनेकी नहीं, बल्कि आम लोगोंकी क्रयशक्तिकी रक्षा करनेकी भी है। दूसरी बड़ी चुनौती बढ़ता सार्वजनिक ऋण है। अनेक देशोंने महामारी, आर्थिक मंदी, युद्ध और सामाजिक कल्याण योजनाओंके प्रभावोंसे निबटनेके लिए भारी उधारी ली है। अब बढ़ती ब्याज दरों और महंगी होती उधारीके कारण उनके लिए ऋण चुकाना कठिन होता जा रहा है। जब सरकारी आयका बड़ा हिस्सा ब्याज और पुराने कर्जकी अदायगीमें खर्च होता है, तब शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आधारभूत संरचना और गरीबी उन्मूलन जैसी योजनाओंके लिए संसाधन सीमित हो जाते हैं।

विकासशील देशोंकी स्थिति विशेष रूपसे चिन्ताजनक है। इन देशोंको एक ओर अपने नागरिकोंकी बुनियादी जरूरतें पूरी करनी हैं, वहीं दूसरी ओर आर्थिक विकासके लिए निवेश भी करना है। यदि विदेशी मुद्रामें लिया गया ऋण महंगा हो जाय या उनकी मुद्राका मूल्य गिर जाय तो ऋण चुकानेका बोझ और बढ़ जाता है। ऐसेमें अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंककी भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। जरूरतमंद देशोंको वित्तीय सहायता उपलब्ध करानेके साथ उन्हें ऐसी नीतियां अपनानेमें सहयोग देना आवश्यक है, जिनसे आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़े और भविष्यमें अत्यधिक उधारीकी आवश्यकता कम हो। १७ अक्तूबरको बैंकांकमें हुई अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकी अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक एवं वित्तीय समितिकी बैठकके बाद जारी वक्तव्यमें युद्धसे उत्पन्न आर्थिक कठिनाइयों और ऊंची ऊर्जा कीमतोंका सामना कर रहे देशोंको अधिक सहायता देनेकी आवश्यकतापर जोर दिया गया। समितिने यह भी स्वीकार किया कि बढ़ते व्यापारिक तनाव और भू-राजनीतिक विभाजनसे वैश्विक आपूर्ति शृंखलाएं प्रभावित हो सकती हैं। इससे स्पष्ट है कि आर्थिक संकटका समाधान केवल अलग-अलग देशोंकी नीतियोंसे सम्भव नहीं है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और साझा जिम्मेदारी आवश्यक है।

तीसरी बड़ी चुनौती कृत्रिम बुद्धिमत्ताके क्षेत्रमें तेजीसे बढ़ता निवेश है। इस तकनीकने उद्योग, चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, बैंकिंग और संचारके क्षेत्रमें नयी संभावनाएं पैदा की हैं। बड़ी कम्पनियां आंकड़ा केन्द्रों, उन्नत संगणक उपकरणों और नयी तकनीकोंपर भारी धन खर्च कर रही हैं। इससे निवेश, उत्पादन और व्यापारको प्रोत्साहन मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषने भी माना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्तासे संबंधित निवेशने वैश्विक आर्थिक वृद्धिको सहारा दिया है। लेकिन इस विकासके साथ वित्तीय जोखिम भी जुड़े हैं। यदि निवेशकोंकी उम्मीदें वास्तविक उपलब्धियोंसे बहुत आगे निकल जाती हैं तो कम्पनियोंके मूल्यांकनमें असंतुलन पैदा हो सकता है। मान लीजिए कि किसी कम्पनीमें इस उम्मीदसे भारी निवेश किया जाता है कि उसकी नयी तकनीक भविष्यमें बहुत अधिक लाभ देगी। यदि अपेक्षित लाभ नहीं मिलता तो निवेशकोंका विश्वास कमजोर पड़ सकता है। इसके परिणामस्वरूप कम्पनियोंके शेयरोंकी कीमतें गिर सकती हैं, निवेश घट सकता है और वित्तीय बाजारोंमें व्यापक अस्थिरता पैदा हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकी अक्तूबर रिपोर्टमें कृत्रिम बुद्धिमत्तासे संबंधित निवेशकी संभावित गिरावटको वैश्विक अर्थव्यवस्थाके लिए एक महत्वपूर्ण जोखिम बताया गया है। संस्थाने यह भी संकेत दिया है कि यदि इस तकनीकसे अपेक्षित उत्पादकता लाभ मिलता है तो आर्थिक वृद्धिको अतिरिक्त गति मिल सकती है। अर्थात् इसके परिणाम दोनों दिशाओंमें जा सकते हैं। समस्या तकनीकी विकासमें नहीं, बल्कि वास्तविक क्षमतासे अधिक उम्मीदें लगाने और जोखिमोंकी उपेक्षा करनेमें है। कृत्रिम बुद्धिमत्ताका एक दूसरा पक्ष रोजगार और आर्थिक असमानतासे संबंधित है। नयी तकनीक अनेक कामोंको सरल और तेज बना सकती है, लेकिन कुछ पारम्परिक कार्योंकी आवश्यकता भी घट सकती है। यदि श्रमिकोंको समयपर प्रशिक्षण और नये कौशल प्राप्त करनेके अवसर नहीं मिलते तो रोजगार संबंधी कठिनाइयां बढ़ सकती हैं। तकनीकी निवेशका लाभ उन देशों और कम्पनियोंको अधिक मिल सकता है, जिनके पास पर्याप्त पूंजी, बिजली, डिजिटल आधारभूत संरचना और प्रशिक्षित कर्मचारी हैं। दूसरी ओर कमजोर अर्थव्यवस्थाएं इस परिवर्तनके साथ कदम मिलानेमें पीछे रह सकती हैं। इसलिए तकनीकी प्रगतिके साथ शिक्षा, प्रशिक्षण और सामाजिक सुरक्षापर भी निवेश करना आवश्यक है। भारतके लिए इन चुनौतियोंमें जोखिमके साथ अवसर भी छिपे हुए हैं। देशको ऊर्जाके विभिन्न स्रोतोंका विकास करना चाहिए, ताकि किसी एक क्षेत्र या आपूर्तिकर्तापर अत्यधिक निर्भरता न रहे। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और अन्य स्वच्छ ऊर्जा विकल्पोंको बढ़ावा देनेसे दीर्घकालमें आयात संबंधी जोखिम कम किये जा सकते हैं। साथ ही सार्वजनिक व्ययमें अनुशासन बनाये रखते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, अनुसंधान और रोजगार सृजनके लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराना जरूरी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ताके क्षेत्रमें भारत अपनी युवा आबादी, तकनीकी प्रतिभा और व्यापक घरेलू बाजारका लाभ उठा सकता है। इसके लिए केवल नयी तकनीक खरीदना पर्याप्त नहीं होगा। देशमें अनुसंधान, कौशल विकास, सुरक्षित आंकड़ा व्यवस्था और स्थानीय आवश्यकताओंके अनुरूप तकनीकी समाधान विकसित करनेपर भी ध्यान देना होगा। छोटे उद्योगों और सामान्य नागरिकोंतक तकनीकी लाभ पहुंचाना जरूरी है, ताकि इसका लाभ कुछ बड़ी कम्पनियोंतक सीमित न रहे। अंततः वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी वर्तमान स्थिति यह संदेश देती है कि आर्थिक वृद्धि अपने आपमें पर्याप्त नहीं है। विकास तभी टिकाऊ माना जा सकता है, जब वह महंगीको नियंत्रित करने, रोजगार बढ़ाने, सार्वजनिक ऋणको सम्भालने और सामाजिक असमानता घटानेमें भी सहायक हो। युद्ध और व्यापारिक तनावोंको कम करनेके लिए कूटनीतिक प्रयास, सार्वजनिक वित्तमें अनुशासन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ताके जिम्मेदार उपयोगके लिए प्रभावी नियम समयकी आवश्यकता हैं। विश्वके देशोंको यह समझना होगा कि आजकी परस्पर जुड़ी अर्थव्यवस्थामें किसी एक क्षेत्रका संकट शीघ्र ही दूसरे क्षेत्रोंतक पहुंच सकता है। सहयोग, दूरदर्शिता और संतुलित नीतियोंके माध्यमसे ही आर्थिक विकासकी सम्भावनाओंको सुरक्षित रखा जा सकता है।

अंधाधुंध विकास से भीषण संकट

हम प्रकृतिका संदेश नहीं सुन रहे हैं। प्रकृतिका संदेश व्यापक और स्पष्ट रूपसे है कि स्वयंको बदलो या बर्बाद हो जाओ। सवाल यह है कि क्या हम अपने ध्यान भटकाने वाली चीजोंके शोर-शराबेके बीच इसे सुन सकते हैं।


❐ सुनीता नारायण

नेपालमें बाढ़से १४१० से अधिक व्यक्तियोंकी मौतकी पुष्टि हो चुकी है और अभी भी हजारों लोग लापता हैं। यह एक बेहद बड़ी एव दर्दनाक मानवीय त्रासदी है लेकिन एक तरहसे मनुष्यके जान-बूझकर किये गये कार्यों और हाथ-पर-हाथ धरे रहनेके कारण भी है। असलियतमें यह त्रासदी हमारी सोचका परिणाम है। मनुष्य का यह विश्वास है कि वह कुछ भी फिरसे बना या बदल सकता है। हम ब्रह्मांड और इसमें मौजूद सभी वस्तुओंको नियंत्रित कर सकते हैं। हम ही सबसे ताकतवर जीव हैं जो जलवायु परिवर्तनका सामना कर सकते हैंए, आखिर यह तो मौसमसे जुड़ी एक छोटी और मामूली-सी बात है। दरअसल यह सब हमारी वजहसे हो रहा है। मुझे इसे सिलसिलेवार ढंगसे समझाने दें। पहला सवाल यह है कि नेपालमें २६ अगस्तको क्या हुआ। हम सभीने जो तस्वीरें देखी होंगी, वे पहाड़के गिरनेकी हैं-बस ढहनेकी-जब अचानक बाढ़ और ढेरों मलबेने अपने रास्तेमें आने वाली सभी वस्तुओंको दफन कर दिया। इसमें चीनके आव्रजन कार्यालयकी विशाल इमारत भी शामिल थी। यह डरावना दृश्य-सा है, जैसे किसी वैज्ञानिक कल्पनापर आधारित फिल्मसे निकला हो।

अब हम जानते हैं कि यह अचानक आयी बाढ़ अत्यधिक बादल फटनेसे नहीं हुई थी। यह लांगटांग लिरुंग चोटीके पास ऊंचे हिमखंडके ढहनेसे शुरू हुई थी। इसमें अनुमानित १४.२ करोड़ घन मीटर बर्फ और चट्टानें खिसकीं और इससे ५.२ तीव्रताकी भूकम्पीय घटना हुई। इससे प्राकृतिक बांधोंका निर्माण हुआ, जिनमें पानी एवं हिमनदसे बहाकर लायी गाद जमा हो गयी। फिर जब यह बांध टूटा तो इससे निचले इलाकेमें और भी विनाशकारी बाढ़ आयी। इसका कोई मुख्य कारण नहीं है लेकिन दो घटनाओंने इस क्षेत्रमें इस और इसी तरहकी अन्य त्रासदियोंमें बहुत योगदान दिया है। एक है जलवायु परिवर्तनके कारण होने वाली गर्मी। तापमान बढ़नेसे हिमनद पिघलते हैं। यह पिघलकर जब पहाड़से नीचेकी ओर आते हैं तो इससे हिमोढ़ ढलानें कटने लगती हैं। यह बम है जो फटनेके लिए तैयार है। ऐसा नेपालमें भी हुआ है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तनके कारण बेहद मुश्किल मौसम वाली घटनाओंकी आवृत्ति और तीव्रता बढ़ रही है और इससे बाढ़ और भूस्खलन जैसी भीषण आपदाएं आती हैं। ऐसी घटनाएं २०२५ में हिमाचल प्रदेश, २०२४ में सिक्किम और २०२१ में चमोलीमें देखी गयीं। लिहाजा हम जिम्मेदार हैं, हम सभी। इसमें विशेष रूपसे वे देश भी हैं, जिन्होंने वायुमंडलमें ग्रीनहाउस उत्सर्जनके बढ़नेमें सबसे अधिक योगदान दिया है। ग्रीनहाउसके कारण तापमान बढ़ा रहा है और इससे बेकाबू विनाश हो रहा है। लोगोंकी मौतकी ऐतिहासिक जिम्मेदारीसे सर्वाधिक अमीर और सबसे विकसित देश भी पल्ला नहीं झाड़ सकते हैं।

नेपालमें मरने वालोंकी संख्या बढ़ रही थी लेकिन विश्व १८७० के औद्योगिक कालकी तुलनामें १.५ डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धिकी सीमासे नीचे रहनेके परिकल्पित रास्तेपर आगे बढ़नेको तैयार नहीं था। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रमका अनुमान है कि दुनिया कुछ ही वर्षोंमें इस दायरेको लांघ जायगी। वैज्ञानिकोंको पता है कि १.५ डिग्री सेल्सियससे परे तापमान बढ़नेके प्रभाव बढ़ते जायंगे। इसके प्रभाव कहीं अधिक विनाशकारी होंगे- बर्फकी चादरोंके ढहनेसे लेकर अटलांटिक मेरिडियल ओवरटेकिंग सर्कुलेशन जैसी समुद्री धाराओंमें व्यवधान और बहुत कुछ। इस गर्मीमें हमने जो बेहद गर्मी, आग और अन्य मौसमकी असामान्यताएं देखीं, वे केवल उसकी झांकियां थी। काफी घटनाएं होनेका इंतजार कर रही हैं। फिर भी हम अपने पृथ्वीके तंत्रमें टूटनको लेकर शांत दिखते हैं। आज हम इंसानके अनुचित कृत्यों, जैसे बेवजह युद्धोंके कारण आर्थिक और आजीविकाकी चिन्ताओंसे बेहद विचलित हैं और यह मौजूदा संकट महत्वहीन लगता है। हम उत्सर्जनपर महज पैबंद लगा रहे हैं और प्रकृत्तिके दायरेमें रहनेके लिए बदलाव नहीं कर रहे हैं।

हिमालयके मुद्देपर वापस आते हैं। हम जानते हैं कि पारिस्थितिकीतंत्रके इन ज्वलंत स्थानोंपर कभी भी फटने वाले बमोंको विकासकी प्रकृतिने और बदहाल कर दिया है। हम प्रकृतिका ध्यान रखनेके बारेमें बढ़ चढ़कर बातें करते हैं लेकिन उसपर ध्यान ही नहीं दिया जाता है। हमें बदलती जलवायुपर अनिवार्य रूपसे जितना ध्यान रखना चाहिए, उतना रखते नहीं हैं। हम असलियतमें यह विश्वास करते हैं कि हम जो कर सकते हैं, उसे करते रहेंगे और उसका कोई प्रभाव भी उजागर नहीं होगा। जैसे संकीर्ण नदियोंपर बांध बनाकर तैयार होने वाली जलविद्युत परियोजनाओंको लें। मैंने पहले भी कहा है और इसे दोहराऊंगी, यह बांध विकासके नहीं है, बल्कि लापरवाहीके साथ किया विकास है। भारतके हिमालय क्षेत्रमें एकके बाद एक परियोजनाएं आ रही हैं, ताकि गंगाका स्वरूप ही बदल दिया जाय। गंगा स्वाभाविक रूपसे प्रवाहित होना बंद कर देंगी। इसका कारण यह है कि ये परियोजनाएं गंगाके पानीको नियंत्रित करेंगी, इसे बिजली उत्पन्न करनेके लिए ले जायंगी और फिर इसे वापस छोड़ देंगी। इसके साथ ही, हम पहाड़ोंमें सुरंगें बना रहे हैं और सड़कें बना रहे हैं, अक्सर ढलान प्रबंधनके प्रावधानके बिना। मैं और भी बहुत कुछ बता सकती हूं। सचाई यह है कि हम प्रकृतिका संदेश नहीं सुन रहे हैं। प्रकृतिका यह संदेश व्यापक और स्पष्ट रूपसे है-अपनी मानसिकता बदलोय यह सोच कि तुम मुझे वशमें कर सकते हो और मुझे घुटनोंपर ला सकते हो, काम नहीं करेगी। संदेश है 'बदलो या बर्बाद हो जाओ'। सवाल यह है कि क्या हम अपने ध्यान भटकाने वाली चीजोंके शोर-शराबेके बीच इसे सुन सकते हैं।



भरत मिलाप

❐ सदानन्द शास्त्री

भरतको जब पता चला कि माता कैकेयीने उन्हें राजसिंहासनपर बैठानेके लिए रामको १४ वर्ष का वनवास दिलाया है तो वह मातासे भला-बुरा कहने लगे और रामको वापस लानेके लिए वनकी ओर चल दिये। उधर वनमें प्राकृतिक शोभासे युक्त दर्शनीय स्थल चित्रकूट पर्वतपर निवास करते हुए राम-सीता प्राकृतिक छटाका आनन्द ले रहे थे, सहसा उन्हें चतुरंगिणी सेनाका कोलाहल सुनाई दिया और वन्य पशु इधर-उधर भागते हुए दिखाई दिये। यह देखकर राम लक्ष्मणसे बोले, ऐसा प्रतीत होता है कि इस वन-प्रदेशमें वन्य पशुओंके आखेट हेतु किसी राजा या राजकुमारका आगमन हुआ है। तुम जाकर इसका पता लगाओ। लक्ष्मण तुरन्त एक ऊंचे वृक्षपर चढ़ गये। उन्होंने देखा, उत्तर दिशासे एक विशाल सेना हाथी, घोड़ों और अस्त्र-शस्त्रोंसे सुसज्जित सैनिकोंके साथ चली आ रही है जिसके आगे अयोध्याकी पताका लहरा रही थी। लक्ष्मण समझ गये कि वह अयोध्याकी सेना है। रामके पास आकर क्रोधसे लक्ष्मणने कहा, भैया! कैकेयीका पुत्र भरत सेना लेकर इधर चला आ रहा है। वह वनमें अकेला पाकर हमारा वध कर देना चाहता है जिससे निष्कंटक होकर अयोध्यापर राज्य कर सके। मैं इस भरतको उसके पापोंका फल चखाऊंगा। रामने कहा, लक्ष्मण! तुम ये कैसी बातें कर रहे हो। भरत तो मुझे प्राणोंसे भी प्रिय है। अवश्य ही वह मुझे अयोध्या वापस ले जानेके लिए आया होगा। बादमें लक्ष्मण अपने कठोर शब्दोंके लिए क्षमा मांगते हैं और भरत राम जीकी चरण पादुकाएं अयोध्या ले जाते हैं एवं राजकाज संभालते हैं। लखन राम सियं सुनि सुर बानी। अति सुखु लहेउ न जाइ बखानी॥ इहां भरतु सब सहित सहाय। मंदाकिनीं पुनीत नहाय॥ सरित समीप राखि सब लोगा। मागि मातु गुर सचिव नियोगा॥ चले भरतु जहं सिय रघुराई। साथ निषादनाथु लघु भाई॥ लक्ष्मणजी, श्री रामचंद्रजी और सीताजीने देवताओंकी वाणी सुनकर अत्यंत सुख पाया, जो वर्णन नहीं किया जा सकता। यहां भरतजीने सारे समाजके साथ पवित्र मंदाकिनीमें स्नान किया। फिर सबको नदीके समीप ठहराकर तथा माता, गुरु और मंत्रीकी आज्ञा मांग कर निषादराज और शत्रुघ्नको साथ लेकर भरतजी वहां चले जहां श्री सीताजी और श्री रघुनाथजी थे।

हड्डियों के बदलाव को गम्भीरता से लें

❐ ऋतुपर्ण दवे


हड्डी गतिशील ऊतक है जो अस्थि निर्माण, मॉडलिंग और रीमॉडलिंग जैसी कई प्रक्रियाओंके माध्यमसे लगातार बदलती और अनुकूलित होती रहती है। इसमें आम तौरपर अस्थि क्लास्ट और अस्थि ब्लास्टकी समन्वित गतिविधियां शामिल होती हैं। अस्थि ब्लास्ट वह प्रक्रिया है, जिसमें विशेष कोशिकाएं नयी हड्डीके निर्माण और हड्डीके विकासमें मदद करती हैं। यह हड्डीमें कैल्शियम और अन्य खनिजोंको जमा करके नया अस्थि ऊतक तैयार करती हैं। ब्लास्ट कोशिकाएं अपरिपक्व या शुरुआती स्तरकी कच्ची कोशिकाएं होती हैं जो अस्थि मज्जामें बनती हैं और बादमें परिपक्व होकर लाल रक्त कोशिकाएं, श्वेत रक्त कोशिकाएं या प्लेटलेट्समें बदल जाती हैं। सामान्य अस्थि मज्जामें इनकी संख्या बहुत कम (पांच प्रतिशतसे कम) होती है। यदि अस्थि मज्जा या रक्तमें ब्लास्ट कोशिकाओंकी संख्या बीस प्रतिशत या उससे अधिक हो जाय तो यह ल्यूकेमिया यानी रक्त कैंसर या अन्य अस्थि मज्जा विकारोंका संकेत हो सकता है। जबकि अस्थि क्लास्ट विशेष प्रकारकी अस्थि कोशिकाएं होती हैं, जिनका मुख्य काम पुरानी, क्षतिग्रस्त या अनावश्यक हड्डीके ऊतकोंको तोड़ना और अवशोषित करना होता है। इस चक्रमें गड़बड़ीसे हड्डियोंके स्वास्थ्यमें जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। इनमेंसे एक जटिलता ऑस्टियोपोरोसिस है, जिससे विश्व स्तरपर लाखों लोग प्रभावित हैं। यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही हैं। इससे अमूमन प्रतिवर्ष लगभग नौ लाख लोगोंकी हड्डियां टूटती हैं। ऑस्टियोपोरोसिस एक जटिल विकार है जो जीवनशैली, शारीरिक गतिविधियां, आनुवंशिकी, हार्मोनल और अंत:स्रावी तंत्र, सह-रुग्णता यानी पूर्वसे मौजूदा रोग और कुछ दवाओंके उपयोग सहित कई कारकोंसे प्रभावित होता है। इसीसे बचाव, निदान और उपचारके लिए जागरूक करनेके हेतु हर वर्ष २० अक्तूबरको विश्व ऑस्टियोपोरोसिस-डे अलग-अलग थीमके साथ मनाया जाता है। इस वर्षकी थीम है 'बिल्ड, प्रोटेक्ट, स्ट्रेनदन योर बोन्स फॉर लाइफ' यानी जीवनभरके लिए अपनी हड्डियोंका निर्माण करें, रक्षा करें और उन्हें मजबूत बनायें। ऑस्टियोपोरोसिसको साइलेंट यानी 'खामोश बीमारी' कहा जाता है, क्योंकि शुरुआती दौरमें इसके कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखते हैं। प्रायः इसका पता तब चलता है जब मामूली झटके, छींकने या गिरनेसे हड्डी टूट जाती है। इसके कारण कूल्हे, रीढ़ और कलाईकी हड्डियां टूटनेका खतरा सबसे ज्यादा रहता है।

विश्व आस्टियोपोरोसिस दिवसका मुख्य उद्देश्य लोगोंमें हड्डियोंकी कमजोरी और नाजुक होनेकी बीमारीके कारणों, इसकी रोकथाम और शुरुआती निदान एवं इलाजके प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। इस अभियानका नेतृत्व वैश्विक स्तरपर इंटरनेशनल ऑस्टियोपोरोसिस फाउंडेशन यानी आईओएफ द्वारा किया जाता है। सच तो यह है कि उम्र बढ़नेके साथ नयी हड्डियोंके बननेकी तुलनामें पुरानी हड्डियोंके नष्ट होनेकी गति तेज हो जाती है। हार्मोनल बदलावके चलते महिलाओंमें मेनोपॉज यानी महावारी बंद होनेके बाद एस्ट्रोजन हार्मोनकी कमीसे यह समस्या तेजीसे बढ़ती है। वहीं पुरुषोंमें ५०-६० वर्षकी आयुके बाद जोखिम बढ़ जाता है। पोषणकी कमी होनेसे भी शरीरमें कैल्शियम और विटामिन-डी की भारी कमी हो जाती है जिससे भी हड्डी कमजोर हो जाती है और इसके टूटनेका खतरा बढ़ जाता है। अन्य कारणोंसे भी हमारी हड्डियां कमजोर और क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। शारीरिक गतिविधियोंमें सक्रिय न रहना, धूम्रपान, अत्यधिक शराब पीना और कुछ खास दवाओं (जैसे स्टेरॉयड) का लम्बे समयतक इस्तेमालका भी प्रभाव पड़ता है। इसका पता लगानेके लिए आम तौरपर प्रचलित साधारण एक्स-रे की जगह डेक्सा स्कैन कराया जाता है जिसे चिकित्सकीय भाषामें बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट कहते हैं। ऑस्टियोपोरोसिस इसलिए भी बहुत खतरनाक हो जाता है, क्योंकि इसके कोई शुरुआती लक्षण नहीं दिखते हैं। इस बीमारीमें कोई संकेत भी नहीं मिलता है जिससे महसूस हो सके कि आस्टियोपोरोसिससे व्यक्ति घिरता जा रहा है। इस बीमारीमें सिरदर्द, बुखार या पेट दर्द भी नहीं होता जिससे पता चल सके कि शरीरमें कुछ गड़बड़ी है। हां बहुत ही मामूली तौरपर शरीरमें कुछ बदलाव नजर आ सकते हैं जो यह संकेत दे सकते हैं कि हड्डियां कमजोर या घनी हो रही हैं। ऑस्टियोपोरोसिसके संकेतोंके लिए कुछ चेतावनियां भी हैं जैसे कि लम्बाईमें इंच-सवाइंच या उससे अधिककी कमी होना। स्वाभाविक शारीरिक मुद्रामें परिवर्तन, जैसे झुकना या आगेकी ओर अधिक मुड़ना, सांस लेनेमें तकलीफ होती है जिसकी वजह रीढ़की हड्डीमें डिस्कके संकुचित होनेसे फेफड़ोंकी क्षमता कम हो जाती है।

किसी व्यक्ति द्वारा अपने शारीरिक रूपमें होने वाले बदलावोंको पहचानना मुश्किल हो सकता है। इसको स्वजन या अन्य लोग जिनसे आप कुछ अन्तरालसे मिल रहे हैं वही बता सकते हैं कि शरीरमें क्या बदलाव दिख रहे हैं। इसके लिए एक सुझाव यह भी दिया जाता है कि स्वास्थ्य सेवा प्रदातासे मिलकर अस्थि घनत्व परीक्षण करवाना चाहिए। ५० वर्षसे अधिक आयुके लगभग एक-तिहाई वयस्कोंमें, जिन्हें ऑस्टियोपोरोसिस नहीं है, ऑस्टियोपेनिया पाया जाता है। इसका अर्थ यह है कि उनकी हड्डियोंका घनत्व उनकी उम्रके हिसाबसे कम है। यह भी ऑस्टियोपोरोसिसके प्रारंभिक लक्षण हैं। यदि ऑस्टियोपेनियाका इलाज समयपर न किया गया तो यह ऑस्टियोपोरोसिसमें परिवर्तित हो सकता है। इसलिए बढ़ती उम्रमें ऐसी बीमारियोंसे बचनेके लिए सचेत रहते हुए समय-समयपर जरूरी चिकित्सकीय परामर्श लेते रहना आवश्यक होता है।

वृंदावन में 'हमारे राम' के भव्य मंचन ने छोड़ी अमिट छाप, श्रद्धा, संस्कृति और भावनाओं से सराबोर हुई यादगार संध्या

स्व0 सुरेश चंद्र अग्रवाल की ७५वीं जन्म जयंती पर अविस्मरणीय आयोजन; जीवन यात्रा पर आधारित बायोपिक ने किया भावुक, आशुतोष राणा के सशक्त अभिनय ने जीता दिल, भव्य सजावट और आत्मीय आतिथ्य की हुई सराहना



मथुरा। धर्मनगरी वृंदावन मंगलवार की शाम एक ऐसी भावपूर्ण एवं अविस्मरणीय सांस्कृतिक संध्या की साक्षी बनी, जिसमें श्रद्धा, स्मृतियों, भक्ति और रंगमंच की उत्कृष्ट कला का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्वीटी बाय एम. आर. ग्रुप के संस्थापक स्वर्गीय श्री सुरेश चंद्र अग्रवाल जी की ७५वीं जन्म जयंती के अवसर पर स्वामी हरिदास ऑडिटोरियम, गीता शोध संस्थान में आयोजित प्रसिद्ध नाट्य प्रस्तुति 'हमारे राम' ने दर्शकों के हृदय पर गहरी छाप छोड़ी। अपने पूजनीय संस्थापक की स्मृतियों को समर्पित इस विशेष आयोजन में जहां उनके प्रेरणादायी जीवन, संघर्षों और संस्कारों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई, वहीं भगवान श्रीराम के आदर्शों पर आधारित भव्य नाट्य मंचन ने पूरी संध्या को आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक गरिमा से भर दिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ स्वर्गीय श्री सुरेश चंद्र अग्रवाल जी की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी अग्रवाल, पुत्र श्री सुनील कुमार अग्रवाल, पौत्र श्री लव कुमार बंसल तथा छोटे भाई श्री बनवारी लाल अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती लता अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। लव कुमार बंसल ने किया आत्मीय स्वागत, दादाजी की स्मृतियों और पारिवारिक संस्कारों को किया नमन दीप प्रज्वलन के पश्चात एम. आर. ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री लव कुमार बंसल ने सभागार में उपस्थित पूज्य संत-महात्माओं, विशिष्ट अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने पूजनीय दादाजी स्वर्गीय श्री सुरेश चंद्र अग्रवाल जी के प्रेरणादायी व्यक्तित्व, जीवन मूल्यों और परिवार से जुड़ी भावपूर्ण स्मृतियों को साझा किया। उन्होंने दादाजी की सादगी, कर्मठता, दूरदर्शिता और पारिवारिक संस्कारों का उल्लेख करते हुए उनके जीवन को संघर्ष, संकल्प और समर्पण की प्रेरणादायी मिसाल बताया। साथ ही उन्होंने अपने पिता सुनील कुमार अग्रवाल से मिले मार्गदर्शन, पारिवारिक मूल्यों और पीढ़ियों से चली आ रही संस्कारों की विरासत का भी उल्लेख किया। उनके उद्बोधन में अपने बुजुर्गों के प्रति सम्मान, परिवार के प्रति आत्मीयता और उन जीवन मूल्यों के प्रति कृतज्ञता का भाव दिखाई दिया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का आधार बनते हैं। जीवन यात्रा पर आधारित बायोपिक ने किया भावुक, संघर्ष और संस्कारों की स्मृतियां हुईं जीवंत- स्वागत उद्बोधन के पश्चात स्वर्गीय श्री सुरेश चंद्र अग्रवाल जी के जीवन पर आधारित लगभग १५ मिनट की विशेष बायोपिक प्रदर्शित की गई। इसमें उनके जीवन के संघर्षों, अथक परिश्रम, दृढ़ संकल्प, पारिवारिक मूल्यों और सफलता की प्रेरणादायी यात्रा को अत्यंत संवेदनशील एवं भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। पर्दे पर उनकी जीवन यात्रा के विभिन्न पड़ावों, पारिवारिक स्मृतियों और संघर्ष से सफलता तक की कहानी को देखकर सभागार में उपस्थित अनेक लोग भावुक हो उठे। कुछ क्षण ऐसे भी आए, जब दर्शकों की आंखें नम हो गईं, जबकि उनके जीवन के प्रेरणादायी प्रसंगों पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। यह बायोपिक केवल एक सफल उद्यमी के जीवन का परिचय नहीं थी, बल्कि उन संस्कारों, रिश्तों और मानवीय मूल्यों की भावपूर्ण अभिव्यक्ति थी, जिनके आधार पर उन्होंने अपने परिवार और व्यवसाय की मजबूत नींव रखी। उनकी स्मृतियों को समर्पित यह प्रस्तुति आयोजन के सबसे आत्मीय और भावुक क्षणों में से एक रही। आशुतोष राणा के प्रभावशाली अभिनय ने बांधा समां, 'हमारे राम' के मंचन में जीवंत हुए रामायण के प्रसंग बायोपिक के पश्चात फेलिसिटी थिएटर की बहुचर्चित नाट्य प्रस्तुति 'हमारे राम' का भव्य मंचन हुआ। भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों, मर्यादाओं और मानवीय मूल्यों को जिस कलात्मक संवेदनशीलता और प्रभावशाली शैली में मंच पर प्रस्तुत किया गया, उसने दर्शकों को प्रारंभ से अंत तक मंत्रमुग्ध बनाए रखा। प्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा ने रावण के चरित्र को अपने सशक्त अभिनय, गंभीर आवाज और प्रभावशाली संवाद अदायगी से जीवंत कर दिया। उनके अभिनय में रावण का अहंकार, विद्वत्ता, पराक्रम और आंतरिक द्वंद्व जिस गहराई के साथ उभरकर आया, उसने दर्शकों पर विशेष प्रभाव छोड़ा। मंच पर उनकी प्रभावशाली उपस्थिति और संवादों की गूंज ने प्रस्तुति को एक अलग ऊंचाई प्रदान की। वहीं, राहुल आर. भूचर ने भगवान श्रीराम के रूप में मर्यादा, करुणा, त्याग और आदर्शों की सुंदर अभिव्यक्ति की। अभिनेता तरुण खन्ना सहित अन्य कलाकारों ने भी अपने प्रभावशाली अभिनय से रामायण के विभिन्न पात्रों को जीवंत कर दिया। मनमोहक संगीत, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, भव्य मंच सज्जा और आधुनिक तकनीकी प्रभावों ने प्रस्तुति को और प्रभावशाली बनाया। लगभग तीन घंटे तक चले इस मंचन में कई प्रसंगों ने दर्शकों को भावविभोर किया, तो अनेक दृश्यों पर सभागार तालियों से गूंज उठा। भक्ति और भावनाओं से ओतप्रोत इस प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भगवान श्रीराम के आदर्शों और भारतीय संस्कृति की गहराइयों से जोड़ दिया। जयपुर और दिल्ली के कारीगरों की कलात्मक सजावट ने बढ़ाई आयोजन की शोभा- इस विशेष आयोजन की भव्यता केवल रंग. मंच तक सीमित नहीं रही। आयोजन स्थल की आकर्षक साज-सज्जा, पुष्प श्रृंगार और सुंदर प्रकाश संयोजन भी अतिथियों के आकर्षण का केंद्र रहे। जयपुर और दिल्ली से आए कुशल कारीगरों द्वारा तैयार की गई कलात्मक सजावट ने पूरे परिसर को उत्सवमय स्वरूप प्रदान किया। प्रवेश द्वार से लेकर मुख्य सभागार तक प्रत्येक स्थान पर सौंदर्य, सुरुचि और बारीकियों का विशेष ध्यान रखा गया। अतिथियों के स्वागत-सत्कार एवं भोजन-प्रसादी की व्यवस्थाएं भी अत्यंत सुव्यवस्थित रहीं। स्वादिष्ट व्यंजनों, आत्मीय व्यवहार और सहज आतिथ्य ने आगंतुकों के अनुभव को और सुखद बनाया। आयोजन की व्यवस्थाओं में भारतीय परंपरा के अनुरूप अतिथि-सम्मान और सेवा भाव की सुंदर झलक दिखाई दी। पूज्य संत-महात्माओं, प्रशास. निक अधिकारियों और गणमान्य हस्तियों की रही गरिमामयी उपस्थिति- इस भव्य सांस्कृतिक आयोजन में मथुरा-वृंदावन सहित विभिन्न क्षेत्रों से पधारे पूज्य संत-महात्माओं, धर्माचार्यों, आध्यात्मिक विभूतियों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशास. निक अधिकारियों, उद्योग एवं व्यापार जगत के प्रतिष्ठित प्रति. निधियों तथा समाज के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से जीएलए विश्व. विद्यालय के कुलाधिपति श्री नारायण दास अग्रवाल, रविकांत गर्ग, के. एम. चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष, कपिल गुप्ता, मुरादाबाद से तुषार अग्रवाल, श्रीनिवास, लखनऊ से मयंक गोयल, आदित्य गोस्वामी, विवेक अग्रवाल, दीपक अग्रवाल एवं सचिन अग्रवाल सहित अनेक प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मिले युवा उद्यमी अंकित बंसल, मथुरा की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर की चर्चा



मथुरा। मथुरा के युवा उद्यमी एवं लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष अंकित बंसल (बंसल फूड्स) ने नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात कर मथुरा जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के विषय पर महत्वपूर्ण चर्चा की। मुलाकात के दौरान अंकित बंसल ने मथुरा की बढ़ती आबादी एवं धार्मिक पर्यटन के दृष्टिगत जनपद में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा विश्वभर में आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में मथुरा में उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। अंकित बंसल ने सरकारी अस्पतालों के आधुनिकीकरण, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता, अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों, आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं तथा गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु बेहतर चिकित्सा व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ब्रज क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर उपचार के लिए दिल्ली, आगरा एवं अन्य बड़े शहरों की ओर रुख न करना पड़े, इसके लिए मथुरा में ही उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार होना चाहिए। इस दौरान अंकित बंसल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा को भगवान श्रीकृष्ण की पावन जन्मभूमि मथुरा आने का सादर आमंत्रण भी दिया। युवा उद्यमी अंकित बंसल ने कहा, ष्मथुरा की पहचान केवल धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी तक सीमित न रहे, बल्कि हमारा ब्रज क्षेत्र स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में भी विकास का नया उदाहरण बने। मेरा संकल्प है कि मथुरा के नागरिकों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को सरकार के समक्ष मजबूती से रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप मथुरा को भी आधुनिक सुविधाओं से संपन्न जनपद बनाने की दिशा में सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। मथुरा के विकास को लेकर सक्रिय युवा उद्यमी अंकित बंसल उद्योग, रोजगार, स्वच्छता एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों के साथ अब स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में भी प्रयासरत हैं।

सदर में ६० फिट रावण के पुतले का हुआ दहन, राम की हुई जय जयकार

कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने किया रामलीला का उद्घाटन



मथुरा। श्री सदर बाजार रामलीला कमेटी के तत्वाधान में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया । आज रामलीला का उद्घाटन धनुष पर तीर चढ़ाकर उ प्र सरकार के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने रूप से किया किया । इसके उपरांत लीला मंचन के दौरान मेघनाथ वध,अहिरावण वध, रावण वध और भगवान श्रीराम का माता पद सीता से पुर्नमिलन की लीला दिखाई गई। मेधनाथ और लक्ष्मण के बीच घनघोर युद्ध होता है। इसके बाद मेघनाथ का वध होता है तो रावण दुखी हो जाता है। इसके बाद रावण कुल के अंतिम योद्धा अपने पुत्र और पाताल लोक के राजा अहिरावण के पास जाता है। रावण के आह्वान पर पाताल लोक से आये अहिरावण ने छल और कपट के साथ विभीषण का वेश धारण कर सोते हुए राम और लक्ष्मण को मायावी स्वरूप में अपहृत कर लिया। इस प्रकार अपहृत राम और लक्ष्मण को लेकर अहिरावण पाताल लोक पहुंचा। इधर निद्रा से जागने के पश्चात हनुमान ने जब अपने प्रभु राम और लक्ष्मण को नहीं पाया तो उन्होंने विभीषण से प्रभु राम और लक्ष्मण विश्राम के विषय में जानकारी प्राप्त की। संतोषजनक उत्तर न होने पर हनुमान जी के क्रोध में विभीषण को सजा भी देने का मन बनाया। तभी विभीषण ने कहा कि मेरा स्वरूप सिर्फ अहिरावण भर सकता है। वही प्रभु राम और लक्ष्मण को उठाकर पाताल लोक ले गया होगा।उसका पता जानकर हनुमान सीधे पाताल लोक पहुंचे। जहां उन्होंने एक ही मुस्टिक के प्रहार से अहिरावण को धराशाई कर दिया। इस प्रकार हनुमान ने अहिरावण का वध कर राम और लक्ष्मण के जीवन की रक्षा की। मेघनाथ और अहिरावण के वध के पश्चात रावण के अकेला होने पर वह भारी क्रोध में रामा दल पर टूट पड़ा। जहां राम और रावण का घनघोर युद्ध हुआ। इसी दौरान हनुमान ने रावण से पराक्रम का पैमाना तय करने का निर्णय किया और हनुमान जी और रावण में युद्ध होता है । राम और रावण युद्ध काफी देर तक चला। राम रावण के कई शीश काट कर डालते रहे और रावण के शीश फिर से निकल आते रहे। तभी विभीषण ने आकर राम को बताया कि रावण की नाभी में अमृत है। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष अलका उपमन्यु एडवोकेट , पूर्व पार्षद रवि यादव, केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष भोला यादव, पार्षद विष्णु सैनी, भोले यादव,अनिल अग्रवाल,नरेन्द्र भारद्वाज,बांकेलाल शर्मा, विनोद यादव, नवनीत सरन सक्सैना, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष घनश्याम लोधी, कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि मनोज फौजदार, रविंद्र भारद्वाज, गुंजन खत्री, राजवीर चौधरी, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रतिमा सिंह, डा एस पी एस चौहान, दीपक यादव, हरेश शर्मा, दीपक शर्मा, मोहन मीणा, बार एसोसिएशन अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, सचिव मनोज शर्मा, विप्र नेता गौरव शर्मा आदि शामिल रहे।

अमित रूप प्रगटे तेहि काला, जथा जोग मिले सबहिं कृपाला

चौक बाजार में हुआ भरत मिलाप, चारों भाइयों का भावपूर्ण मिलन

मथुरा। श्री रामलीला सभा, मथुरा के तत्वावधान में चौक बाजार में भरत मिलाप का आयोजन हुआ । चित्रकूट से पुष्पक विमान में प्रभु श्री राम, लक्ष्मण व जानकी की सवारी मसानी, कच्ची सड़क, गुड़हाई बाजार होती हुयी चौक बाजार पहुँची । वही दूसरी और भरत व शत्रुघ्न की सवारी विकास मार्केट से होलीगेट, छत्ता बाजार, विश्राम बाजार, स्वामी घाट होते हुये चौक बाजार पहुँची । वहाँ चारों भाइयों का भाव पूर्ण मिलन हुआ एवं भरत मिलाप की लीला का मंचन चौक बाजार में बनाये गयें मंच पर हुआ । मिलाप के बाद, राम, जानकी, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न व हनुमानजी की सवारी डोरी बाजार, स्वामी घाट, छत्ता बाजार होली गेट होती हुयी श्री रमण बिहारी मन्दिर कार्ष्णि आश्रम रंगेश्वर पहुँची । वहाँ कार्ष्णि गुरू शरणानन्द महाराज एवं संतों ने भाव से स्वरूपों को प्रसाद ग्रहण कराया व आरती उतारी। तत्पश्चात सवारी कोतवाली रोड, भरतपुर गेट, घीया मण्डी, मण्डी रामदास होती हुई श्री कृष्ण जन्म स्थान पर पहुँच कर सम्पन्न हुयी।इस अवसर गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी, रविकान्त गर्ग, जयन्ती प्रसाद अग्रवाल, जुगल किशोर अग्रवाल, नन्द किशोर अग्रवाल, मूलचन्द गर्ग, प्रदीप सर्राफ पी.के., विजय किरोड़ी, शैलेश अग्रवाल सर्राफ, अजय मास्टर, विनोद सर्राफ, पं० शशांक पाठक, नगेन्द्र मोहन मित्तल, प्रदीप गोस्वामी, शैलेन्द्र हकीम, संजय बिजली, पं. अमित भारद्वाज, सर्वेश शर्मा, हिमांशू सूतिया, अनूप टैण्ट, उमेश कुमार, मदन मोहन श्रीवास्तव, विष्णु शर्मा, रमेश किस्सो, अंकुर गर्ग, आनन्द शर्मा आदि प्रमुख थे। २२ अक्टूबर को श्रीकृष्ण जन्म स्थान लीला मंच पर रात्रि ८ बजे श्री राम राज्याभिषेक की लीला होगी।

पापकुशा एकादशी को वृंदावन में ब्राह्मणों का महाकुंभ विश्व ब्राह्मण परिषद करेगी विप्र जनों का सम्मान

भारत के विभिन्न राज्यों से वृंदावन पधारेंगे ब्राह्मण विप्रजन कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कार्यकर्ता मुस्तैद

मथुरा उत्तर प्रदेश ब्रजमंडल के वृंदावन धाम में पापकुशा एकादशी ब्राह्मण समाज का महाकुंभ का आयोजन मथुरा जनपद विश्व ब्राह्मण परिषद द्वारा किया गया है जिसमें भारतवर्ष से पधारे विभिन्न प्रदेशों के ब्राह्मणों का सम्मान किया जाएगा और ब्राह्मण चेतना पर परिचर्चा होगी विश्व ब्राह्मण परिषद गोवर्धन विधानसभा महासचिव वरिष्ठ अधिवक्ता गुरु जी बाबा साहब महाहठयोगी युवराज डॉक्टर केशवाचार्य गोस्वामी कात्यान पचौरी मैं बताएं कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष रवि नंदन त्रिपाठी रवि प्रदेश संयोजक विनीत द्विवेदी प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ भागवत आचार्य साध्वी वर्ष हरि कौशल जी उत्तर प्रदेश राजस्थान संगठन मंत्री डॉ सतीश मिश्रा जी गाजर रस भक्ति भागवत आचार्य श्री पूर्ण प्रकाश राधा वल्लभ कौशिक भारतवर्ष के विभिन्न प्रांतो से पधारे वरिष्ठ ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी का सम्मान किया जाएगा। विश्व ब्राह्मण परिषद द्वारा वृंदावन धाम में यह महाकुंभ ब्राह्मण समाज को चेतना जागृत करते हुए देश में फैल रही राजनी. तिक अराजकता के माहौल को देश के संविधान कानून के अनुसार संवैधानिक दायित्व को पूर्ण करते हुए ब्राह्मणों की लोकतांत्रिक विचारधारा को राष्ट्र और समाज के प्रति निष्ठावान कर्तव्य परायण और देश के प्रति योगदान जैन जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में विष्णु स्वामी रुद्र संप्रदाय निर्मोही अखाड़ा खालसा पंथ श्री गोवर्धन नाथ पीठ ठाकुर श्री हरदेव जी महाराज के पीठाधीश्वर गोस्वामी आचार्य परम पूज्य श्री पुरुषोत्तम लाल जी महाराज की आने की पूर्ण संभावना है जो ब्राह्मण समाज के ब्रज मंडल के सुदर्शन चक्र है कार्यक्रम का स्वागत एवं आमंत्रण विश्व ब्राह्मण परिषद जनपद मथुरा के जिला प्रभारी संजय शर्मा द्वारा किया जाएगा।

मर्यादा की रेखा लांघते है तो हमारा पतन शुरू हो जाता है-साध्वी ऋतंभरा

मथुरा। वात्सल्य ग्राम स्थित समविद् गुरुकुलम के प्रांगण में मनाया गया दशहरा मेला, इस अवसर पर अहंकारी रावण का ४० फीट ऊंचा पुतला बनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ साध्वी ऋतंभरा द्वारा श्री राम के चित्रपट के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। समविद् गुरुकुलम की बेटियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए अधर्म पर धर्म की विजय के आधार पर ष्धर्मस्य जय - अधर्मस्य क्षयष् की अवधारणा को प्रस्तुत करते हुए चारों युगों को संक्षिप्त रुप में मंचित कर दर्शकों का मन मोह लिया, तालियों गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। धर्म के पर्याय प्रभु श्री राम और अधर्म का पर्याय रावण के मध्य युद्ध हुआ अन्त में राम की विजय हुई। रावण के पुतले का दहन हुआ। पद्म विभूषित साध्वी ऋतंभरा ने राम का राज्याभिषेक करते हुए कहा कि जब हम मर्यादा की रेखा लांघते है तो हमारा पतन शुरू हो जाता है लेकिन जो मर्यादित जीवन जीता है उसकी सदैव विजय होती है। जहाँ धर्म होता है वहाँ विजय होती है। यदि हम धर्म के मार्ग पर चलें गें तो कोई बाधा हमारा मार्ग रोक नहीं सकती, जिस- जिसने धर्म का युद्ध लड़ा है उसकी सदैव विजय हुई है। अहंकारी रावण के पास मायावी रथ था किन्तु राम के पास धर्म का रथ था जिसमें संयम के पहिए लगे थे साहस के घोड़े जुते थे और धर्म के बल पर रावण को मार कर राम ने लंका पर विजय प्राप्त की। राम बनने से पूर्व अपने अन्दर रामत्व को लाना होगा। कुमारी रुचि ने राम एवं अक्षिता ने सीता, भव्या ने लक्ष्मण,गौरी ने भरत, श्रेया ने शत्रुघन तथा वैष्णवी ने हनुमान का श्रेष्ठ अभिनय किया। इस अवसर पर संजय भैया, स्वामी सत्यशील,समविद की डायरेक्टर सुमन लता, पूर्व आई. जी.एच. के. शर्मा,साध्वी शिरोमणि, साध्वी सत्यश्रुति,साध्वी सत्यनिष्ठा गोकुलम की माताएं उपस्थित रहीं। उप प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा सिंह ने आभार व्यक्त किया तथा संचालन धनन्जय मिश्रा ने किया।

जैत कट के पास सड़क हादसे में सफाई कर्मचारी की दर्दनाक मौत, मचा कोहराम

चौमुहां। थाना जैत क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग १९ पर जैत कट के पास एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें एक सफाई कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान राजू (उम्र करीब ३४ वर्ष), पुत्र सुरेश के रूप में हुई है। राजू जैत थाना क्षेत्र के ही ग्राम जैत का निवासी था और स्थानीय निशंकलंक माता स्कूल में बतौर सफाई कर्मचारी कार्यरत था। वह त्रिवेणी कॉलोनी के पास का रहने वाला था। घटना की सूचना मंगलवार देर रात लक्ष्मण विहार निवासी प्रशांत यादव ने डायल ११२ पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि जैत कट के समीप एक व्यक्ति गंभीर रूप से दुर्घटना का शिकार हो गया है। सूचना मिलते ही थाना जैत के उप-निरीक्षक अजय प्रताप सिंह तुरंत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया।

नवरात्रि पूजा का प्रारंभ हुआ अष्टमी के दिन किया भव्य जागरण



मथुरा। शारदीय नवरात्रि २०२६ के पावन पर्व पर १२७ वर्ष पुराने ठा महामाया देवी जी वृंदावन दरवाजा स्थिति मंदिर पर नवरात्रि के प्रथम दिवस कलश स्थापना के साथ नवरात्रि पूजा का प्रारंभ हुआ समिति के राजीव मित्तल सोनू ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम दिवस कलश स्थापना के साथ नवरात्रि पूजा का प्रारंभ हुआ अष्टमी के दिन भव्य जागरण किया गया जिसमें सभी भक्तों ने मैया के अदभुत दर्शन एवं मैया के सुंदर भजनों पर झूम कर आनंद लिया, दशहरे वाले दिन मंदिर प्रांगण में हर वर्ष की भांति मंत्रोच्चार के साथ हवन किया गया तत्पश्चात कन्या लांगुरा को प्रसादी कराई और दक्षिणा दी गई फिर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया एवं प्रसाद ग्रहण किया सभी कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के मोहिनी शर्मा घनश्याम गौतम चौधरी रामबाबू अशोक कुमार गोला योगेश आवा बॉबी हाथी ओमप्रकाश कौशिक पंकज शर्मा विशाल ठाकुर बृजमोहन सैनी हीरा लाल मुरारी पैथॉलाजी प्रदीप चतुर्वेदी कुल्लू चौबे मनीष ,मधु, अनीता, पप्पू शामिल हुए।

श्री योगमाये महालक्ष्मी नारायणी नमोस्तुते

मथुरा। प्राचीन कंस कारागार पोतरा कुंड स्थित श्री माँ योगमाया शक्तिपीठ मंदिर पर नवरात्रि महालक्ष्मी उत्सव २०२६ प्रतिवर्ष की भांति हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रात: बेला में मातारानी का पंचामृत अभिषेक व श्रृंगार कर नवीन पोशाक धारण करायी गई। अपराह्न हवन अनुष्ठान कर कन्या-लांगुरा पूजन कर भोजन प्रसाद करा दक्षिणा व उपहार प्रदान किये। रात्रि ८:०० बजे से भजन संध्या आयोजित हुई। जिसमें महंत गो.इंजी. वंदना पाराशर में अपने सुमधुर कंठ से भजन "श्री योगमाये महालक्ष्मी नारायणी नमोस्तुतेष आदि प्रस्तुत कर योगमा

गोवर्धन स्थित श्रीजीबाबा की हवेली में संगीत प्रतियोगिताएं २६ एवं २७ को

मथुरा। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ द्वारा प्रतिवर्ष की भांति ही प्रख्यात् संगीत-संस्था डॉ. राजेन्द्र कृष्ण संगीत महाविद्यालय, मथुरा के सहयोग से होने वाली शास्त्रीय संगीत गायन, तंत्र और सुषिर वाद्य, तबला/पखावज वादन और कथक नृत्य की बाल, किशोर एवं युवा वर्ग की प्रतियोगिताएं २६ अक्तूबर, २०२६ को एवं गजल तथा भजन गायन की प्रतियोगिताएं २७ अक्तूबर को श्रीजीबाबा की हवेली, आन्यौर, गोवर्धन मथुरा के हॉल में प्रात: १०:०० बजे से संपन्न होंगी। इन प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने के लिए संपूर्ण उत्तर प्रदेश के किसी भी जनपद के निवासी भाग ले सकते हैं। ३१जुलाई, २०२६ को आधार मानकर ८ से १४, १४ से २० और २० से २५ वर्ष (आयु वर्ग) के स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं अथवा शौकिया तौर पर शास्त्रीय संगीत एवं भजन तथा गजल गाने वाले साधना में रत कोई भी साधक-साधिकाएं इनमें से किसी भी एक अथवा अधिक विधा/विधाओं में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी और नियमावली आदि प्राप्त करने के लिए संयोजक डॉ. राजेन्द्र कृष्ण अग्रवाल से मो.नं. ९८९७२ ४७८८० पर संपर्क करें। साथ ही फॉर्म एवं नियमावली हेतु डॉ. राजेन्द्र कृष्ण संगीत महाविद्यालय, एल.आई.जी.-९४, महाविद्या कॉलोनी, फेज-२, मथुरा से संपर्क करें।

के.एम. विश्वविद्यालय, मथुरा में एमबीबीएस एवं बी. वी.एससी. बैच २०२६ का दीक्षारम्भ समारोह संपन्न

शिक्षा के साथ संस्कारों का होना अत्यंत आवश्यक : किशन चौधरी



मथुरा। के.एम. (कृष्णा मोहन) विश्वविद्यालय, मथुरा में चिकित्सा और पशु चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखने वाले नए विद्यार्थियों के लिए दीक्षारम्भ समारोह (इंडक्शन प्रोग्राम) का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एमबीबीएस एवं बी.वी.एससी. एवं ए.एच. बैच २०२६ के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु आयोजित किया गया था। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी, कुलपति डा. एनसी प्रजापति, प्रति कुलपति डा. शरद अग्रवाल, कुलसचिव डा. पूरन सिंह, मेडीकल कालेज डायरेक्टर/डीन डा. रेनू सारस्वत, एमबीबीएस नामांकन छात्र के पिता ने मां सरस्वती वंदना के बीच सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एमबीबीएस एवं बी.वी.एससी. एवं ए.एच. बैच २०२६ के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं सहित उनके अभिभावक और समस्त फैकल्टी के एचओडी व सदस्य मौजूद रहे। नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं एवं उनके ने केएम अभिभावकों विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर आधारित सूक्ष्म फिल्म का अवलोकन किया व अपना परिचय साझा किया। दीक्षारम्भ समारोह (इंडक्शन प्रोग्राम) के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने ब्रजभाषा में अपना संबोधन ष्राधे-राधे और बांकेबिहारी लाल की जयष् के साथ शुरू किया। उन्होंने कहा कि वेटरिनरी (पशु चिकित्सा) के छात्र श्डबल बधाईश् के पात्र हैं, क्योंकि वे उन बेजुबान जीवों की रक्षा करते हैं जो बोल नहीं सकते। उन्होंने विद्यार्थियों को समय के सदुपयोग और माता-पिता के आशीर्वाद का महत्व समझाते हुए कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों का होना अत्यंत आवश्यक है। कामयाब व्यक्ति के अंदर शिक्षा-संस्कार होते है। मां बाप का आशीर्वाद कभी खाली नहीं जाता। इसलिए जब कभी भी परेशान या चिंता में हो तो मां बाप से संपर्क करें, उनसे वार्ता करने से आपकी परेशानी दूर हो जाएगी। उन्होंने श्रीराम श्रीकृष्ण के जीवन और शिक्षा चरित्र पर प्रकाश डाला और मां बाप के आशीर्वाद का महत्व नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को समझाने का प्रयास किया। कार्यक्रम को मेडीकल कालेज की डायरेक्टर/डीन डा. रेनू सारस्वत, वेटरिनरी कालेज डीन डा. अजय प्रकाश, एसएम रिचर्ज सेंटर डीन डा. अशोक कुमार, मुरैना के सीएमओ सहित केएम अस्पताल के एएमएस डा. नमित गौतम ने संबोधित किया। दीक्षारम्भ समारोह (इंडक्शन प्रोग्राम) को एनाटॉमी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. विकास शर्मा, डा. वाहिद अली खान, डा. पी भारती, डा. संतोष शाह, डा. जितेन्द्र, नेत्र विभागाध्यक्ष एमके तनेजा, कम्युनिटी मेडीसन एचओडी डा. मेजर विजय कुमार, वेटरिनरी के डा. अनुज शर्मा, डा. अशोक, डा. नेहा सिंह, डा. शुभम तिवारी, डा. अभिषेक, डा. सुरेन्द्र प्रताप, डा. अभिषेक वर्मा, डा. गिरीश गुप्ता, डा. दिनेश डा. वीरेन्द्र निम, डा. हरिनारायण यादव, डा. पूजा पारिख, डा. दीपांश, अस्पताल के जनरल मैनेजर आदि मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन डा. एसटी वली तथा मंच का कुशल संचालन एमबीबीएस २०२३ बैच की अश्लेषा एवं आदित्या शर्मा ने किया। कार्यक्रम का समापन वंदेमातरम गीत तथा राष्ट्रगान के साथ हुआ तथा समारोह के अंत में सभी नवप्रवेशित छात्रों और उनके अभिभावकों को इस नए शैक्षणिक सफर के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।

विजयादशमी पर श्रीराधाकृष्ण कृपा भवन के वार्षिकोत्सव में ब्रजकला केंद्र की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

काका हाथरसी की साहित्यिक विरासत को आगे बढ़ाने का लिया गया संकल्प, कवि सम्मेलन में बही हास्य, व्यंग्य और राष्ट्रभक्ति की त्रिवेणी

हाथरस। विजयादशमी के पावन पर्व पर श्रीराधाकृष्ण कृपा भवन में भवन का वार्षिकोत्सव एवं पद्मश्री काका हाथरसी द्वारा स्थापित साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था ब्रज कला केंद्र की हाथरस शाखा की नवनिर्मित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर मेला श्रीदाऊजी महाराज रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों एवं साहित्यिक सहयोगियों का सम्मान किया गया। समारोह के अंतर्गत भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन भी हुआ, जिसमें देश और समाज की समसामयिक परिस्थितियों के साथ हास्य, व्यंग्य, संस्कृति, राष्ट्रप्रेम और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ी रचनाओं ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत तुलसी साहिब आश्रम के वर्तमान गद्दीधर महंत श्री गुरु लोचन दास जी महाराज ने की। मुख्य अतिथि ब्रज संगीत विद्यापीठ के कुलपति एवं अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण अग्रवाल रहे। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन ब्रजकला केंद्र के अध्यक्ष चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य एवं आशु कवि अनिल बौहरे ने किया। इस



अवसर पर मुख्य अतिथि राजेंद्र कृष्ण अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि साहित्य और संस्कृति किसी भी समाज की वास्तविक पहचान होते हैं।

साहित्यकार अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को दिशा देते हैं तथा हास्य और व्यंग्य के माध्यम से उन विषयों को भी सामने लाते हैं, जिन पर गंभीरता से विचार करना आवश्यक होता है। कृष्णगोपाल वार्ष्णेय नेताजी एवं कैलाश कुमारी स्मृति सम्मान से राजकुमार और सरिता वार्ष्णेय सम्मानित समारोह में श्रीराधाकृष्ण कृपा भवन के संस्थापक कृष्णगोपाल वार्ष्णेय नेताजी एवं संस्थापिका स्मृति शेष कैलाश कुमारी के नाम पर स्थापित स्मृति सम्मान से शहर के प्रमुख समाजसेवी राजकुमार वार्ष्णेय एवं सरिता वार्ष्णेय को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेला श्रीदाऊजी महाराज रामलीला कमेटी के प्रतिनिधियों तथा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सहयोग करने वाले साथियों का भी सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के माध्यम से समाजसेवा, साहित्य और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण में योगदान देने वाले लोगों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

कवि सम्मेलन का शुभारंभ कवि दीपक रफी ने मां शारदा की वंदना से किया। इसके बाद मंच पर हास्य, व्यंग्य, गीत, गजल और ओजपूर्ण काव्य की प्रस्तुतियों का सिलसिला शुरू हुआ। कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक विसंगतियों, बदलते जीवन मूल्यों, मानवीय संबंधों, देशप्रेम और जीवन की वास्तविकताओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। हास्य और व्यंग्य की रचनाओं ने श्रोताओं को खूब गुदुदाया, वहीं संवेदनशील रचनाओं ने उन्हें गंभीर चिंतन के लिए प्रेरित किया। कवि सम्मेलन में कृष्ण वर्मा, रोशन लाल वर्मा, डाउपेंद्र झा, राणा मुनि प्रताप, वीरेंद्र पाठक, चंद हुसैन, चंद पुराण सागर, प्रभुदयाल दीक्षित, प्रभु सुखप्रीत सिंह सुखी, मनु दीक्षित, मनु रूपम कुशवाहा, श्याम बाबू चिंतन, प्रदीप अंजना, जयप्रकाश पचौरी, प्रमोद रिश्तेदार, पंडित हाथरसी, सुनील सोलंकी, बाबा देवी सिंह निडर, चाचा हाथरसी, मुस्ताक अहमद, वासुदेव उपाध्याय और सोनाली वार्ष्णेय सहित कवियों ने काव्यपाठ किया। कार्यक्रम में नन्नूमल गुप्ता, समाजसेवी विजय सिंह प्रेमी, कलेक्ट्रेट बार के पूर्व अध्यक्ष प्रेम सिंह यादव एडवोकेट, मेला बाबू शशिकांत गौतम, अपना घर आश्रम के संस्थापक मदनलाल वार्ष्णेय एवं अध्यक्ष दिलीप पोद्दार एडवोकेट सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

निष्पक्षता, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ चुनाव सम्पन्न करायें : डीएम

सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस अधिकारियों को डीएम, एसपी ने किया ब्रीफिंग

हाथरस। आगामी विधान परिषद निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी सत्यप्रकाश पटेल ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा के साथ पुलिस लाइन स्थित सभागार में सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों की ब्रीफिंग करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय बनाए रखते हुए अपने-अपने मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें तथा सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ समय से सुनिश्चित करें। उन्होंने बैलेट पेपर, बैलेट बाक्स एवं बैंगनी स्केच पेन की सुरक्षा को प्राथमिकता देने, मतदान की गोपनीयता बनाए रखने तथा मोबाइल फोन एवं रिकार्डिंग करने वाले इलेक्ट्रोनिक उपकरणों के संबंध में निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम की मामूली वर्तनी संबंधी त्रुटियों के कारण किसी पात्र मतदाता को मतदान से वंचित न किया जाए। मतदान अभिकर्ताओं की पात्रता, मतदाता कतार प्रबंधन तथा मतदाताओं के



साथ शालीन व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। मतदान समाप्ति के पश्चात निर्वाचन सामिग्री की उचित सीलिंग, सुरक्षित परिवहन एवं निर्धारित स्थल पर सुपुर्दगी सुनिश्चित करने तथा मीडिया कवरेज के दौरान मतदान की गोपनीयता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पूर्ण निष्पक्षता, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा ने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने सेक्टर एवं मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जाँच सुनिश्चित करें। सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय बनाए रखें तथा एक-दूसरे के संपर्क में रहकर निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी विकास भवन के निकट स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम से की जाएगी।

बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी वि/रा. प्रशांत तिवारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों को आयोग द्वारा जारी अधिसूचना की पीपीटी. के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारीगण, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

अवैध तमंचा-कारतूस सहित युवक को पकड़ा

हाथरस। थाना हाथरस गेट पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से 1 अवैध तमंचा व 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना हाथरस गेट पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर लहरा चौराहे पर वने खोके के पास से एक अभियुक्त को 1 अवैध तमंचा व 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त इरफान पुत्र सोना निवासी रमसई थाना सादाबाद जिला हाथरस। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक नितिन कसाना मय टीम थाना हाथरस गेट हाथरस थे।

डीएम ने ग्राम दयालपुर में धन क्रॉप कटिंग की फसल उत्पादन का लिया जायजा



हाथरस। खरीफ फसल के उत्पादन एवं उत्पादकता का सटीक आकलन करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सत्यप्रकाश पटेल ने विकास खंड मुरसान के ग्राम दयालपुर में धान की फसल की क्राप कटिंग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसान के खेत में निर्धारित मानकों के अनुसार क्राप कटिंग कराकर फसल की उपज का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को उत्पादन के आकलन में पूरी पारदर्शिता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ग्राम दयालपुर निवासी भगवान सिंह के खेत पर पहुंचे, जहां उनकी उपस्थिति में निर्धारित क्षेत्रफल का चिह्नांकन कर धान की फसल की कटाई कराई गई। क्राप कटिंग प्रयोग के दौरान निर्धारित क्षेत्र से कुल 14780 किलोग्राम धान की उपज प्राप्त हुई। इस प्रयोग के माध्यम से निर्धारित क्षेत्रफल में धान की वास्तविक उत्पादकता का आकलन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने किसान से संवाद करते हुए कहा कि क्राप कटिंग प्रयोग फसलों की वास्तविक उत्पादकता का वैज्ञानिक एवं विश्वसनीय आकलन करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर फसल उत्पादन का सही आकलन करने तथा फसल बीमा सहित संबंधित सरकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र किसानों को नियमानुसार लाभ उपलब्ध कराने में सहायता मिलती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्राप कटिंग प्रयोग निर्धारित प्रक्रिया एवं मानकों के अनुरूप पूरी निष्पक्षता से संपन्न कराए जाएं तथा आंकड़ों के संकलन में विशेष सावधानी बरती जाए।

इस दौरान नायब तहसीलदार, अपर सांख्यिकी अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं फसल बीमा के जिला समन्वयक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस ने वीर शहीदों को किया नमन

एसपी ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हाथरस। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार को पुलिस लाइन, जनपद हाथरस स्थित शहीद स्मारक पर पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा द्वारा कर्तव्यपालन के दौरान अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके अदम्य साहस, वीरता एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण को नमन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पुलिस अधीक्षक द्वारा देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्रीय पुलिस बलों के उन वीर पुलिसकर्मियों का स्मरण किया गया, जिन्होंने देश की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति पुस्तिका से उनका संख्यात्मक विवरण पढ़कर उनके सर्वोच्च बलिदान एवं वीरतापूर्ण



कार्यों को याद किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया गया। इसके उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक रामानंद कुशवाह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, समस्त सर्किल क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक, निरीक्षक एलआईयू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने शहीद स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर शहीद पुलिसकर्मियों के प्रति सम्मान व्यक्त किया तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में मेमोरियल गार्द द्वारा शहीद पुलिसकर्मियों को सलामी भी दी गई।

स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, अस्पतालों की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने तथा जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

हाथरस। जिला स्वास्थ्य समिति, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, टीबी अभियान एवं अन्य विभागीय कार्यों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में करते हुए जिलाधिकारी सत्यप्रकाश पटेल ने जनपद में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं, जिला अस्पताल एवं विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जिला अस्पताल एवं विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने तथा आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं अभियानों की प्रगति की समीक्षा करते हुए



संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने मंत्र ऐप पर लाभार्थियों का डेटा समयबद्ध रूप से फीड करने तथा जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लंबित भुगतानों का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र लाभार्थी का भुगतान तकनीकी अथवा प्रशासनिक लापरवाही के कारण लंबित नहीं रहना चाहिए। गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनकी आवश्यक जांच समय से कराने तथा जरूरत पड़ने पर आयरन सुक्रोज की डोज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अन्य विकास खंड में प्रसव होने की स्थिति में जिला कार्यक्रम अधिकारी को तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सहपऊ एवं सासनी में प्रगति धीमी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने तथा जननी सुरक्षा योजना के पोर्टल का पासवर्ड बदलने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए। उन्होंने निजी अस्पतालों में मरीजों को रेफर करने वाली आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के विरुद्ध जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निजी अस्पतालों के एजेंट के रूप में कार्य न करें। जिलाधिकारी ने ई-कवच पोर्टल पर मरीजों का डेटा समय से फीड कराने, मुख्य विकास अधिकारी को टीम गठित कर जांच कराने तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को गूगल शीट के माध्यम से आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने साफ-सफाई, जनजागरूकता एवं विभागीय समन्वय के साथ निर्धारित गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। टीबी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत संभावित मरीजों की समय से पहचान, जांच एवं उपचार सुनिश्चित करने तथा निर्धारित लक्ष्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

बैठक में ओपीडी, आईपीडी, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, पैथोलोजी, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, एफआरयू, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टिक्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, 102 एवं 108 एम्बुलेंस सेवा, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना, नियमित टीकाकरण, जन्म-मृत्यु पंजीकरण तथा पीसीपीएनडीटी एक्ट सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने, नियमित निगरानी करने तथा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, एमओआईसी, खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय एथलेटिक्स ट्रायल में दमखम दिखाएंगे अंडर-14 और अंडर-16 के खिलाड़ी

चयनित खिलाड़ियों को हैदराबाद में होने वाली 20वीं नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट में मिलेगा प्रतिभाग का मौका

सादाबाद। जिले के उभरते एथलीटों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलने जा रहा है। जिला एथलेटिक्स हाथरस संघ की ओर से 20वीं नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट-2026 (एनआईडीजेएएम) के लिए जिला स्तरीय एथलेटिक्स टीम का चयन किया जाएगा। इसके लिए मुरसान रोड स्थित जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम, हाथरस में 25 अक्टूबर रविवार को सुबह नौ बजे से ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव डॉ. दलवीर सिंह कौन्तेय ने बताया कि ट्रायल में अंडर-14 और अंडर-16 आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाएं प्रतिभाग कर सकेंगे। अंडर-16 वर्ग में 17 नवंबर 2010 से 16 नवंबर 2012 के बीच जन्मे तथा अंडर-14 वर्ग में 17 नवंबर 2012 से 16 नवंबर 2014 के बीच जन्मे खिलाड़ी पात्र होंगे। अंडर-16 बालक एवं बालिका वर्ग में 60 मीटर, 600 मीटर, 80 मीटर बाधा दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद (पांच मीटर रनवे), गोला फेंक और भाला फेंक की स्पर्धाएं आयोजित होंगी।

इसके अलावा पेंटाथलॉन स्पर्धा में 60 मीटर दौड़, 80 मीटर बाधा दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक और 600 मीटर दौड़ शामिल होंगी। अंडर-14 बालक एवं बालिका वर्ग में ट्रायथलॉन ए, बी और सी स्पर्धाएं होंगी। ट्रायथलॉन ए में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद और ऊंची कूद, ट्रायथलॉन बी में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद और एक किलोग्राम बॉल थ्रो तथा ट्रायथलॉन सी में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद और 600 मीटर दौड़ शामिल है। खिलाड़ियों को इन तीनों में से किसी एक ट्रायथलॉन में प्रतिभाग करना होगा। इसके साथ ही अंडर-14 वर्ग के सभी खिलाड़ियों के लिए किड्स जैवलिन स्पर्धा में भाग लेना अनिवार्य रहेगा। संघ के अध्यक्ष डॉ. नारायण सिंह ने बताया कि ट्रायल की जिम्मेदारी अनुभवी कोचों और निर्णायकों को सौंपी गई है। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की यूआईडी, आधार कार्ड और एक पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। ट्रायल में चयनित खिलाड़ी 14 से 16 नवंबर 2026 तक तेलंगाना के हैदराबाद स्थित वक्सेन यूनिवर्सिटी में आयोजित होने वाली 20वीं नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट में हाथरस जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। संघ के कोषाध्यक्ष सुमित शर्मा ने अधिक से अधिक खिलाड़ियों से ट्रायल में भाग लेने की अपील की है। जिला क्रीड़ा अधिकारी काशी नरेश यादव ने कहा कि अंडर-14 और अंडर-16 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए यह प्रतियोगिता महत्वपूर्ण है। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को सीधे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा।

सादाबाद में दो ग्रामीण सड़कों के निर्माण कार्य का विधायक ने किया शुभारंभ

करील-नंदागढ़ी मार्ग और ऐदलपुर-जंगला वाया झगरार सड़क बनने से ग्रामीणों को मिलेगी आवागमन में राहत



सादाबाद। ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर बनाने की दिशा में सादाबाद क्षेत्र में दो ग्रामीण सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। विधायक प्रदीप चैधरी ने जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रीय गणमान्य लोगों की मौजूदगी में गांव करील से नंदागढ़ी और दूसरी सड़क ऐदलपुर-जंगला वाया झगरार मार्ग की सड़क का उद्घाटन किया। करील से नंदागढ़ी तक करीब करीब 1.5 किलोमीटर लंबी होगी। इसका उद्घाटन के मौके पर जिला पंचायत सदस्य राजा गरुड़ ध्वज, कप्तान सिंह ठेनुआ सहित आदि मौजूद रहे। वहीं, दूसरी सड़क ऐदलपुर-जंगला वाया झगरार मार्ग पर बनाई जाएगी। इसकी लंबाई करीब चार किलोमीटर है। इस सड़क का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र सिंह उर्फ सुआ पहलवान, केशव चैधरी और प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष महाराज सिंह सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में किया गया। विधायक ने बताया कि दोनों सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क संपर्क व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है। इससे ग्रामीणों को दैनिक कार्यों, जरूरी सुविधाओं और अन्य आवागमन के लिए आने-जाने में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन रालोद के बृज क्षेत्र उपाध्यक्ष रामवतार दीपू चैधरी ने किया। इस दौरान महाराज सिंह, धर्मपाल सिंह, मनोज चैधरी ताजपुर, होरी लाल, मुनमुन चैहान, रामसहाय सिंह, गौरव चारग, धर्मपाल प्रधान, निसार अहमद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

कूपा में दौड़ प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाया दमखम, विवेक और रानी ने मारी बाजी

पुरुष वर्ग में दाऊजी के प्रदीप दूसरे और नगला बाग के रोहित रहे तीसरे स्थान पर, महिला वर्ग में मोहिनी ने पाया दूसरा स्थान

सादाबाद। गांव कूपा में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में युवाओं ने दमखम दिखाते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। दौड़ में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को स्थान प्राप्त हुए।

पुरुष वर्ग की दौड़ में सादाबाद के विवेक पचैरी ने प्रथम



स्थान प्राप्त किया, जबकि दाऊजी के प्रदीप दूसरे और नगला बाग के रोहित तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, महिला वर्ग की दौड़ में दाऊजी की रानी ने पहला स्थान हासिल किया।

इसी गांव की मोहिनी दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि रितु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के आयोजन में मनीष कुमार गौतम, यतेंद्र कुमार, राजकुमार, प्रिंस चैहान, हर्ष गौतम, विनय कुमार गौतम, रोहित चैहान, धीरज चैधरी सहित समस्त ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना लागू की

आगरा। भारत में निजी क्षेत्र की प्रमुख जनरल इंश्योरेंस कंपनी, एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को उत्तर प्रदेश सरकार ने रबी, 2026 सीजन के लिए आगरा, औरैया, इटावा, फरुर्खाबाद, फिरोजाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, मैनपुरी और मथुरा जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना लागू करने के लिए अधिकृत किया है। पीएमएफबीवाई योजना के तहत किसानों को सूखा, बाढ़, बारिश की कमी, भूस्खलन, चक्रवात, तूफान, ओलावृष्टि, जलभराव, कीटों, बीमारियों और अन्य बाहरी जोखिमों के कारण फसल की पैदावार में होने वाले नुकसान से बीमा सुरक्षा मिलती है। इस योजना में फसल चक्र के हर चरण के लिए इंश्योरेंस कवरेज मिलेगा।

फेस्टिवल सीजन में विक्रेताओं की बिक्री बढ़ी

आगरा। चूरू और भोपाल की महिला उद्यमियों से लेकर जोधपुर और सहारनपुर के पारंपरिक कारीगरों तक, पूरे भारत के छोटे व्यवसायों ने अमेजन इंडिया के ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 के पहले सप्ताह के दौरान मजबूत बिक्री दर्ज की। सामान्य दिनों की तुलना में विक्रेताओं की कुल बिक्री में 3.5 गुना की बढ़ोतरी हुई, जबकि उत्पाद दोगुनी से भी ज्यादा तेजी से बिके। नए विक्रेताओं ने बेची गई यूनिट्स में 2.5 गुना से ज्यादा की वृद्धि दर्ज की। वहीं, 10 लाख रुपये से ज्यादा की बिक्री करने वाले छोटे और मध्यम व्यवसायों की संख्या में 350प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोतरी हुई। अमेजन इंडिया के सेलिंग पार्टनर सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट सचिन कौशिक ने कहा हर त्योहार पर हमें ऐसे उद्यमियों की प्रेरक कहानियाँ देखने को मिलती हैं, जो नए ग्राहकों तक पहुँचते हैं और बड़ी सफलता हासिल करते हैं।

बाजार में नया ब्रांड लॉच किया

आगरा। जेके मैक्स पेंट्स, जिसे जेके सीमेंट लिमिटेड की समृद्ध विरासत और विशेषज्ञता का साथ प्राप्तम है ने सस्टेनेबल पेंट्स का नया ब्रांड जेके नैचुरल्स लॉन्च किया है। इस ब्रांड का पहला प्रोडक्ट जेके नैचुरल्स ऑरा है। भारत के पहले नेचर लवर्स पेंट के रूप में पेश किया गया यह ब्रांड घर की सुंदरता और रोजमर्रा की जिंदगी में जागरूक सोच को एक साथ लाता है। लान्च के बारे में बात करते हुए व्हाइट सीमेंट एंड पेंट्स के बिजनेस हेड नितीश चोपड़ा ने कहा जेके मैक्स पेंट्स में हमने हमेशा ऐसे समाधान विकसित करने पर ध्यान दिया है जो ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करते हैं। जेके नैचुरल्स के साथ हम घर को सुंदर बनाने की कैटेगरी में सस्टेनेबिलिटी को शामिल करके इस प्रतिबद्धता को आगे बढ़ा रहे हैं।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

आवासीय भवनों में दुकानें चलाने की अनुमति देने और ध्वस्तीकरण से प्रभावित व्यापारियों के पुनर्वास की उठाई मांग



फिरोजाबाद। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के आह्वान पर व्यापारियों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में उप जिलाधिकारी मुख्यालय राम अनुज शुक्ला को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में आवासीय भवनों में दुकानें खोलकर व्यापार करने की अनुमति देने, विकसित बाजारों को नियमित करने और ध्वस्तीकरण से प्रभावित व्यापारियों के पुनर्वास की व्यवस्था करने की मांग की गई। व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष अम्बेश शर्मा ने कहा कि विकास प्राधिकरण, नगर निगम और आवास विकास परिषद द्वारा विकसित कॉलोनियों में पर्याप्त बाजारों की व्यवस्था नहीं की गई। ऐसे में व्यापारियों ने अपने स्तर पर बाजार विकसित कर देश की तरक्की में योगदान दिया। व्यापारी कमर्शियल बिजली बिल, कमर्शियल हाउस टैक्स, जीएसटी, आयकर सहित विभिन्न करों का भुगतान करते हैं। इसके बावजूद पुराने शहर के भवनों, आवासीय कॉलोनियों और नई विकसित कॉलोनियों में व्यावसायिक गतिविधियों तथा निर्माण को लेकर नोटिस जारी किए जा रहे हैं और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। व्यापार मंडल ने आरोप लगाया कि न्यायालय में तथ्यों को सही तरीके से प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि आवासीय भवनों में दुकान खोलकर व्यापार करने के लिए कानून बनाया जाए।

विकसित हो चुके बाजारों और कॉलोनियों को नियमित करने की कानूनी व्यवस्था हो तथा जिन दुकानों और बाजारों में ध्वस्तीकरण किया गया है, वहां प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए कानून बनाया जाए।

साथ ही अवैध निर्माण के मामलों में केवल भवन स्वामी ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच कर दोषी पाए जाने पर दंडित किया जाए। ज्ञापन देने वालों में महानगर महामंत्री स्वतंत्र, आंदोलन संयोजक मूलचंद राठौर, रमाशंकर दादा, सुशील जाट, सुनील कुमार कुशवाहा, सहसंयोजक मेघ सिंह पहलवान, आकाश जैन, सुबोध बघेल, मोहित राठौड़, रामगोपाल बजाज, श्यामवीर सिंह यादव, विवेक कौशल, हर्षवर्धन, रामनरेश, योगेंद्र कुमार, सुनील वर्मा, विनोद कुशवाहा, राहुल, वेद प्रकाश, गौरी शंकर, आधार सिंह, शिवम गुप्ता, विपिन गुप्ता सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

एमएलसी चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट, मतदान केंद्रों पर रहेगी कड़ी सुरक्षा

मतदान केंद्रों और मतपेटियों की होगी वीडियोग्राफी, लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई



फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश विधान परिषद खंड स्नातक/शिक्षक द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस लाइन स्थित सभागार में जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारियों और पीठासीन अधिकारियों की ब्रीफिंग हुई। डीएम ने अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि विधान परिषद का चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से होता है, इसलिए मतदान प्रक्रिया में विशेष सावधानी बरतना आवश्यक है। मतपेटी को ऐसे स्थान पर रखा जाए, जहां वह सभी को दिखाई दे और मतदान की गोपनीयता भी बनी रहे। मतदान केंद्रों पर पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी महत्वपूर्ण गतिविधियों की वीडियोग्राफी कराई जाए। मतदान के दौरान जिस स्थान पर मत डाले जाएंगे, वहां को छोड़कर पूरे कमरे तथा प्रवेश द्वार से निकास तक की वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से कराई जाएगी। निर्वाचन ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एसएसपी आदित्य लांगे ने थाना प्रभारियों और मतदान केंद्र प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों एवं मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों के चारों ओर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। जरूरत के अनुसार लोहे और बल्लियों के बैरियर लगाकर अनधिकृत प्रवेश पर रोक लगाई जाए। केंद्रों के आसपास और छतों पर ईंट-पत्थर या अन्य संदिग्ध वस्तुएं नहीं होनी चाहिए। इसके लिए परिसर की गहन जांच कराई जाए और संदिग्ध सामग्री मिलने पर उसे हटवाकर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। निर्वाचन प्रक्रिया में बाधा डालने या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी कल्पना जायसवाल के अलावा जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

किसान समाधान दिवस में डीएम ने सुनी किसानों की समस्याएं, अधिकारियों को निस्तारण के दिए निर्देश

इंदुमई समिति में खाद की उपलब्धता जांचने के आदेश, किसानों से पराली न जलाने की अपील

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण करने के निर्देश किसान समाधान दिवस में दिए। उन्होंने इंदुमई साधन सहकारी समिति में डीएपी और यूरिया उपलब्ध न होने की शिकायत पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता को समिति का निरीक्षण कर खाद की उपलब्धता जांचने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग सहित सभी संबंधित अधिकारियों को किसान समाधान दिवस में उपस्थित रहने को कहा। विकास भवन सभागार में आयोजित किसान समाधान दिवस में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि 16 से 30 नवंबर तक जनपद में स्वगणना अभियान संचालित होगा।

इसके तहत किसान और अधिकारी-कर्मचारी पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने उपस्थित किसानों एवं अधिकारियों को स्वगणना करने की शपथ भी दिलाई। उप कृषि निदेशक सत्येंद्र प्रताप सिंह ने किसानों से धान की पराली न जलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग की योजनाओं, खाद-बीज, कृषि यंत्रों पर अनुदान, फसल बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड और खाद्यान्न खरीद का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना आवश्यक है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ पाने के लिए ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, मिसिंग अपडेट और फार्मर रजिस्ट्री अवश्य पूरी कराएं।

किसान समाधान दिवस में जिला कृषि अधिकारी सुमित कुमार चौहान, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सोमेश गुप्ता, जिला उद्यान अधिकारी चंद्रप्रकाश अवस्थी, जिला विकास अधिकारी एवं परियोजना निदेशक सुभाष तिवारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता विमल कुमार, सहायक अभियंता लघु सिंचाई रविंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई सुनील कुमार, सहायक प्रबंधक जिला सहकारी बैंक सीमा देवी, सहायक अभियंता विद्युत संजय कुमार, जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रदीप कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

युवा देश के कर्णधार है, इन्हीं से स्वस्थ भारत का निर्माण संभव है-योगेंद्र उपाध्याय

भारतीय ज्ञान परंपरा पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न



फिरोजाबाद। दाऊदयाल महिला महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा 2.0 के तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उच्च शिक्षा कैबिनेट मंत्री उ.प्र. सरकार योगेंद्र उपाध्याय ने मॉ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया। संगीत विभाग की छात्राओं ने कार्यक्रम का आगाज सरस्वती वंदना से किया। इसके बाद प्राचार्या प्रो. रेनू वर्मा ने अतिथियों पटिटका पहनाकर, बुके व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। संगोष्ठी के द्वितीय चरण में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर आधारित नूतन राजपाल ने अपने विचारों को अभिव्यक्ति दी। कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय न में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत नारी शिक्षा, नारी स्वावलंबन, नैतिक मूल्यों एवं नशा मुक्ति जैसे मुद्दों पर अपने विस्तृत विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि युवा देश के कर्णधार है और इन्हीं से स्वस्थ भारत का निर्माण संभव है, बशर्ते कि हमें इनको पश्चिमी सभ्यता के फंदे से छुड़ाना है। संचालन डॉ अंजु गोयल ने किया। प्रो. विनीता गुप्ता ने सभी आगंतुक अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में सीएल जैन कॉलेज के सचिव प्रवीण भटनागर के अलावा शिक्षक-शिक्षिकाऐं एवं छात्राऐं मौजूद रही।

जिला जज ने न्याय रथ और बाइक रैली को दिखाई हरी झंडी



फिरोजाबाद। जनपद न्यायालय परिसर में आगामी मेगा कैम्प के सफल आयोजन के उद्देश्य से प्री-कैम्प का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ जनपद न्यायाधीश डॉ. बब्बू सारंग ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने मेगा कैम्प के व्यापक प्रचार-प्रसार और आमजन को जागरूक करने के लिए न्याय रथ, डीपीओ तथा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान के माध्यम से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को मेगा कैम्प के आयोजन, जनकल्याणकारी योजनाओं, सरकारी सेवाओं और विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और

शिक्षक एवं स्नातक का चुनाव संगठन के लिए महत्वपूर्ण-पूरनलाल लोधी

- **भाजपा की बैठक में शिक्षक-स्नातक चुनाव को लेकर हुई चर्चा**
- **कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने और संगठन की मजबूती के लिए जुटने का आह्वान**



फिरोजाबाद। होटल मोनार्क में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी महानगर की ओर से शिक्षक एवं स्नातक आगरा खंड निर्वाचन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी चुनाव की तैयारियों, संगठन की रणनीति और मतदाताओं से संपर्क बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरनलाल लोधी, भाजपा महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर, सदर विधायक मनीष असीजा, महापौर कामिनी राठौर और महानगर प्रभारी डॉ. विवेक सारस्वत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक एवं स्नातक आगरा खंड का चुनाव संगठन के लिए महत्वपूर्ण है। इसमें सफलता प्राप्त करने के लिए कार्यकर्ताओं को पूरी सक्रियता, आपसी समन्वय और निरंतर जनसंपर्क के साथ काम करना होगा।

उन्होंने शिक्षक एवं स्नातक मतदाताओं से संपर्क स्थापित कर पार्टी की विचारधारा और नीतियों को उन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने चुनावी तैयारियों को लेकर अपने विचार साझा किए। साथ ही संगठनात्मक स्तर पर समन्वय बनाकर चुनाव में प्रभावी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर शिक्षक एवं स्नातक चुनाव के संयोजक एवं महानगर उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, रामनरेश कटरा, देवेश भारद्वाज, प्रमोद पाल बघेल, आनंद अग्रवाल, अनुपम शर्मा, दीपक गुप्ता कालू, आकाश गुप्ता, दुर्गेश यादव, सौरभ शिवहरे, शिवम शर्मा, देश दीपक गुप्ता, शैलेंद्र कुमार गुप्ता शालू, प्राचीर गुप्ता, लायक सिंह, अनार सिंह कुशवाहा, भारत सिंह वर्मा, सत्यवीर गुर्जर सहित महानगर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी प्रणय सिंह की उपस्थिति में ग्राम होड़लपुर में धान की फसल की क्रॉप कटिंग संपन्न

43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में क्रॉप कटिंग के दौरान प्राप्त हुई 13.810 किलोग्राम धान की उपज

- **क्रॉप कटिंग के माध्यम से फसल की वास्तविक उत्पादकता का किया गया आकलन**
- **कृषि उत्पादन के सटीक आंकड़ों के संकलन में क्रॉप कटिंग की महत्वपूर्ण भूमिका-जिलाधिकारी**



कासगंज। जनपद कासगंज के ग्राम होड़लपुर में जिलाधिकारी प्रणय सिंह की उपस्थिति में धान की फसल की क्रॉप कटिंग का कार्य निर्धारित मानकों एवं प्रक्रिया के अनुसार संपन्न कराया गया। इस दौरान धान की फसल की कटाई एवं तौल कर वास्तविक उपज का आकलन किया गया। क्रॉप कटिंग के अंतर्गत ग्राम होड़लपुर स्थित गाटा संख्या 325, कुल रकबा 0.579 हेक्टेयर में दर्ज सहखातेदार हरी सिंह पुत्र लालाराम, निवासी ग्राम होड़लपुर के हिस्से में स्थित 0.121 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बोई गई धान की फसल का चयन किया गया। निर्धारित मानकों के अनुसार 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में खड़ी धान की फसल की कटाई कराई गई। कटाई के उपरांत प्राप्त धान की तौल की गई, जिसमें कुल 13.810 किलोग्राम उपज प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने क्रॉप कटिंग की प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए फसल उत्पादन के वास्तविक आंकड़ों के संकलन की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि क्रॉप कटिंग प्रयोगों के माध्यम से फसलों की औसत उत्पादकता का वैज्ञानिक एवं पारदर्शी तरीके से आकलन किया जाता है। इससे कृषि उत्पादन के विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त होते हैं, जो कृषि संबंधी योजनाओं एवं नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन में उपयोगी सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि क्रॉप कटिंग के दौरान निर्धारित मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है, जिससे फसल उत्पादन के सटीक एवं विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त हो सकें। इस अवसर पर धान की फसल की क्रॉप कटिंग की समस्त प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराई गई तथा प्राप्त उपज का विवरण दर्ज किया गया। क्रॉप कटिंग के दौरान तहसीलदार कासगंज सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

चोरी के मोबाइल समेत एक शातिर गिरफ्तार



कासगंज। स्थानीय जंक्शन रेलवे स्टेशन की जीआरपी पुलिस ने बुधवार को एक शातिर चोर गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पुलिस ने चोरी का मोबाइल फोन बरामद किया है। थानाध्यक्ष जीआरपी कोमल कुंतल ने बताया कि बुधवारा की दोपहर करीब सवा बजे जीआरपी पुलिस टीम ने स्टेशन परिसर के प्लेटफार्म नंबर एक से अवनीश उर्फ कंचन पुत्र बच्चू सिंह निवासी कुढी खाना खैरगढ जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस ने दो मोबाइल फोन बरामद किए। जांच व पूछताछ में आरोपी ने बरामद मोबाइलों को विभिन्न स्थानों से चोरी करना बताया। उन्होंने बताया कि असली मोबाइल धारकों की पहचान के लिए सर्विलांस की मदद ली जा रही है। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी पुलिस ने जुटाया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई विपिन कुमार, मुख्य आरक्षी राजीव कुमार, सतीश कुमार, आरक्षी प्रहलाद सिंह, भागीरथ सिंह शामिल रहे।

मारपीट, पथराव में वांछित दो और आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



कासगंज। सोरों कोतवाली क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव में गत दिवस दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अग्रिम कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है। इंस्पेक्टर सोरों लोकेश भाटी ने बताया कि गत दिवस इस्माइलपुर गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट व पथराव हुआ था, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने मामले में नामजद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की और फरार चल रहे आरोपियों की तलाश में जुट गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि पुलिस ने फरार चल रहे वांछित आरोपी गुड्डू पुत्र रामखिलाड़ी, आमीन शाह पुत्र इतवारी शाह निवासीगण इस्माइलपुर सोरों को अलग-अलग क्षेत्रों से गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की है।

किशोरी को अगवा कर दुराचार के मामले में वांछित गिरफ्तार



कासगंज। सहावर थाना क्षेत्र से किशोरी को अगवा कर दुराचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया है। सहावर थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि थाना क्षेत्र से गत दिनों एक किशोरी को अगवा कर लिया गया था, नामजद आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। पीडिता को बरामद कर चिकित्सीय परीक्षण कराया। दुराचार की पुष्टि होने पर पुलिस ने दुष्कर्म की धारा बढ़ाई और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस ने आरोपी हाशिम पुत्र कल्लू निवासी मौहल्ला मुगल दरगाह के पास थाना सहावर को बुधवार को ईदगाह के पास कासगंज रोड से गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की है।

सड़क दुर्घटना में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

गत छह दिन पूर्व ट्रैक्टर की टक्कर से घायल हुई थी महिला



कासगंज। शहर कोतवाली क्षेत्र में अमरपुर मार्ग पर गत छह दिन पूर्व ट्रैक्टर की टक्कर से घायल हुई महिला की आगरा में उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद परिजन विलाप करते हुए शव लेकर घर लौट आए और पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों के मुताबिक गत छह दिन पूर्व रजो देवी पत्नी रामरतन निवासी फतेहपुर माफी कासगंज अपने पति के साथ साइकिल से मनोटा गांव से फसल देखकर लौट रहीं थीं। अमरपुर मार्ग पीछे से अनियंत्रित ट्रैक्टर के चालक ने साइकिल में टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में उसके पति राम रतन की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसे जिला अस्पताल से रेफर किए जाने के बाद परिजन अन्यत्र लेकर चले गए। महिला का उपचार आगरा के मेडिकल कालेज में चल रहा था, जहां गत मंगलवार की शाम उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद परिजन विलाप करते हुए शव लेकर लौट आए और पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि, पुलिस लाइन्स कासगंज में अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर किया नमन

21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख में शहीद हुए सीआरपीएफ के 10 जवानों के बलिदान को किया याद



कासगंज। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार को पुलिस लाइन्स कासगंज स्थित शहीद स्मारक पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान अधिकारियों ने पुष्पचक्र एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर शहीद पुलिसकर्मियों के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को नमन किया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय रजनीश उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी नगर आंचल चैहान, क्षेत्राधिकारी सहावर दुर्गेश कुमार मिश्र, क्षेत्राधिकारी पटियाली अमित कुमार तथा प्रतिसार निरीक्षक सुभाष सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस स्मृति दिवस प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को देश की रक्षा और जनसेवा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले पुलिसकर्मियों की स्मृति में मनाया जाता है।

इस दिन वर्ष 1959 में लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में चीनी सैनिकों के हमले का सामना करते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 10 जवानों ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्हीं वीर जवानों की स्मृति में यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर शहीदों के त्याग और समर्पण को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि पुलिसकर्मी कठिन परिस्थितियों में भी जनता की सुरक्षा और सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। शहीद जवानों का बलिदान पुलिस बल की भावी पीढ़ियों को कर्तव्यनिष्ठा, साहस और देशसेवा के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा।

बालू रेत लेकर गुजर रहा ट्रैक्टर उठा, मची अफरा-तफरी

कासगंज। गंजडुंडवारा नगर के एटा रोड रेलवे फाटक के निकट से गुजर रहे बालू रेत से भरे ट्रैक्टर का अगला हिस्सा ओवलोड होने की वजह से ऊपर उठ गया। अचानक ट्रैक्टर उठने से चालक बाल-बाल बचा, वहीं आसपास गुजर रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई और इधर, उधर हट गए। बता दें कि गंजडुंडवारा कस्बा में एटा रोड व्यस्ततम मार्ग है, यहां पर वाहनों का आवागमन अधिक बना रहता है। घटना बुधवार सुबह छह बजे की है। बालू रेत लेकर एक ट्रैक्टर ट्राली गुजर रहे थे, अधिक वजन होने की वजह से ट्रैक्टर का अगला हिस्सा अचानक ऊपर उठ गया। जिससे ट्रैक्टर पर बैठा चालक गिरने से बाल-बाल बचा। वहीं आसपास से गुजर रहे लोगों में भी अफरा-तफरी मच गई। ट्रैक्टर के नीचे होने के बाद ही क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली। इसके बाद ही क्षेत्र में वाहनों का आवागमन सामान्य हो सका। स्थानीय लोगों ने ऐसे ट्रैक्टरों को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग की है, जिससे भविष्य में इन चालकों की लापरवाही से होने वाली संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

26 को आएंगे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सहित दर्जनों दिग्गज नेता

अलीगढ़। कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी उत्तर प्रदेश ब्रज जॉन कुंडल चौधरी विधायक ने अलीगढ़ पहुंचकर मैरिस रोड स्थित शहनाई मैरिज होम में कांग्रेसियों की बैठक की, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ठा. सोमवीर सिंह ने की।

बैठक में कुणाल चौधरी विधायक सोमवार को होने जा रही विशाल रैली को लेकर कार्यकताओं से रूबरू हुए। पार्टी के पूर्व विधायक विवेक बंसल, रूही जुबैरी एडवोकेट पूर्व राष्ट्रीय महासचिव महिला कांग्रेस, ठाकुर सोमवीर सिंह जादौन जिलाध्यक्ष, नवेद खान , मोहम्मद जियाउद्दीन राही जिला संगठन उपाध्यक्ष प्रभारी जिला कांग्रेस ने क्षेत्र में जुटाने का आहवान किया। उन्होंने कार्यकर्ता के बीच अपनी बात रखते हुए कहा कि 26 अक्टूबर को शहनाई मैरिज होम मैरिज रोड पर यूपी प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम पूर्व मंत्री, यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अराधना मिश्रा विधायक, इमरान मसूद सांसद



कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव के संग पूर्व विधायक विवेक बंसल, जिलाध्यक्ष ठा. सोमवीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष जियाउद्दीन रही, पूर्व अध्यक्ष अतरौली सजदा बेगम, जिला महामंत्री हिना मिर्जा।

कार्यकारी अध्यक्ष, इमरान प्रतापगढ़ी सांसद शामिल होंगे। इस दौरान श्योराज जीवन, चौधरी गंगा राम, उमरुद्दीन, नसीम अहमद, सुरेंद्र सिंह बालियान, नौशाद कुरैशी, राकेश, गौरांग देव चौहान, कृष्णा, प्रतिमा सिंह, भूपेंद्र, कैलाश बाबू चौहान, पूरन चंद देशमुख, आलोक गोंडा, हाजी इलियास, सुलेमान निजमी, शाहबाज जियाउद्दीन, ओम प्रकाश सिंह, शेरपाल सविता, डॉ शंकरलाल, चौधरी जपल सिंह, समता सिंह, वंदना चौधरी, सजदा बेगम, पूर्व अध्यक्ष अतरौली नगर पालि. का सुमन गौतम, रेखा शर्मा, विमलेश पार्षद, रिदा खान, हिना मिर्जा, जिला महासचिव रोशनी सिंह, यासमीन जहाँ, मीना शर्मा, रिवाना बेगम, नदीम गफुर, अरीब बनो, हुडा बनो, विक्रम सिंह यादव, सरदार अजीत सिंह, विनेश तोमर, पंडित धनेश शर्मा, अवलिश चौधरी, शाहरुख खान, क्यामुद्दीन, अनवर अकील, इरशाद फरीदी, यामीन मेव, डुगर सिंह, इंद्र पल सिंह जाटव, विजेंद्र बघेल आनंद बघेल, एयाज कुरैशी, अमजद हुसैन, वसीम ठाकुर, उजर अमिल हुसैन, गोपाल मिश्रा, सुमित कालू, राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

गठबंधन में तीन सीटों पर सहमति बनने की संभावना बढ़ी: सोमवीर



मसूद सांसद इमरान प्रतापगढ़ी सहित आधा दर्जन से अधिक नेता आ रहे हैं और यह कार्यकर्ताओं से रूबरू होने के बाद तय करेंगे की जनपद की तीन कौन सी सीटों पर कांग्रेस पार्टी चुनाव लड़ेगी।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि पार्टी के निर्देश पर जिला संगठन द्वारा जिले की सातों सीटों पर तैयारी की जा रही थी और सातों सीटों का पैनल भी हाई कमान को भेजा था। सपा से गठबंधन के चलते ताजा अपडेट है कि गठबंधन ने कांग्रेस को जिले में तीन सीट मिलने की संभावना प्रबल बनती जा रही है। इसी की दृष्टिगत 26 अक्टूबर को शहनाई मैरिज होम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष इमरान

वीडियो बनाकर फंदे पर झूला पति

❑मरने से पहले वीबी-साली और जीजा को बताया जिम्मेदार

बुलंदशहर। नगर की इंद्रा कॉलोनी भाईपुरा रोड निवासी विश्पाल गिरी ने बताया कि उनका पुत्र पंकज (21) नोएडा में नौकरी करता था। इसी दौरान उसकी जान-पहचान एक युवती से हुई। बात शादी तक पहुंची तो दोनों परिवारों की सहमति से दो वर्ष पूर्व पंकज का विवाह कर दिया गया। शादी के बाद पंकज इंद्रा नगर स्थित आवास में रहने लगा। वह मजदूरी करता था। विश्पाल ने बताया कि वह परिवार के अन्य लोगों के साथ नोएडा में रहते हैं। आरोप लगाया कि पंकज की पत्नी बिना बताए नोएडा निवासी अपने जीजा और बहन के पास चली जाती थी। जिसको लेकर पंकज काफी परेशान था। एक सप्ताह पूर्व भी पत्नी बिना बताए



अपने जीजा और बहन के पास चली गई। इसी बात से आहत होकर बीती रात में उनके बेटे ने घर में ही फंदे से लटककर जान दे दी। रात करीब नौ बजे किरायेदारों ने पंकज को फंदे से लटका देख उन्हें फोन कॉल कर सूचना दी। इसके बाद उन्होंने ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंकज को फंदे से उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वह नोएडा से घर पहुंचे। पंकज के एक वर्ष का बेटा मो. हित है। बताया कि पंकज ने आत्महत्या करने से पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल किया। वायरल वीडियो में पंकज ने जीतू और विनीता को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। आरोप लगाया कि पत्नी भी पंकज की मौत की जिम्मेदार है। कोतवाली देहात प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। तहरीर मिलने पर जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

सलेमपुर में हुए हादसे में कृष्णा की मौत

❑ओवरटेक करते समय छोटे हाथी से टकराई बाइक, तीन युवक हुए थे घायल

बुलंदशहर। मेरठ-बदायूं हाईवे पर थाना सलेमपुर क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन युवक बुलंदशहर से शिकारपुर की ओर आ रहे थे। थाना सलेमपुर के पास ओवरटेक करते समय उनकी तेज रफ्तार बाइक छोटे हाथी से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी नीरज शर्मा ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए ले जाया जा रहा था।

इसी दौरान शिकारपुर निवासी हल्लू के पुत्र कृष्णा (20) ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि समाच. ार लिखे जाने तक पुलिस को मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई थी। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

आग लगाकर 60 फुट की ऊंचाई से लगाई वृद्ध रामप्रसाद ने छलांग

❑करतब देख रोमांचित हुए दर्शक

बुलंदशहर। खुर्जा क्षेत्र के रामलीला मैदान में रामलीला महोत्सव के दौरान 69 वर्षीय रामप्रसाद तिवारी ने हैरतअंगेज स्टंट दिखाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उन्होंने करीब 60 फुट की ऊंचाई से आग लगाकर छलांग लगाने का प्रदर्शन किया। उनके इस साहसिक करतब को देखने के लिए मैदान में मौजूद दर्शकों की



निगाहें उन पर टिकी रहीं। खुर्जा के जंक्शन रोड स्थित रामलीला मैदान में रामलीला महोत्सव चल रहा है। यहां पर प्रतिदिन रामलीला का मंचन किया जा रहा है। दशहरा के दिन रावण दहन हुआ। जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। वहीं रामलीला के दौरान 69 वर्षीय रामप्रसाद तिवारी द्वारा किए गए खुद को आग लगाकर 60 फीट ऊंचाई से पानी में कूदने के स्टंट ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

69 वर्ष की उम्र में रामप्रसाद तिवारी द्वारा इस तरह का प्रदर्शन करना लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा। उनके करतब को देखकर दर्शकों में उत्सुकता और रोमांच का माहौल बना रहा।

रामलीला कमेटी के प्रधान आशीष गोयल ने बताया कि इस प्रकार का स्टंट प्रत्येक वर्ष किया जाता है। महोत्सव के दौरान कवि सम्मेलन, भजन संध्या आदि अन्य कार्यक्रम भी किए जाते हैं। जिन्हें देखने के लिए लोगों को भीड़ उमड़ती है।

संविदाकर्मी अमित का शव पालिका के डंपिंग ग्राउंड में मशीन से लटका मिला

बुलंदशहर। कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव भाईपुरा स्थित पालिका के डंपिंग ग्राउंड में तैनात एक संविदा कर्मी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कूड़ा निस्तारण मशीन से लटका मिला। संविदाकर्मी द्वारा खुदकुशी किए जाने की आशंका है। जब मृतक की मां खाना लेकर पहुंची। तब घटना का पता चल सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है। कोतवाली देहात के गांव घ्यौंडरी निवासी सचिन कुमार ने बताया कि उनके चचेरे भाई अमित(30 वर्ष) भाईपुरा स्थित पालिका के डंपिंग ग्राउंड में संविदा पर चौकीदारी का कार्य करता था। अमित का छोटा भाई विशाल भी उसी डंपिंग ग्राउंड में संविदा पर पोकलेन मशीन चलाता है। अमित रात के समय भी डंपिंग ग्राउंड पर ही रुकते थे। सोमवार शाम को काम समाप्त होने के बाद अन्य सभी लोग अपने घर लौट आए। जबकि अमित वहीं रुक गए थे। ध्बीती सुबह करीब 10 बजे जब अमित की मां उनके लिए खाना लेकर डंपिंग ग्राउंड पहुंचीं, तो अमित का शव कूड़ा निस्तारण मशीन से फंदे पर लटका देख उनकी चीख निकल गई। स्थानीय लोगों और परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर अमित को फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है। वहीं सीओ०सिटी प्रखर पांडेय का कहना है कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा, जिसके आधार पर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

छात्र ने राष्ट्रीय प्रैक्टिकम प्रतियोगिता में दूसरा पुरस्कार जीता

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन एवं अनुसंधान संकाय (एफएमएसआर) के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के विद्यार्थियों ने क्राइस्ट डीम्ड विश्व. विद्यालय के दिल्ली-एनसीआर परिसर के व्यवसाय एवं प्रबंधन विद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रैक्टिकम प्रतियोगिता 2026 में भाग लिया। प्रतियोगिता में अली शहरयार अब्बास ने दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया।

नवाचार और शोध का प्रदर्शन विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को अपने व्यावहारिक प्रबंधन ज्ञान, नवाचारी सोच, शोध अभिरुचि और समस्या समाधान की क्षमता प्रदर्शित करने के लिए राष्ट्रीय मंच प्रदान किया। इसमें वारिशा, इरम फातिमा और अली शहरयार अब्बास की भागीदारी विभाग की अनुभव आधारित शिक्षा, शैक्षणिक उत्कृष्टता और विद्यार्थियों में व्यावसायिक दक्षताओं के विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

जहांगीराबाद को मिला नया एक्सईएन, सौरभ निगम ने संभाला कार्यभार

जहांगीराबाद (बुलंदशहर)। विद्युत वितरण खंड जहांगीराबाद में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। यहां तैनात अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) सौरभ मिश्रा का स्थानांतरण बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर के लिए कर दिया गया है।

उनके स्थान पर मुजफ्फरनगर में तैनात रहे अधिशासी अभियंता सौरभ निगम को जहांगीराबाद का नया एक्सईएन०बनाया गया है। नए एक्सईएन०सौरभ निगम ने जहांगीराबाद पहुंचकर विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की।

बैठक में उन्होंने विद्युत आपूर्ति, राजस्व वसूली, लाइन लॉस और उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए और विद्युत आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप सभी को निर्बाध विद्युत आपूर्ति देना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस दौरान विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

एएमयू के शिक्षक ने श्रीनगर में विशेषज्ञ व्याख्यान दिया

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के यूनानी चिकित्सा संकाय के मुनाफेउल अजा (फीजियोलोजी) विभाग के अध्यक्ष प्रो. फारूक अहमद डार ने श्रीनगर स्थित क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में आयोजित शिक्षकों की क्षेत्रीय उत्कर्ष प्रशिक्षण कार्यशाला में विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। उन्हें भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अधीन भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया गया है। कार्यशाला में दक्षता आधारित गतिशील पाठ्यक्रम पर प्रशिक्षण दिया गया।

मां का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने को भटक रहा पीड़ित, वीडियो वायरल

बुलंदशहर। शिकारपुर क्षेत्र मे अपनी मां का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नगर पालिका परिषद के चक्कर काट रहे एक व्यक्ति का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए अपने पुराने आवेदन का निस्तारण नहीं होने की शिकायत की है। पीड़ित जीशान पुत्र इस्लाम के अनुसार उसने सितंबर के दूसरे सप्ताह में मां का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन किया था। इसके लिए नगर पालिका में मांगे गए सभी आवश्यक दस्तावेज भी जमा करा दिए थे। इसके बावजूद उसे प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया। आरोप है कि बाद में नगर पालिका की ओर से एक अक्टूबर से लागू नए नियमों का हवाला देते हुए उसे जिला न्यायालय जाने की सलाह दी गई। इस पर पीड़ित ने सवाल उठाया कि जब उसने सितंबर में ही आवेदन कर दिया था। तो समय रहते उसके आवेदन का निस्तारण क्यों नहीं किया गया। उसने दस्तावेज वापस लेने के दौरान उचित जानकारी नहीं दिए जाने की शिकायत भी की है। वहीं नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने बताया कि शासन स्तर से नए नियम लागू किए गए हैं। उन्हीं नियमों के अनुसार मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। पीड़ित ने अपने पुराने आवेदन के संबंध में नियमों की स्थिति स्पष्ट करने और मामले में लिखित जवाब देने की मांग की है।

एडीएम न्यायिक भरत राम यादव को अधिकारियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

बुलंदशहर। जनपद बुलंदशहर में तैनात अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) भरत राम यादव के असामयिक निधन पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्री कुमार हर्ष की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत जिलाधिकारी कुमार हर्ष, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अभिषेक कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन नीतीश कुमार सिंह तथा नगर मजिस्ट्रेट जगदंबिका प्रसाद पाण्डेय सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत अधिकारी के प्रति



अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोक संतप्त परिजनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

एनसीसी कैडेट्स ने आसमान की ऊँचाइयों को छूने की ओर बढ़ाए कदम



अलीगढ़। समूह मुख्यालय, एनसीसी द्वारा आयोजित 10 दिवसीय पैरासेलिंग शिविर के अंतर्गत 71 छात्र एवं छात्रा एनसीसी कैडेट्स ने पैरासेलिंग का रोमांचक अनुभव प्राप्त किया। अलीगढ़ और मथुरा के कैडेट्स अपने साहसिक सपनों को साकार करने के लिए पूरे उत्साह के साथ पैरासेलिंग ग्राउंड पहुँचे।

आज ग्रुप कैप्टन एन. एस. शौकीन (सेवा. निवृत्त) ने एनसीसी कैडेट्स को पैरासेलिंग गतिविधि के दौरान सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण पहलुओं एवं पैरासेलिंग लॉन्च के संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

इस अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल डी. धडवाल, कैप्टन पंकज कुमार (एएनओ), सेकंड ऑफिसर प्रियंक (एएनओ), सूबेदार हर सिंह, सीनियर एनसीओ अजय पांडेय, हवलदार अंबु एम. सहित अन्य सैन्यकर्मी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

इस प्रकार की साहसिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए उच्च स्तर की शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस आवश्यक है। कैडेट्स के जोश और उत्साह को देखकर यह स्पष्ट है कि देश का युवा वर्ग किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। कल कैडेट्स को ड्रोन के संबंध में भी जानकारी एवं व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जाएगा। एनसीसी द्वारा आयोजित इस प्रकार की गतिविधियाँ कैडेट्स में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उनकी सामान्य जागरूकता में भी वृद्धि करती हैं।

बुलंदशहर में विधान परिषद चुनाव की तैयारियां पूरी

❑23 अक्टूबर को होगा मतदान

बुलंदशहर। जिलाधिकारी कुमार हर्ष और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने विधान परिषद खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए निकुंज हॉल में निर्वाचन ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को ब्रीफ किया। बुधवार शाम 4 बजे अधिकारियों ने सभी कर्मियों को पूरी सतर्कता और अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। जिले में 22 मतदान केंद्र, 17,686 मतदाता बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 22 मतदान केंद्र और 65 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से



संपन्न कराने के लिए 7 जोनल मजिस्ट्रेट, 20 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 260 मतदान कार्मिक और 28 रिजर्व कार्मिकों की तैनाती की गई है। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए जिले में 22 बैरियर भी लगाए गए हैं। इस चुनाव में कुल 17,686 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 10,768 स्नातक और 6,918 शिक्षक मतदाता शामिल हैं। मतदान 23 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। मतदान कक्ष के अंदर मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, स्याही और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएं ले जाना पूरी तरह वर्जित रहेगा।नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई जिलाधिकारी और एसएसपी०ने संयुक्त रूप से निर्देश दिए कि सभी पुलिसकर्मी निर्धारित समय पर अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचें। निर्वाचन आयोग के नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

असामाजिक तत्वों और संदिग्ध गति विधियों पर कड़ी नजर रखी जाए। कानून- व्यवस्था बिगाड़ने या मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना सभी की जिम्मेदारी है।



पुतला दहन होते ही रावण बोला
जय श्रीराम, जय श्रीराम

कोसीकलां। बुधवार को कृषि अनाज मण्डी परिसर में आयोजित दशहरा मेला में जहां दूर-दराज से आई लाखों की भीड का भारी जमाबडा रहा, वहीं स्थानीय पुलिस ने भी सुरक्षा की दृष्टि से कडे बंदोबस्त किये। वहीं युद्धभूमि में रावण को पराजित कर अयोध्या लौटते श्रीराम नाम के लगे जयकारों से योगीराज की नगरी राममय हो गयी। इसी के साथ असत्य पर सत्य की जीत के साथ आखिरकार रावण का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम ने जनमानस को सत्य और असत्य के बीच का अंतर समझा दिया।

सभी नगरवासी व क्षेत्रीय लोग रावण बध के प्रसंग को लेकर काफी उत्साहित दिखाई दिये। ग्रामीण अंचलों, आसपास क्षेत्रों, से लाखों की संख्या में लोग अनाज मण्डी परिसर में दशानन के पुतला दहन के साक्षी वने। देर सायं लीला मंचन के बाद जैसे ही मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम ने रावण के प्रतीकात्मक पुतले का दहन किया। रावण के मुंह से जय श्रीराम जय श्रीराम की आवाजें गूजने लगी। इस बार 65 फुट ऊंचा रावण का पुतला बनाया गया था। पुतला दहन के बाद समूचा नगर मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के उदघोषों से गुजांयमान हो उठा। काफी देर तक लोग जयकारों के साथ-साथ रंग विरंगीआतिशबाजी का आनंद लेते रहे। इससे पूर्व रत्नागर सागर स्थित बडे महादेव मंदिर से रावण का बध करने के लिए जाते राम, लक्ष्मण की झांकी निकाली गयी। झांकी का नगरवासियों ने भव्य स्वागत किया। झांकी रत्नागर सागर स्थित बडे महादेव मन्दिर से कृषि अनाज मण्डी पहुंची जहां रावण के विशालकाय पुतले का दहन किया गया।

झांकी में ये रहे मौजूद

झांकी में पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, संयोजक खगेंद्र सिंह उर्फ बॉबी ठाकुर, अध्यक्ष गिर्राज चौधरी, मंत्री हैप्पी गर्ग, कमल किशोर वार्ष्णेय, कन्हैयालाल गोयल, डॉ अमर सिंह पौनिया, वेद प्रकाश गोयल, देशबंधू अग्रवाल, कैलाश चन्दोरिया, सुरेश आर्य, अनुराग तायल, पिंटू नेता, नवल भगतजी,अनिक जैन, सौरभ जैन, कल्पेश जैन, कार्तिक चैधरी,धर्मसिंह, युग भारद्वाज, वेद प्रकाश,मोहनदत्त शर्मा, सार्थक शर्मा,पुष्पेंद्र सिंह,देवेश त्यागी,पदम ठाकुर,शिव भगोसिया, गणेश अग्रवाल,आदि लोग साथ चल रहे थे। इस मौके पर पुलिस प्रशासन ने भी चाक चौबन्द व्यवस्था की।



कोसीकला के काली मेला में उमड़ा जन सैलाब

कोसीकलां का काली मेला एक प्रमुख आयोजन है, जो रामलीला संस्थान द्वारा नवमी की रात्रि में आयोजित किया जाता है। यह मेला काली के स्वरूप को दशार्ता है और इसका अपना विशेष आनंद है। कोसीकलां काली मेले के मुख्य आकर्षण काली का स्वरूप में नितेश भारद्वाज ने मेले में काली का विशेष स्वरूप प्रदर्शित किया जाता जो आकर्षण का केंद्र होता है।रामलीला संस्थान यह आयोजन रामलीला संस्थान द्वारा किया जाता है, जो काली मन्दिर रामनगर से शुरू होकर पूरे नगर में भृमण करते हुए भरत मिलाप चोक पर पहुँचती है जहां अहिरावण वध लीला का मंचन किया जाता क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करता है। नवमी की रात्रि मेला नवमी की रात्रि में आयोजित किया जाता है, जो नवरात्रि के अंतिम दिन का हिस्सा है। कोसीकलां मथुरा जिले में स्थित एक नगर है, जो अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता के लिए जाना जाता है। कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष कमल किशोर वाष्णेय ने बताया यहाँ पर श्री नन्द महाराज की कुशस्थली थी, और यह स्थान द्वारका पुरी के दर्शन के लिए प्रसिद्ध है। कोसीकलां में यह मेला करीब दो सौ वर्ष पुराना है जिसमे पूर्व में स्व श्री चरण महाराज काली का किरदार निभाते थे उनके बाद स्व श्री मोहनलाल पहलवान ने किरदार निभाया था श्रृंगार प्रमुख भगवत प्रसाद ने बताया काली के मुकुट का वजन लगभग पूर्व में तो 41 किलो था लेकिन नगर की जनसंख्या बढ़ाने के कारण रूट बड़ा हो गया और मुकुट को भी घटकर लगभग 29 किलो का कर दिया गया। झांकी में पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, संयोजक खगेंद्र सिंह उर्फ बॉबी ठाकुर, अध्यक्ष गिर्राज चौधरी, मंत्री हैप्पी गर्ग, कमल किशोर वार्ष्णेय, कन्हैयालाल गोयल, डॉ अमर सिंह पौनिया, वेद प्रकाश गोयल, संजीव जाबिया, देशबंधू अग्रवाल, कैलाश चन्दोरिया, सुरेश आर्य, अनुराग तायल, पिंटू नेता, नवल भगतजी,अनिक जैन, सौरभ जैन, कल्पेश जैन, कार्तिक चौधरी, धर्मसिंह, युग भारद्वाज, वेद प्रकाश, मोहनदत्त शर्मा, सार्थक शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह, देवेश त्यागी, पदम ठाकुर, शिव भगोसिया, गणेश अग्रवाल, आदि लोग साथ चल रहे थे। अतिसंवेदनशील माने जाने वाले नगर कोसीकलां में काली मेले को सकुशल सम्पंन कराने के लिए जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एस.पी.ग्रामीण, उपजिलाधिकारी व सीओ छाता के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक कमलेश सिंह के दिशा निर्देशन में 8 एसओ, 80 कास्टेवल, 10 महिला पुलिस कर्मी, सादा वर्दी में तैनात 20 पुलिसकर्मी, 30 एस.आई, 10 एस.एस.आई, 35 होमगार्ड, 2 कम्पनी पीएसी, 1 एंटीरोमियों स्क्वाड तैनात किये



अपनी गुणवत्ता के साथ नयी पहचान पा चुका है- एम.एम. बिल्डर्स

आर0एम0सी0 प्लांट के माध्यम से यह फर्म न केवल छाता क्षेत्र बल्कि पूरे जनपद में लोगों के विष्वास का केन्द्र बन चुकी है। एम0एम0 बिल्डर्स के निदेषक मुन्ना लाल जैन का कहना है कि उनका उद्देष्य व्यापार में लाभ कमाने से पहले ग्राहक को उच्च क्वालिटी के साथ उसकी सन्तुश्टि प्रमुख रहता है। फर्म के उपनिदेषक कमल किषोर वाश्र्णेय का मानना है कि जब तक व्यापार को ऐ सेवा का माध्यम नहीं समझा जायेगा तब तक कामयाबी पाना बड़ा मुष्किल काम है। राश्ट्रीय राजमार्ग स्थित जी0एल0ए0 विष्वविद्यालय के निकट संचालित एम0एम0 बिल्डर्स ने अभी हाल में ही एक बड़ा आर0एम0सी0 प्लांट बढ़ाया है जिससे इसकी सप्लाई क्षमता और बढ़ गयी है। इस मेला पर एम0एम0 बिल्डर्स परिवार ने सभी लोगों को बधाई दी है।

जागृति की ज्योति में निरंकारी संत समागम

नगर से 22 अक्टूबर को समालखां पहुंचेंगे 500 श्रद्धालु

कोसीकलां। जहाँ ब्रह्मज्ञान से चेतना जागृत हो, प्रेम से हृदय आलोकित हो और सेवा जीवन का संकल्प बन जाए, वहीं संत समागम आत्मिक जागृति का पावन उत्सव बन जाता है। इसी दिव्य भाव और आध्यात्मिक चेतना को साकार करते हुए, सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित की पावन छत्रछाया में 79वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 23 से 26 अक्टूबर, 2026 तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखां में आयोजित होने जा रहा है।

मथुरा जोन के अंतर्गत आने वाली कोसीकलां ब्रांच से 22 अक्टूबर को करीब पांच सौ निरंकारी भक्त इस मानवता के महाकुम्भ में सम्मिलित होने के लिए रवाना होंगे। श्रद्धालु सत्संग, सेवा, प्रेम और भक्ति के इस दिव्य मिलन में सहभागी बनेंगे।श्रद्धालुओं की बढ़ती सहभागिता के साथ समागम स्थल की तैयारियाँ अब अंतिम चरण में पहुँच चुकी हैं। संतों की निस्वार्थ सेवा, परिश्रम और समर्पण से सामान्य सा दिखने वाला मैदान आज एक दिव्य आध्यात्मिक नगरी का स्वरूप धारण कर चुका है। सुशील कुमार मदान ने बताया कि विशाल पंडालों में श्रद्धालुओं के लिए सुव्यवस्थित व्यवस्थाएँ की गई हैं। परिसर में अत्याधुनिक एल.ई.डी. स्क्रीन स्थापित की जा रही हैं, ताकि प्रत्येक कोने में बैठे श्रद्धालु प्रेरणादायक प्रवचनों, भावपूर्ण भजनों एवं आध्यात्मिक विचारों को सहजता से देख-सुन सकें।यह संत समागम ब्रह्मज्ञान, भक्ति, समर्पण और आत्मिक जागृति का पावन संगम है। यहाँ श्रद्धालु अपनी अंतर्चेतना को जागृत करने, परमात्मा से अपने संबंध को अनुभव करने तथा विश्वबंधुत्व, सौहार्द और निस्वार्थ सेवा जैसे मानवीय मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं। यह समागम सेवा, समर्पण, सृजनशीलता और सामूहिक श्रद्धा की साकार अभिव्यक्ति है। इस दिव्य आध्यात्मिक मिलन में सभी सज्जन महात्माओं एवं श्रद्धालु भक्तों का सादर स्वागत है।



पिन्टु उपाध्याय
ब्राह्मण पुरी, कोसीकलां
मो. 9457175077



सुन्दर सैनी
कोसीकलां
मो. 9045662031



ऋषभ अग्रवाल
मो. 8445391700



हरीओम भार्गव
मो.9837574666



लवांकुश अग्रवाल



मनीष मंगला
रेडीमेट भरत मिलाप चौक, कोसीकलां
मो. 8791319153



मोहन श्याम सरोलिया
मो. 9997983176



प्रकाश सैनी
कोसीकलां
मो. 8958877744

वीडीजेएस क्रिकेट टीम ने जिंदल नाइट राइडर को 7 विकेट से हराया



कोसीकला नंदगांव रोड विद्या देवी जिंदल स्कूल क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे 12 वे जिंदल प्रीमियर लीग में वीडीजेएस वर्सेस जिंदल नाइट राइडर के बीच मुकाबला हुआ जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि कॉरपोरेट एचआर हेड राजेश तनेजा के साथ जिंदल सॉ के डायरेक्टर नितिन शर्मा , संदीप रघुवंशी, वाई के त्यागी ,जे बी गुप्ता, जिन्दल स्कूल की प्रधानाचार्या सौम्या नाथ ने टीम को कैप पहनकर परिचय प्राप्त किया तथा कॉरपोरेट हेड एचआर राजेश तनेजा ने टॉस उछाल कर मैच का उद्घाटन किया जिसे वीडीजीएस के कप्तान सुखदेव सिंह चौहान ने जीता और फील्डिंग का निर्णय लिया तथा जिंदल नाइट राइडर कप्तान विपिन की चौधरी की टीम ने 12 ओवर में 61 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जिसमें विपिन चौधरी ने तीन ओवर में दो विकेट लिए और 23 रन का योगदान दिया बैटिंग पर उतरी वीडीजीएस की टीम ने 7.01 बॉल पर तीन विकेट खोकर 62 रन बना मैच को 7 विकेट से जीत लिया मैन ऑफ द मैच विद्या देवी जिन्दल स्कूल के खिलाड़ी कृष्णा शर्मा को मिला जिन्होंने तीन ओवर में आठ रन देकर चार विकेट लिए और 32 रन का योगदान दिया कमेंट्री संदीप रघुवंशी,वाई के त्यागी राजेंद्र खत्री ने की स्कोरिंग आस्था अग्निहोत्री ,संजय वर्मा, संजीव सिसोदिया ,विजय ,प्रताप सिंह ने की अंपायर का भार मनोज कुमार उपाध्याय और के के कौशिक ने निभाया थर्ड अंपायर की भूमिका में प्रवीण जैन रहे कल का मैच जिंदल डेयरडेविल्स वर्सिज जिंदल रॉयल्स के बीच खेला जाएगा

नगर से अपहृत मासूम सकुशल बरामद, बिहार का आरोपी गिरफ्तार

कोसीकलां व राजस्थान पुलिस की संयुक्त चेकिंग में मिली बड़ी सफलता,अपहरण में इस्तेमाल स्प्लेंडर बाइक भी बरामद, आरोपी किया राजस्थान पुलिस के सुपुर्द

कोसीकलां। थाना पुलिस और राजस्थान पुलिस की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान राजस्थान से अपहृत एक मासूम बालक को नगर कोसीकला से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने मौके से अपहरण के आरोपी को भी दबोचा है।


जानकारी के अनुसार, पिछले दिनों राजस्थान के कोटपुतली जनपद अंतर्गत थाना नीमराना में एक मासूम बालक के अपहरण का मुकदमा दर्ज था। राजस्थान पुलिस अपहृत बालक व आरोपी की तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में कोसीकलां पुलिस व राजस्थान पुलिस की टीम संयुक्त रूप से क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। गत मंगलवार की रात करीब 10 बजे पुलिस टीम को गावं कामर स्थित मोहनजी महाराज के चबूतरे के पास एक संदिग्ध स्प्लेंडर मोटरसाइकिल दिखाई दी। पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक को रोका, जिस पर अपहृत अबोध बालक कृष्णा पुत्र अनिल, निवासी नीमराना, राजस्थान मौजूद था। पुलिस ने बालक को सुरक्षित अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने घटनास्थल से मामले में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विवेक कुमार पुत्र श्याम नारायण(34), निवासी गांव मौहद्दीगंज, थाना सासाराम, जिला रोहतास बिहार बताया। प्रभारी निरीक्षक कमलेश सिंह ने बताया कि बरामद बालक, एवं बाइक और गिरफ्तार आरोपी को अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए राजस्थान पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

जब कुशस्थली में होता है राम और भरत का मिलाप

जिस प्रकार कुषस्थली के रूप मे कोसीकलां अत्यन्त प्राचीन तीर्थ नगरी है उसी प्रकार यकां की रामलीला एवम अन्य उत्सव पर्व भी पुरातन है। मुगल काल मे यहां की धार्मिकता को पुन पुन अपवित्र किया गया था। फिर भी यहॉ के निवासी किसी न किसी रूप मे अपने धार्म कि करते रहे है। जहॉ तक कुषस्थली की रामलीला का प्रष्न है वही यहॉ का दषहरा मेला वहुत प्रसिद्ध है। प्राचीन दषहरा मेला ही आधुनिक भरतमिलाप पर्व है। और इयमे कोई सन्देह नही है कि इसका सम्बध कोसीकलॉ की रामलीला से है। कुषस्थली कुषवन अथवा कोसीकलॉ की रामलीला कितनी प्राचीन है। इसका सबसे अीधक पुष्ट प्रमाण जो कि अब तक की जानकारी मे आया है उसके अनुसार यह रामलीला अथवा भरतीमलाप श् दषहरा पर्व पौने दो सौ वर्ह से भी पुराना है। यहॉ के प्रमुख मुलो या उत्सवो मे प्रथम दषहरा है। जो अभी मात्र 40 और 50 वर्ह पूर्व प्रारम्भ हुआ था इसे लालू सिंह खत्रे और दरबारी सिंह बनिया ने अपने सयुक्तं प्रायासो से प्रारभ किया ज्ञात हो कि गाउस कोसीकलॉ आये थे कोसीकलॉ का ग्राउस सगजं बाजार उन्ही के द्वारा स्थापित हुआ है। गुरूद्वगंज का ही विक्रत नाम है। हम सभी कुषस्थली वासियो को अपनी इस मूल्यवान विरासत और परम्परा पर गर्व करना चाहिये और उसकी परम्परागत विषेद्वताओ को बचाये और बनाये रखना चाहिय। यहॉ पर विषेद्व रूप से स्मरण रखना चाहिये की कोसीकला मे रामलीला का आयोजन अन्य स्थानो की भाति लोकनाट्य या मेला मनोरन्जन के तौर पर न रहकर एवं भक्ति से किया जाता है लोक मनोरंजन के लिए हमारे यहां रामलीला महोत्सव के दौरान ही स्वांग नौटंकी एवं नाटक प्रदर्षन की अलग व्यवस्था होती है। सम्भवत: ब्रजभूमि में ही कोसीकलां की रामलीला ही एकमात्र रामलीला है। जिसके समस्त स्वरूप एवं पात्र आयोजक श्रंगारी आदि आव्यवसायिक है यह अद्वितीय और दुर्लभ परम्परा है और हमारी अमूल्य नगरीय विरासत है साथ ही यह भी कहा जाता है कि हमारी नाटक परम्परा का समुचे भारतवर्ष में कोई जोड़ नहीं हैं। प्राचीनकाल से ही हामरा देष त्यौहार प्रधान देष रहा है अर्थात यहां पर अनेक पर्व और त्यौहार मनाये जाते हैं कभी दीपावली तो कभी होली, कभी विजयदषमी तो कभी मकरसंक्रान्ति कदाचित आपका यह मानना होगा कि उनके पिछे कोई न कोई पौराणिक कथा रही होगी इसलिए ही यह रितीरिवाज चली आ रही है किन्तु यह सब कुछ बाद की बात है इस के पिछे सबसे पहले केवल एक आपसी ऐकता का अजर अमर नारा गूंजता है यहीं मेले पर्वो आदि का उद्देष्य भी यही होता है कि समस्त देषवासी पर्वो और मेले के माध्यम से आपसी द्वेषभाव झगड़े आदि भूलाकर एकता के सूत्र में बांधा जाये और पुन: आपसी प्रेम सदभावना उल्लास त्याग की गंगा बह निकले और यह होता भी नहीं था। कोई भी त्योहार आया की नागरिक एक दूसरे की बैर भावनाओं को भूलाकर आपस में तहे दिल से गले मिलते थे और जीवन में आने वाले प्रत्येक सूख को मिलजुलकर बांटते थे। परन्तु आज यह सब बातें आपसी बैर भाव के समसान में दबा दी है और आज सब बातों के महत्व को कोई भी नहीं जानता हैं। जिसने भी जानना चाहा है उसे समाज ने नकार दिया हैं और उसे अनेक वर्जनाओं का सामना करना पड़ा है पर्व व त्यौहारों के नाम पर केवल ढोंग और आड़म्बर ही शेष रह गया है।



अनुराग उर्फ लक्की
कोषाध्यक्ष, रामलीला संस्थान, कोसीकलां
मो. 9045612181



विजय कुमार शर्मा
मण्डल उपाध्यक्ष भाजपा कोसी कलाँ उप मंत्री राम लीला सस्थान



राम अग्रवाल
मो. 8218318580
राज लक्ष्मी साड़ी शोरूम

जिन्दल फैक्ट्री क्षेत्रिय विकास में रीड़ की हड्डी

सॉ पाईप्स लिमिटेड की छवि इस क्षेत्र में अनूठी है। नन्दगांव रोड़ पर संचालित इस फैक्ट्री का मुख्य काम बड़ी पाईप बनाना है। जिन्दल फैक्ट्री ने क्षेत्रिय युवाओं को रोजगार देने में अपनी भूमिका निभाई है। इसके स्थानीय प्रबन्धक चौधरी हवा सिंह की विषेष मेहनत और व्यवहार कुषलता के बल पर शायद इस फैक्ट्री को लेकर लोगों की सोच हमेषा सकारात्मक रहती है। चाहे काम का ऑर्डर है या नहीं परन्तु मालिक की तरफ से अपने स्टॉफ के प्रति रखी जाने वाली सकारात्मक सोच से भी कर्मचारी समर्पण भाव से काम करते हैं। फैक्ट्री के समस्त स्टॉफ सहित कर्मचारियों ने भरतमिलाप मेला महोस्तव की विषेष शुभकामनाऐं दी हैं।



जगदीश चन्द्र अग्रवाल
बरसाने वाले
मो. 8630468650



पवन यदुवंशी
सरपंच भट्टा मो. 8057024201



श्रीराम भरतमिलाप मेला एवं
शुभ दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
Designing Better Spaces for a Brighter Tomorrow
Architect
Chiragveer Agrawal
(Passout from Government College of Architecture Lucknow)
"Where Vision Takes Form"
Architectural | Planning | Design | Execution
Our Services
Residential & Commercial Architecture (Design | Planning | Execution)
Luxury Interiors (Elegant | Modern | Customized)
VR Technology (Virtual Experience of Your Space)
3D Visualization (Realistic 3D Renders)
Vastu Consultation (Harmonious Living & Working Spaces)
Turnkey Projects (From Concept to Completion)
Your Dream Our Design
SPACE PEOPLE LOVE TO LIVE IN
Chiragveer Agrawal
Architect
Mob.: +91 9536953333
Office Add: Near Hotel Brijwasi Lands Inn,
Opp. Hotel Duke Palace, Masani Link Road, Mathura
धर्मवीर अग्रवाल
चेयरमैन
नगर पालिका परिषद, कोसीकलाँ
आपकी सेवा एवं सहयोग के लिए हमेशा तत्पर
हर मदद में मददगार – धर्मवीर पत्रकार
सम्पर्क– भरत मिलाप चौक, कोसीकलाँ (मथुरा)

श्रीराम भरत मिलाप मेला
एवं दीपावली की सभी नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
प्रस्तुति : पवन अग्रवाल
कोसीकलां, मो. 9760706609, 9045055800

ललित अग्रवाल, अभिजित अग्रवाल,
जितेष अग्रवाल, ध्रुव अग्रवाल

कोसीकलां के ऐतिहासिक मेला
श्रीराम-भरत मिलाप
की हार्दिक शुभकामनाएं
सोनू मंगला
गिरीश अग्रवाल
रिंकू फायर वर्क्स
फायरवर्क विशेषज्ञ एवं विक्रेता
Phone: 9756202652, 8938000092

WISH YOU A
HAPPY DIWALI and Bhai Dooj
TR SHARMA
HR HEAD
Jain Cord
Industries Pvt Ltd.
- MANUFACTURING-
Vill- Dautana, Chandouri Road,
Chhata, Mathura, U.P.
- HEAD OFFICE-
Behrampur Road, 38th
Milesstone, Delhi-Jaipur
Highway, Gurugram-122001
Mob. +91 969001075, Email :- trsharma@jaincord.com

समस्त नगरवासी एवं क्षेत्रवासियों को
नवरात्रि दशहरा भरतमिलाप एवं दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
MM GROUP
M.M. BUILDERS
Near GLA University NH-19, 17KM. Mile Stone, Mathura
Ready Mix Concrete Plant
M/S. M.M.R.M.C.
NH-19, Ajhai Teh.Chhata (Mathura) U.P.
Fly Ash Plant
H.O.: NH-3, Agrawal Market, Kosi Kalan (Mathura) U.P.
WWW.mmbuildersmathura.com
तेजवंत जैन
M. 0750049999
tejwantmmb@rediffmail.com
कमलकिशोर वार्ष्णेय
भाजपा जिलाउपाध्यक्ष
M. 0901287777
m.m.builders.kamal@gmail.com
विष्णु अग्रवाल
सौजन्य से : वैष्णवी ढाबा
अभिजीत अग्रवाल मो. 9760706609
जितेश अग्रवाल मो. 9045529697
चूल्हे का भोजन, हाथ पानी की रोटी
मात्र एक यही स्थान
रेलवे स्टेशन, मैन गेट, कोसीकलां



रघुवीर
नगला हसनपुर, कोसीकलां
मो. 9997413671



जोगेन्द्र चौधरी
मो. 9756403333
राजगढ़ी, जगदम्बा भट्टा
श्रीराम भरत मिलाप मेल
की हार्दिक शुभकामनाएं
ललित, अभिजित, जितेष,
ध्रुव, हेमन्त, शशांक,
अभिराज, धन्नु, मणीकांत



ओ३म्
करो योग रहो निरोग
आप सभी क्षेत्रवासियों को
श्रीराम भरत मिलाप मेला
हार्दिक की शुभकामनाएं
डॉ. अमर सिंह पौनियां
बृजक्षेत्र उपाध्यक्ष - भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा
जिला प्रभारी - भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, मथुरा
डॉ. बीना पौनियां
M.Sc., B.ed.
81 छाता विधानसभा

आप सभी क्षेत्रवासियों को
शारदीय नवरात्रि, दशहरा व
कोसी कलां के ऐतिहासिक
भरत मिलाप मेला की
हार्दिक शुभकामनाएं!
इंडियनऑयल
INDANE GAS
सुरक्षित ऊर्जा | समृद्ध भारत
हर घर का भरोसा इंडियनऑयल
IndianOil
9837790174, 9149302087
एल.पी.जी. का संकल्प आपके लिये बेहतर सेवाओं का विकल्प
19 KG और 47.5 KG के
कमर्शियल सिलेंडर
हमेशा उपलब्ध रहते हैं
सिलेंडर लेते समय लीकेज व वजन अवश्य चेक करवाकर लें
OTP की महत्वपूर्ण जानकारी
OTP DAC
अपनी बुकिंग चेक करवाने के लिए स्टाफ व डिलीवरी मेन को अपना कंज्यूमर नंबर बताएं!
ओटीपी आपका गोपनीय रहना चाहिए!
डिलीवरी मेन को ओटीपी तभी दें जब वह आपके सिलेंडर की डिलीवरी दे रहा हो!
सुरक्षा के लिए होज पाइप अवश्य लगवाएं
KOSI GAS SERVICE
Near Foot Overbridge, Bypass, Kosi Kalan
9149302087 | 9837790174 | 9837790177

श्रीराम भरत मिलाप मेला
एवं दीपावली की सभी नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
वेद प्रकाश गोयल
पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल सभा
कोसीकलां
रजत गोयल
V.P. ENTERPRISES
KOSI KALAN MATHURA

DOON INTERNATIONAL SCHOOL
DEEDS NOT WORDS
KOSI KALAN
DOON
INTERNATIONAL
SCHOOL
Bathain Road
Kosi Kalan (Mathura)
Kamal Kishor Varshney (Chairman)
Manish Agrawal Kadoniya (Director)
Pankaj Vij (Treasurer)

श्रीराम भरत मिलाप महोत्सव
दशहरा दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
BJP
योगेश पांडेय
निर्भय पांडेय
जिलाध्यक्ष भाजपा मथुरा

SPS INTERNATIONAL ACADEMY, KOSI KALAN
An English Medium Co-educational School, Affiliated to CBSE
@spsinternationalacademy | @Spsia Neenv Website : www.ssseduworld.org | Email : spsinternationalacademy@gmail.com
Near Pashupati Fabrics Ltd., Kosi Kalan - 281403 (Mathura) For More Information : 9275883065, 9275883066
AFFILIATED. NO. 2131126
School Code : 60502
समस्त क्षेत्रवासियों को दशहरा, श्रीराम भरतमिलाप एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ!
12 th Class
Kajal 95.2%
Cynthiya Rao 94.8%
Kanishka Soni 94.2%
Mohak Kumar 94%
Renu Sharma 93.6%
10 th Class
Drishti (97.2%)
Prithvi 96%
Abhay 94.8%
Divyanshi 92.2%
Manvi 91.2%



सोनू अग्रवाल
मो. 7500309500
शिवम, विकल्प,
हर्ष, तुषार,
चिरागवीर

Goyal Hospital
JOINT REPLACEMENT
Move Better | Live Better
बिना इम्प्लांट
इम्प्लांट के साथ
सटीक सर्जरी
कम दर्द
तेज़ रिकवरी
बेहतर मूवमेंट
Dr. Aman Goyal
Robotic Joint Replacement Surgeon
MBBS (Gold Medalist), MS Ortho (Gold Medalist), DNB (Gold Medalist), MNAMS, MRCS (Glasgow)
Goyal Hospital
Thana Road, Infront of Nagar Palika, Kosi Kalan, Chhata (Mathura) 281403 (U.P.)
7900-299-245

श्रीराम भरत मिलाप मेला
एवं दीपावली
की सभी नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
मां नर्मदा फिलिंग स्टेशन इंडियन ऑयल
नंदगांव रोड हरीपुरा कोसीकलां
नंदगांव इंडेन गैस एजेंसी, बिजवारी रोड नंदगांव
हरीसिंह पटेल
मो. 8057041000
राहुल पटेल
मो. 9643541000
निखिल गुर्जर
मो. 9999968672

श्रीराम भरत मिलाप मेला
एवं दीपावली की सभी नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल जैन
समन्वयक
गिर्राज चौधरी
अध्यक्ष
खगेन्द्र सिंह
संयोजक
हैप्पी गर्ग
मंत्री
निवेदक : श्रीराम लीला संस्थान, कोसकलां (मथुरा)

Congratulations on the Shri Ram Bharat Milap Mela
JINDAL SAW LTD.
KOSIKALAN Ph: 05662-232001- 232003
Total Pipe Solutions: I.SAW. HSAW, Seamless Tubes. DI Pipes. Steel Plates
Now all your requirements of large diameter, think wall pipes required for transportation of Oil, Gas & Water fabrication of Ocean Platform, Conductor Casing Pipe and Hot Pulled Bends can be made Idigenously.
PIPE MILL CAPABILITIES

	Kosikalan	Kosi Kalan	Port Mundra	Port Mundra	Port Mundra			Port Mundra	Maharashtra
	Mathura, U.P.	Mathura, U.P.	Nanakapaya Gujrat	Samaghogha Gujrat	Samaghogha Gujrat	Bellary, Karnataka	Indore Madhya Pradhes	Samaghogha, Gujrat	Nashik Maharashtra
PIPE TYPE	SPIRAL/ HSAW	SS/SEAMLESS	UOE & J-C-O/ L.SAW	J-C-O/LSAW	SPIRAL/HSAW	SPIRAL/HSAW	SPIRAL/HSAW	DI PIPES	Seamless Tubes & Pipes of Carbon, Alloy & Stainless Steel Hot & Cold finish
DIAMETER	18"-120"	6-152 mm & 0.23-72"	16"-60"	16"-47"	18"-120"	20"-150"	18"-120"	80-1200 MM	6-177.7mm
THICKNESS	Upto 1.0"		Upto 2.0"	Upto 1.0"	Upto 1.0"	Upto 1.0"	Upto 1.0"	Upto 13-50 MM	1-25 mm
GRADES	API X-80 & Is 3589 Grades	Carbon, Alloy & Stainless Steel	X-80 including NACE & other equivalent Grades	X-80 including NACE & other equivalent Grades	X-80 including NACE & other equivalent Grades	API X-80 & IS 3589 Grades	IS 3589 Grades	K-9/K-7 Grades	Carbon, Alloy & Stainless Steel